

■ लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप हैं भाई भतीजावाद और खुदगर्जी : शीर्ष कोर्ट - 12




■ शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 283 अंक चढ़ा - 12



■ दोनों पक्षों के बीच बनी आम सहमति, अब तैयार होगा समझौते का मसौदा - 13



■ जम्मू-कश्मीर ने रणजी के फाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास - 14


आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.42
सूर्यास्त 06.04

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष द्वितीया 03:59 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 19 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 15, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत एआई में असाधारण सफर की ओर, हम इसमें भागीदार बनने को प्रतिबद्ध : पिचाई

- गूगल सीईओ ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव' की घोषणा की

AI IMPACT SUMMIT भारत 2026 INDIA

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में गूगल के सीईओ के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में एक 'असाधारण सफर' पर अग्रसर है और कंपनी देश के इस एआई बदलाव में भागीदार बनने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पिचाई ने कहा, एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। उन्होंने स्वास्थ्य जांच में सुधार से लेकर किसानों को वास्तविक समय में जानकारी व चेतावनी देने जैसी बड़ी चुनौतियों का व्यापक स्तर पर समाधान करने की इसकी क्षमता पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने उल्लेख किया कि भारत की विविधता, भाषाई परिवेश और मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा इसे नवाचार के लिए एक शक्तिशाली आधार और वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतंत्रीकरण के लिए एक ठोस खाका बनाता है। पिचाई ने इस बात पर जोर दिया कि एआई को अपनाते समय विश्वास, सुरक्षा और समावेशन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। एआई को विभिन्न भाषाओं व स्थानीय संदर्भों में काम करना चाहिए। इसे ऐसे वास्तविक लाभ प्रदान करने चाहिए जिन पर लोग भरोसा कर सकें। विश्वास तब बढ़ता है जब प्रौद्योगिकी पारदर्शी, जिम्मेदार व परिणामों पर आधारित होती है। (संबंधित कारोबार पेज पर)

### गूगल के सीईओ बोले-अगला वैश्विक एआई दिग्गज भारत से निकलने में कोई बाधा नहीं

**नई दिल्ली।** सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत में ऐसा बदलाव हो रहा है जिससे अगला वैश्विक एआई दिग्गज यहीं से निकल सकता है। देश में एआई के लिए अनुकूल परिवेश विकसित हो चुका है और भारत असाधारण स्वदेशी कंपनियां बना रहा है। उन्होंने फ्लिपकार्ट और ओयो जैसी स्टार्टअप कंपनियों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत सफल और असाधारण कंपनियां तैयार कर रहा है। पिचाई ने कहा, यह पहले ही बदल चुका है। जब आप फ्लिपकार्ट और ओयो जैसी कंपनियों को देखते हैं, तो ये सभी यहीं की स्वदेशी कंपनियां हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। बेंगलुरु जैसे केंद्रों में डेवलपर की ऊर्जा अद्वितीय है और यहां का उद्यमिता परिवेश फलता-फूलता है। पिचाई ने एआई क्षेत्र में प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि सर्वम जैसी कंपनियों द्वारा स्थानीय एआई मॉडल विकसित करना यह दर्शाता है कि उन्नत नवाचार अब घरेलू स्तर पर हो रहा है।

### भारत-अमेरिका के बीच समुद्री केबल बिछाएगी गूगल, 3 करोड़ डॉलर के साइंस चैलेंज की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत की एआई क्षमता पर बड़ा दांव लगाते हुए गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को भारत, अमेरिका और अन्य स्थानों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए समुद्र के भीतर केबल बिछाने की एक नयी पहल की घोषणा की। इसके साथ ही 800 जिलों के दो करोड़ से अधिक लोक सेवकों को क्लाउड अवसंरचना मंच सहायता प्रदान करने के लिए साझेदारी की भी घोषणा की। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए पिचाई ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद कहा, एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। भारत जैसे देशों के लिए यह पुरानी कमियों को दूर करने और नए अवसर पैदा करने का एक बड़ा मौका है। शोध एवं वैज्ञानिक नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए गूगल ने तीन करोड़ डॉलर के एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज की घोषणा की। यह पहल अगली पीढ़ी की वैज्ञानिक खोजों में लगे एआई शोधकर्ताओं का समर्थन करेगी।

### रोबोटिक डॉग विवाद के बाद गलगोटिया समिट से बाहर

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के गलगोटिया विश्वविद्यालय को समिट में प्रदर्शित एक चीन-निर्मित रोबोटिक डॉग को अपना नवाचारी उत्पाद कहकर पेश किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर उठे विवाद के बीच बुधवार को अपना स्टॉल खाली करने के लिए कह दिया गया। ग्रेटर नोएडा स्थित विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में इस रोबोटिक डॉग को अपने स्तर पर विकसित उत्पाद बताया था, जबकि वह असल में चीन की कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स का उत्पाद निकला। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

## ब्रीफ न्यूज

### आई-पैक छापेमारी ईडी की याचिका पर सुनवाई 18 मार्च को

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को ईडी की उस याचिका पर सुनवाई 18 मार्च तक स्थगित कर दी जिसमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी शामिल हैं, ने आई-पैक कार्यालय और उसके निदेशक के परिसर में कथित कोयला चोरी घोटाले के संबंध में ईडी के छापे के दौरान बाधा डाली। पीठ ने उस वक्त मामले की सुनवाई स्थगित की जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि दिन के दौरान जवाब दाखिल किया जाएगा।

### गर्भवती पत्नी का कैंची से गला काटने वाला चार्टर्ड अकाउंटेंट गिरफ्तार

**झज्जर।** एक चार्टर्ड अकाउंटेंट को अपनी गर्भवती पत्नी की कैंची से गला काटकर हत्या करने और इसे लूटपाट की कोशिश का रूप देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, अंशुल धवन (31) ने पिछले साल सितंबर में महक (27) से शादी की थी। दोनों गुरुग्राम में काम करते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार रात को पुलिस को यूचना मिली कि कुछ अज्ञात लोगों ने अंशुल को लूटने की कोशिश की, उसकी कार छीन ली और उसकी पत्नी का अपहरण कर लिया।

### दिल्ली दंगा: जमानत नहीं देने के खिलाफ सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में एक आरोपी को जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। पीठ ने आरोपी अब्दुल खालिद सैफी की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान, पीठ ने कहा कि आरोपी मामले में पांच सह-आरोपियों को जमानत देने के पिछले महीने के शीर्ष अदालत के फैसले के साथ समानता का दावा नहीं कर सकता। याची की ओर से पेश वकील से कहा, अगर आप हमारे फैसले पर समानता का दावा कर रहे हैं, तो हम सीधे मना कर देंगे।

# निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना रेप का प्रयास ही माना जाएगा

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसे रेप की तैयारी बताया था, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला पलटा

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक विवादास्पद आदेश को रद्द करते हुए कहा है कि निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार का प्रयास है। हाईकोर्ट ने अपने विवादित आदेश में कहा था कि निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार करने की केवल तैयारी हैं।

सीजेआई सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि विवादित आदेश को आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेकर दायर याचिका पर 10 फरवरी को यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने याचिका में इलाहाबाद हाईकोर्ट के इस आदेश का संज्ञान लिया है कि केवल निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध के बराबर नहीं है। उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत ने रद्द कर दिया और मामले के दो आरोपियों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज बलात्कार के प्रयास के मूल कड़े आरोपों को बहाल कर दिया। पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय के इस निष्कर्ष से सहमत नहीं हो सकते कि इस मामले में आरोप केवल तैयारी से संबंधित थे और वे बलात्कार करने का प्रयास का नहीं थे। उसने कहा, आरोपियों द्वारा किया गया प्रयास हमें स्पष्ट और अनिवार्य रूप से इस निष्कर्ष पर पहुंचाता है कि शिकायतकर्ता और अभियोजन पक्ष द्वारा बलात्कार के प्रयास से संबंधित प्रावधान लागू किए जाने का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। विवादित निर्णय आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि इन आरोपों को सरसरी तौर पर देखने पर भी इस बात को लेकर रत्ती भर संदेह की गुंजाइश नहीं रहती कि जो मामला बनता दिख रहा है, वह यह है कि आरोपियों ने आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत अपराध करने के पूर्व निर्धारित इरादे से ये हरकतें कीं। पीठ ने कहा, 17 मार्च, 2025 का विवादित फैसला रद्द किया जाता है और 23 जून, 2023 का वह मूल समन आदेश बहाल किया जाता है जो विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), कासगंज ने पारित किया था। उसने साथ ही कहा, यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि इस न्यायालय ने इस फैसले में जो टिप्पणियां की हैं, वे केवल शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत मामले के प्रथम दृष्टया परिप्रेक्ष्य में की गई हैं और इन्हें आरोपियों की दोषसिद्धि को लेकर किसी प्रकार की राय नहीं समझा जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने 17 मार्च 2025 को कहा था कि किसी लड़की के निजी अंग पकड़ना व पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार का मामला नहीं है।

### न्यायाधीशों के नजरिये पर दिशानिर्देश बनाने के लिए समिति गठित करे राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी : शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक दृष्टिकोण में संवेदनशीलता विकसित करने की जरूरत का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को निर्देश दिया कि वह यौन अपराध के मामलों की सुनवाई करने वाले न्यायाधीशों के नजरिये को लेकर दिशानिर्देश तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करे। शीर्ष अदालत ने भोपाल स्थित अकादमी को 'यौन अपराधों और अन्य संवेदनशील मामलों के संदर्भ में न्यायाधीशों और न्यायिक प्रक्रियाओं में संवेदनशीलता और करुणा विकसित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करना' विषय पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने 10 फरवरी को पारित आदेश में कहा कि संवैधानिक अदालतों ने विभिन्न कदम उठाए हैं लेकिन अब तक के प्रयासों से कोई लाभ नहीं हुआ है।

# शिक्षा-स्वास्थ्य सबको सुलभ हो, ये व्यवसाय नहीं : भागवत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पश्चिमी शिक्षा मॉडल ने भारत की मौलिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया
- शोध, संस्कृति धर्म और पर्यावरण पर संघ प्रमुख का व्यापक दृष्टिकोण

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य समाज की मूलभूत आवश्यकताएं हैं और इन्हें व्यवसाय नहीं बनाया जा सकता। ये सुविधाएं सबके लिए सुलभ होनी चाहिए। वे बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे।

डॉ. भागवत ने कहा कि पश्चिमी देशों ने भारत की पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था को हटाकर अपनी प्रणाली थोपी, जिससे उनके लिए काम करने वाले काले अंग्रेज तैयार हो सकें। अंग्रेजों द्वारा शिक्षा व्यवस्था में जो विकृति लाई गई, उसे ठीक करना आज की आवश्यकता है। वैश्वीकरण पर टिप्पणी करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि आज वैश्वीकरण का अर्थ बाजारीकरण तक सीमित हो गया है, जो खतरनाक प्रवृत्ति है। भारत की सोच वसुधैव कुटुंबकम् की है, जहां पूरे विश्व को एक परिवार माना जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक सभी सुखी नहीं होंगे, तब तक कोई एक व्यक्ति भी सुखी नहीं हो सकता। उपभोगवादी जीवन के बजाय संयम और त्याग का जीवन ही भारतीय संस्कृति का मूल है। पश्चिमी देशों ने जड़वाद फैलाया है, जहां बलशाली बनकर जीने और बाधा बनने वालों को मिटाने की सोच हावी है। उन्होंने कहा कि आज विश्व की समस्याओं का समाधान भारत के पास है, लेकिन विश्व गुरु बनने के लिए सभी क्षेत्रों में शक्तिशाली बनना होगा। संघ के उद्देश्य पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य भारत को परम वैभव सम्पन्न बनाना है।

### शोध की भूमिका अहम

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत की दिशा और दशा बदलने में शोध की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सत्यपरक और प्रामाणिक शोध के बिना देश को सही मायनों में समझा नहीं जा सकता। उन्होंने शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे तन-मन-धन से, निःस्वार्थ भाव से और पूर्ण प्रामाणिकता के साथ देशहित में शोध करें। उन्होंने कहा कि संघ को लेकर बहुत दुष्प्रचार होता है, ऐसे में शोधार्थियों का दायित्व है कि वे सत्य को सामने लाएं।

### धर्म शाश्वत और सर्वव्यापी

भागवत ने कहा कि धर्म का स्वरूप शाश्वत है और सृष्टि जिन नियमों से चलती है, वही धर्म है। कोई भी कण धर्मनिरपेक्ष नहीं हो सकता। धर्म सभी को सुख पहुंचाने वाला है। आचरण देश, काल, परिस्थितियों के अनुसार बदलता है, धर्म का मूल भाव अपरिवर्तित रहता है सबके साथ मिलकर जीना।

# फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के निर्माता निर्देशक, कलाकारों पर रिपोर्ट दर्ज

- फिल्म रिलीज होने पर सिनेमाघरों में विरोध प्रदर्शन की चेतावनी

**संभल।** फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। तहसील गुन्नौर क्षेत्र के धनारी थाना में गांव भकरौली निवासी अरविंद कुमार की तहरीर पर फिल्म निर्माता संदीप तोमर, निर्देशक अंकित भड़ाना, अभिनेत्री प्रगति तिवारी व अभिनेता विशाल मोहन पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

अरविंद ने तहरीर में कहा गया कि फिल्म से यादव समाज की छवि धूमिल होती है। फिल्म में यादव समाज की लड़की और दूसरे समुदाय के युवक की प्रेम कहानी को आपत्तिजनक ढंग से प्रस्तुत कर हमारी संस्कृति को ठेस पहुंचाई गई है। यादव समाज को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि फिल्म रिलीज हुई तो सिनेमाघरों में प्रदर्शन का विरोध किया जाएगा। धनारी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पर्ल ग्रुप के खिलाफ 10,000 करोड़ की कुर्की के आदेश

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को कहा कि उसने चंडीगढ़ स्थित पीएसीएल (पर्ल्स ग्रुप) के खिलाफ धन शोधन की जांच के तहत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 247 अचल संपत्तियों पर शिकंजा कसते हुए अब तक का सबसे बड़ा एकल कुर्की आदेश जारी किया है। इस समूह पर 48,000 करोड़ रुपये की पोंजी योजना को अंजाम देने का आरोप है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि पीएमएलए के तहत अस्थायी रूप से जब्त की गई संपत्तियां पंजाब के एसएएस नगर (मोहाली), रूपनगर और जीरकपुर में स्थित हैं। कुर्क की गयी 247 संपत्तियों की पहचान निवेशकों के धन से अधिग्रहित संपत्तियों के रूप में की गई है।

# रास की 37 सीटों पर चुनाव 16 मार्च को

- इनमें 25 सीटें विपक्ष, एनडीए की 12, पवार, सिंघवी का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की 37 सीट पर 16 मार्च को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत रहने की संभावना है क्योंकि जिन 10 राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं, उनमें से छह में पार्टी की सरकार है या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। कुल 37 सीट दो और नौ अप्रैल को रिक्त होने वाली हैं।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन राज्यों में ये सीट रिक्त हो रही हैं उनमें महाराष्ट्र (7सीट), ओडिशा (4), तेलंगाना (2), तमिलनाडु (6), छत्तीसगढ़ (2), बंगाल (5), असम (3), हरियाणा (2), हिमाचल प्रदेश (1) व बिहार (5) शामिल हैं। चुनाव के लिए अधिसूचनाएं 26 फरवरी को जारी की जाएंगी। स्थापित परंपरा के अनुसार, 16 मार्च को मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना की जाएगी। महाराष्ट्र, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा और असम में भाजपा की सरकारें हैं या वह सत्तारूढ़ गठबंधन में साझेदार है। इससे पार्टी को उच्च सदन में बहुमत हासिल करने में मदद मिलेगी।

वहीं, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में, विपक्षी पार्टियां सत्ता में हैं। महाराष्ट्र में, यदि विपक्षी महाविकास आघाडी एकजुट होकर चुनाव लड़ता है।

# बसपा अकेले लड़ेगी विस चुनाव : मायावती

- सपा, कांग्रेस व भाजपा को बताया डा. आंबेडकर विरोधी
- मायावती ने पत्रकार वार्ता में बंगला मिलने पर भी की स्थिति साफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि बसपा वर्ष 2027 के विधान सभा चुनावों में अकेले ही मैदान में उतरेगी। जब भी बसपा ने गठबंधन किया तो उसका भारी नुकसान पार्टी को हुआ। उन्होंने सपा, कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधते हुए आंबेडकर की विचारधारा का विरोधी बताया।

साथ ही दिल्ली में मिले बंगले के बारे में सफाई देते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा के मद्देनजर कांग्रेस सरकार के समय से ही केंद्र सरकार से टाइप-8 स्तर का बंगला मिलता रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि पिछले कुछ समय से बसपा द्वारा अन्य दलों से गठबंधन करने की अफवाहें फैलाई जा रही हैं जो पूरी तरह निराधार हैं। गठबंधन से उन्हें कभी भी फायदा नहीं हुआ। इसके विपरीत बड़ा सियासी नुकसान उठाना पड़ा। गठबंधन के दलों ने उनका वोट तो ले लिया, लेकिन अपना वोट बसपा को ट्रांसफर नहीं किया। उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि 9 अक्टूबर-25 को आयोजित विशाल रैली में भी किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करने की घोषणा की थी। मायावती ने दिल्ली में आवंटित बंगले के बारे में फैलाई जा रही कथित खबरों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। कहा कि सपा सरकार के समय वर्ष 1995 में लखनऊ के स्टेट गेस्ट हाउस में उन पर किए गए हमले के बाद से ही केंद्र सरकार द्वारा उच्च स्तर की सुरक्षा के साथ ही टाइप-8 बंगला मिलता रहा है। कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, विपक्षी दल घिनौनी साजिशें करके दुष्प्रचार करते रहेंगे, जिससे बसपा को सत्ता से दूर रखा जा सके।

**नाराजगी** | विधानसभा अध्यक्ष ने कहा– विधायकों को सम्मान देना अनिवार्य

# फोन न उठाने वाले अधिकारियों का व्यवहार संवैधानिक नहीं : महाना

- शिक्षा मित्रों की उपेक्षा, मुफ्त बिजली, मनरेगा, ट्रांसफर और बजट पर गरमाई विधानसभा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** विधानसभा में बुधवार को जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के संबंधों, मुफ्त बिजली, शिक्षा मित्र, मनरेगा, ट्रांसफर नीति, बिजली व्यवस्था और बजट जैसे अहम मुद्दों पर विधायकों-मत्रियों में तीखी बहस हुई। वहीं, जिलों में अधिकारियों द्वारा विधायकों के फोन न उठाए जाने के मामले में विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना ने अपना निर्णय सुनाते हुए कहा कि अधिकारियों का यह आचरण संवैधानिक योजना के अनुरूप नहीं है।

महाना ने स्पष्ट किया, संविधान के अनुच्छेद 164 के अंतर्गत मंत्रिपरिषद राज्य विधानसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी है। जनहित के कार्यों के लिए संपर्क किए जाने पर अधिकारियों का दायित्व है कि वे सदन के सदस्यों को समुचित सम्मान दें और उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान करें। उन्होंने चेताया कि शासनादेशों का पालन न करना अधिकारियों की सेवा नियमावली का उल्लंघन है और ऐसी स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से अनुरोध किया कि शासन स्तर से इस संबंध में जारी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि सदन के विशेषाधिकार या किसी सदस्य की अवमानना की स्थिति उत्पन्न न हो। इसी दौरान मुफ्त बिजली का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। भाजपा और समाजवादी पार्टी के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। मुफ्त बिजली को लेकर सरकार की नीतियों और दावों पर सवाल खड़े किए, जबकि भाजपा ने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। कुछ देर के लिए सदन में शोर-शराबे की स्थिति भी बनी। सरकार की ओर से इस पर स्थिति की समीक्षा और आवश्यक सुधार का भरोसा दिलाया गया। सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने मनरेगा कानून में बदलाव के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज, गिरफ्तारी और नजरबंदी का मुद्दा उठाया।

### माता प्रसाद के आरोपों को खन्ना ने किया खारिज

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि विरोध करना संवैधानिक अधिकार है और सरकार का रवैया अधिनायकवाद की ओर बढ़ता जा रहा है। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सरकार विपक्ष के अधिकारों का हनन नहीं कर रही है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में विपक्ष के साथ इससे कहीं कठोर व्यवहार हुआ है।

न्यूज ब्रीफ

## मुख्यमंत्री ने रमजान की दीं शुभकामनाएं



**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पवित्र रमजान माह के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि रमजान का पावन महीना आत्मसंयम, धैर्य और ईश्वर की इबादत का प्रतीक है। योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से अपील की कि रमजान के पवित्र अवसर पर समाज में आपसी सद्भाव, शांति और सौहार्द को और मजबूत करने का संकल्प लें तथा जरूरतमंदों की सहायता कर मानवता की सेवा में योगदान दें। उन्होंने कामना की कि यह पवित्र माह सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए तथा प्रदेश में अमन-चैन और भाईचारे का वातावरण और अधिक सुदृढ़ हो।

## आगरा किले में गूंजेगी शिवाजी की शौर्य गाथा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ताजनगरी आगरा एक बार फिर छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, स्वाभिमान और पराक्रम की गाथाओं से गूंजने जा रही है। गुरुवार को उनकी 396वीं जयंती के अवसर पर ऐतिहासिक आगरा किला में लगातार चौथे वर्ष भव्य 'शिव जयंती उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार सहित कई गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी रहेगी। आयोजक संस्था 'अजिंक्य देवगिरी प्रतिष्ठान' के अध्यक्ष विनोद पाटिल ने बताया कि आगरा किले में उन्होंने औरंगजेब की कैद से बुद्धिमत्ता के साथ निकलकर मुगल सत्ता को करारा जवाब दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित भव्य लेजर शो होगा।

## कौशल कनेक्ट सेल गठित, मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उप्र. कौशल विकास मिशन ने 'कौशल कनेक्ट सेल' का गठन किया है। इसका उद्देश्य प्रदेश में निवेश करने वाले बड़े उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षित वर्कफोर्स उपलब्ध कराना है। यह सेल इन्वेस्ट यूपी और कौशल विकास मिशन के बीच समन्वय स्थापित करेगी। यह जानकारी देते हुए बुधवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रशिक्षण और रोजगार प्रक्रिया को गति देने के लिए स्पीडअप-पीएमयू को जोड़ा गया है, जो निवेशकों के साथ रियल-टाइम समन्वय करेगा।

## सीड पार्क के लिए 51.33 करोड़ स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने और संरचनात्मक सुधार के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं के लिए 65.15 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इनमें राजधानी लखनऊ स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र अटारी में 'भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सीड पार्क' की स्थापना के लिए 51.33 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को बताया कि सीड पार्क की स्थापना से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले उन्नत बीज उपलब्ध होंगे। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन' (एसएमएई) के अंतर्गत 9.05 करोड़ रुपये तथा 'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल' (तिलहन विकास) के लिए 4.68 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

# शिक्षामित्रों के मुद्दे पर सरकार को घेरा

## सदन में सपा विधायक का भावुक बयान, कोर्ट में गलत हलफनामा देने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** विधानसभा में सपा विधायक ओम प्रकाश सिंह ने शिक्षामित्रों की स्थिति को लेकर भावुक और आक्रामक अंदाज में सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों को सपा सरकार ने सहायक अध्यापक बनाया, जबकि भाजपा सरकार की ओर से न्यायालय में गलत हलफनामा देने हजारों शिक्षामित्रों की नियुक्तियां एक झटके में निरस्त हो गईं और उनके परिवारों पर भारी आर्थिक संकट आ गया। पिछले 9 साल से शिक्षा मित्रों को सिर्फ 10 हजार रुपये ही मिल रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के विधायक ओम प्रकाश सिंह ने शिक्षामित्रों की स्थिति उठाते हुए कहा कि एक ही स्कूल में एक शिक्षक को 70-80 हजार रुपये वेतन मिल रहा है, जबकि शिक्षामित्रों को मात्र 10 हजार रुपये में काम करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ रहे हैं, कई लोग निराशा में आत्महत्या तक कर चुके हैं, लेकिन सरकार ठोस समाधान नहीं दे पा रही है। ओम प्रकाश सिंह ने 2018 की नियुक्तियों का भी जिक्र करते हुए कहा कि 68 हजार और 69,500 सहायक अध्यापकों की भर्ती हुई, लेकिन शिक्षामित्रों को उसमें समुचित अवसर नहीं मिला। उन्होंने मांग की कि सरकार शिक्षामित्रों के मानदेय और सेवा शर्तों पर स्पष्ट नीति घोषित करे। इसके लिए बनी कमेटी भी कुछ नहीं कर पाई है।

### शिक्षामित्रों के हित में निर्णय लेगी सरकार

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप शिक्षामित्रों को 5 लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा से जोड़ा गया है। साथ ही, उन्हें गृह जनपद के आसपास तैनाती की व्यवस्था भी की गई है। मंत्री ने कहा कि 2012 से 2017 के बीच सपा सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय नहीं बढ़ाया, जबकि वर्तमान सरकार ने 3500 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया है। मंत्री के दावे पर फिर खड़े होते हुए ओम प्रकाश सिंह ने सरकार से मानदेय बढ़ाने और स्थायी समाधान की मांग दोहराई।

विधान सभा कार्यवाही

**सरकार अधिग्रहीत करेगी गांधी आश्रम की जमीन :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मेरठ में गांधी आश्रम की जमीन पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि जमीन पर लगातार कब्जे की कोशिश की जा रही है, जो कि हमारे पूर्वजों के खून-पसीने की है। इस पर चर्चा की जाए, जिससे कि वस्तुस्थिति सामने आ सके। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि खादी आश्रम की जमीन को सपा सरकार में कुछ लोगों को समझौते के तहत दिया गया था, जिसे अब सरकार ने अपने पक्ष में अधिग्रहीत करने का मन बनाया है। मामले में लीगल राय ली जा रही है। जिन लोगों को जमीन दी गई थी, उन्होंने कॉलेज बनाने की बात की थी, पर नहीं बनाया।

# विधान परिषद में निजीकरण पर हंगामा, सपा सदस्यों का वॉकआउट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रम मंत्री अनिल राजभर ने सदन में किया दावा, अगले 5 साल में दूसरे प्रांतों से युवा यूपी में आएंगे नौकरी करने
- विपक्ष का आरोप : निजीकरण से सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र में नियमित पद हो रहे समाप्त

**अमृत विचार :** बजट सत्र के दौरान बुधवार को विधान परिषद में सरकारी संस्थाओं के निजीकरण के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। प्रश्नकाल के बाद सपा के सदस्यों ने नियम-105 के अंतर्गत यह विषय उठाते हुए राज्य सरकार पर युवाओं के रोजगार के अवसर खत्म करने का आरोप लगाया। जवाब में सरकार ने कहा कि ऐसी योजनाएं बनायी जा रही हैं कि अगले 5 साल में महाराष्ट्र, तमिलनाडु आदि अन्य प्रांतों के युवा नौकरी के लिए उत्तर प्रदेश आएंगे। सरकार के जवाब से असंतुष्ट नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव समेत अन्य सपा सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए।

सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यवाही शुरू होने के बाद सपा के किरण पाल कश्यप, डॉ. मान सिंह और आशुतोष सिन्हा ने कहा कि निजीकरण की नीतियों से सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र में नियमित पद समाप्त हो रहे हैं, जिससे आरक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उनका आरोप था कि निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए श्रम कानूनों को कमजोर किया जा रहा है।

नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने सरकारी संस्थाओं में बिजली विभाग के निजीकरण का भी मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं, विशेषकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की अरबों-खरबों रुपये की परिसंपत्तियों का समुचित मूल्यांकन किए बिना निजीकरण की आड़ में पूंजीपतियों को औने-पौने दाम पर सौंपने की तैयारी है।

### सरकार ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

श्रम मंत्री अनिल राजभर ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से 2017 के बीच सपा सरकार ने केवल 1.39 लाख युवाओं को रोजगार दिया था, जबकि वर्तमान सरकार अब तक 8.45 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रोजगार के और अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग की समस्या के समाधान के लिए निगम का गठन किया जा रहा है और उसमें आरक्षण व्यवस्था लागू की जाएगी। साथ ही यह भी दावा किया कि प्रत्येक कर्मचारी के घर कम से कम 16 हजार रुपये मासिक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एटीएस स्थापित होने तक पुरानी व्यवस्था लागू रहे : मानवेंद्र सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

विधान परिषद

**अमृत विचार :** विधान परिषद में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान वाहनों की फिटनेस जांच व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। भाजपा सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह ने 1 जनवरी से पुरानी फिटनेस व्यवस्था बंद कर निजी कंपनियों के माध्यम से स्वचलित वाहन परीक्षण स्टेशन (एटीएस) लागू किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ऐसे में पुरानी व्यवस्था बंद कर देने से वाहन स्वामियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा सदस्य ने कहा कि नियमानुसार प्रत्येक जिले में तीन-तीन एटीएस स्थापित होने थे, लेकिन अभी सभी जिलों में यह व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी है। खासकर स्कूल बस, अस्पताल और एंबुलेंस जैसे आवश्यक सेवा वाहनों की फिटनेस प्रभावित हो रही है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने जवाब में स्पष्ट किया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार एटीएस स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल, स्कूल व एंबुलेंस वाहनों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा गया है। नियमानुसार जल्द ही सभी जिलों में एटीएस स्थापित कर दिए जाएंगे। इस पर सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने निर्देश दिया कि जब तक सभी जिलों में एटीएस स्थापित नहीं हो जाते, तब तक पुरानी फिटनेस व्यवस्था जारी रखी जाए।

### शिक्षा सेवा चयन आयोग की धाराओं पर उठे सवाल

शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने नियम 105 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन के बाद शिक्षकों की सेवा शर्तों से संबंधित धाराओं 18 और 21 को समाप्त किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आयोग अधिनियम की धारा 11 (छ) में प्रावधान है कि यदि प्रबंध तंत्र या नियुक्ति प्राधिकारी नियुक्ति पत्र जारी करने में विफल रहता है तो संबंधित पद समाप्त कर दिया जाएगा। उनका कहना था कि यह व्यवस्था विद्यालयों के अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने आश्वस्त किया कि शिक्षा सेवा चयन आयोग में शिक्षकों का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। जवाब से असंतुष्ट होकर त्रिपाठी ने बहिष्कार की बात कही, लेकिन सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह द्वारा नेता सदन की अध्यक्षता में गठित समिति में विषय रखकर समाधान कराने के आश्वासन पर वे संतुष्ट हो गए। बाद में यह मामला सरकार को संदर्भित कर दिया गया। निर्दलीय सदस्य डॉ. आकाश अग्रवाल ने आगरा की यातायात व्यवस्था का मुद्दा उठाया। नेता सदन एवं उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि मेट्रो परियोजना और अन्य विकास कार्यों के कारण यातायात प्रभावित हुआ है, जिसे जल्द और व्यवस्थित कराया जाएगा।

### दो संशोधन विधेयक हुए पारित

प्रमुख सचिव ने सदन की मेज पर उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 तथा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2026 प्रस्तुत किए। दोनों विधेयक पारित हो गए।

### पूर्व सदस्य के निधन पर शोक

सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने पूर्व विधान परिषद सदस्य विन्ध्यवासिनी कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया। सदन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कुछ क्षण खड़े होकर मौन धारण किया।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के एटीएल ग्राउंड के पास बुधवार भोर पुलिस और 50 हजार रुपये के इनामी अंतरजनपदीय बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। पुलिस ने घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया। देहात कोतवाली के भुपियामऊ निवासी अतुल गौड़ उर्फ राजा पर सुल्तानपुर, जौनपुर और प्रतापगढ़ में गैंगस्टर एक्ट, चोरी, लूट, हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी एवं आयुध अधिनियम सहित तीन दर्जन से अधिक मामले दर्ज होने के कारण पुलिस ने जनवरी में उसके खिलाफ गैंगस्टर दर्ज किया था। वह फरार हो गया तो पुलिस ने उस पर 50 हजार का इनाम घोषित कर दिया। एसओ पुष्पराज सिंह मंगलवार आधीरात एसआई अखिलेश प्रताप, अतुल तिवारी, रोहित सिंह, जय किशन, वरुण कुमार सिंह के साथ एटीएल मैदान के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी मौके पर पहुंचे युवक को रोका तो वह पुलिस पर फायर करने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में वह बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा बरामद कर उसे हिरासत में ले लिया।

## साइबर शातिर ने बैंक खाते से उड़ाए 50 हजार रुपये

**संग्रामगढ़, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के पुरैली मखदूमपुर गांव निवासी राजकुमार पटेल का बचत खाता भारतीय स्टेट बैंक की बाबागंज शाखा में है। बिना कोई विड्रॉल फॉर्म भरे अथवा चेक लगाए साइबर शातिर ने उनके खाते से तीन बार में 50 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर रुपये कटने का मैसेज देखने के बाद खाता धारक को जानकारी हुई तो हड़कम्प मच गया।

# सीसीटीवी में गड़बड़ी पर डीएम ने जताई नाराजगी

संवाददाता, प्रतापगढ़




**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा सख्त सुरक्षा के बीच शुरू हुई। पहले दिन पहली पाली में हुई हाईस्कूल हिंदी में 3946 तथा इंटर हिंदी में 3463 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। परीक्षा का मंडलीय पर्यवेक्षक सहित आठ सचल दल ने जायजा लिया। डीएम ने सीसीटीवी कैमरे ठीक से काम न करने पर डीआईओएस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। सीसीटीवी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा पहली पाली में बुधवार सुबह 8:30 बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच जिले के सभी 166 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। हाईस्कूल (हिंदी, सामान्य हिंदी) में कुल नामांकित 52,060 परीक्षार्थियों में से 48,114 ने परीक्षा दी। पहली पाली की परीक्षा का मंडलीय पर्यवेक्षक एडी बेसिक प्रयागराज मंडल संजय कुमार कुशवाहा के साथ ही जनपद स्तर पर बनाए गए आठ सचल दल ने जायजा लिया। दूसरी पाली में इंटर हिंदी की परीक्षा में कुल पंजीकृत 47,857 परीक्षार्थियों में से 3463 अनुपस्थित रहे तथा 44,3294 ने परीक्षा दी। डीआईओएस ओमकार राणा ने बताया कि पहले दिन दोनों पाली की परीक्षाएं सकुशल संपन्न हो गईं। डीएम ने डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोलरूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान कुछ केंद्रों के सीसीटीवी कैमरे ठीक से काम न करने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने डीआईओएस को सीसीटीवी व्यवस्था दुरुस्त रखने को सख्त निर्देश दिए। डीएम बुधवार को साढ़े 11 बजे डीआईओएस कार्यालय में बनाए गए कंट्रोलरूम का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां स्थापित 13 कंप्यूटर सेटों के माध्यम से विभिन्न परीक्षा केंद्रों की लाइव सीसीटीवी फुटेज देखी। कई केंद्रों पर कैमरे सुचारु रूप से संचालित पाए गए, लेकिन कुछ विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे ठीक से कार्य नहीं कर रहे थे। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को तत्काल सभी कैमरों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।


डिजिटलीकरण

प्रदेश सरकार की बड़ी पहल, 'ज्ञान भारतम मिशन' के तहत संरक्षण को नई दिशा

# सभी जिलों में पांडुलिपि संरक्षण के आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीडीओ नोडल अधिकारी नामित मूल संग्रहकर्ता के पास ही रहेगा स्वामित्व
- डिजिटल प्रकाशन से विश्व पटल पर होगी प्रस्तुति



**अमृत विचार:** भारतीय ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को सहेजने की दिशा में योगी सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। 'ज्ञान भारतम मिशन' के अंतर्गत प्रदेश में उपलब्ध पांडुलिपियों और दुर्लभ ग्रंथों के वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसके लिए सभी जिलों में पांडुलिपियों को चिन्हित कर संग्रहित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक जिले में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उद्देश्य यह है कि सदियों पुरानी ज्ञान-विरासत को सुरक्षित रखते हुए उसे शोधार्थियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाया जा सके। गोरखपुर के उप निदेशक संस्कृति यशवंत सिंह राठौर के अनुसार, मिशन के तहत सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी व सार्वजनिक पुस्तकालयों तथा व्यक्तियों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों और अन्य ऐतिहासिक दस्तावेजों की पहचान और सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 75 वर्ष से अधिक प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला स्तर पर तैयार सूची संस्कृति विभाग के माध्यम से राजकीय अभिलेखागार को भेजी जाएगी, जहां उच्च गुणवत्ता की स्कैनिंग कर इन्हें डिजिटल स्वरूप दिया जाएगा। डिजिटलीकरण के बाद यह सामग्री ज्ञान भारतम पोर्टल के जरिए आमजन को उपलब्ध होगी। इस मिशन की खास बात यह है कि पांडुलिपियों का स्वामित्व संबंधित संग्रहकर्ता या संस्था के पास ही रहेगा। सरकार केवल उनके संरक्षण और डिजिटल प्रकाशन का कार्य करेगी। लंबे समय से रखरखाव के अभाव में नष्ट होने की कगार पर खड़े अनेक दुर्लभ ग्रंथों के लिए यह अभियान संजीवनी साबित होगा।

## हत्या व साथियों के उत्पीड़न के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

**कुंडा, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** कुछ दिन पहले दो अधिवक्ताओं की हत्या और आए दिन हो रहे अधिवक्ताओं के उत्पीड़न के विरोध में वकीलों ने प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। दि बार एसोसिएशन कुंडा के अध्यक्ष भगवत प्रसाद मौर्य की अगुवाई में बुधवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने रामपुर के अधिवक्ता फारुख अहमद खां, बाराबंकी के अधिवक्ता शोएब किदवई की हत्या पर नाराजगी जताई। आए दिन अधिवक्ताओं के साथ हो रहे उत्पीड़न, मारपीट और अभद्रता पर नाराजगी जताई। हत्यारों के खिलाफ कार्रवाई करने, पीड़ित परिवार को सुरक्षा दिलाने की मांग की।


# कार्यालय जिला पंचायत, शाहजहांपुर

दिनांक: 18.02.2026

## ई-निविदा सूचना

संशोधित निर्माण नियमावली के क्रम में जिला पंचायत, सिचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत शाहजहांपुर द्वारा वर्ष 2025-26 में प्राप्त शासकीय अनुदानों से निम्न कार्यो की अलग अलग ई-निविदा दिनांक 06.03.26 को समय 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। आमंत्रित - निविदायें www.etender.up.nic.in पर अपलोड/डाउनलोड की जा सकती है। ई-निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 06.03.26 को 3.00 बजे से टेंडर समिति के समक्ष खोली जायेंगी ई - निविदा की शर्ते निम्न्वत्त हैं।

1- टेंडर के साथ रजिस्ट्रेशन का प्रमाण, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जी.एस.टी. सर्टिफिकेट, लेबर पंजीकरण, घोषणा पत्र, टेंडर शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त इसकी एक हार्ड कापी कार्यालय में जमा करनी होगी।

2- टेंडर शुल्क "बैंक ऑफ बडौदा" के खाता संख्या 35930100005913 आई.एफ.एस.सी. कोड BARB0VIKBHA में आरटीजीएस अथवा DD के रूप में जमा किया जायेगा।

3- 2 प्रतिशत अर्नेस्टमनी बडौदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक में नगद रूप से उपरोक्त खाते में अथवा FD/NSC मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हों संलग्न करना होगा ।

4- अपूर्ण या सशर्त ई-निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा।

5- सार्वजनिक निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिज कर्म विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

6- पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिए जाने के पश्चात कभी भी यह संज्ञान में आता है कि वह ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, आसामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया जावेगा एवं इस आशय का शपथपत्र 100 रु के स्टैम्प पर टेन्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7- प्रत्येक निविदा के साथ पंजीयन नवीनीकरण की रसीद / पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

8- निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित हैं ।

9- आमंत्रित निविदाओ के कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर जारी किये जायेंगे आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं का विवरण निम्नवत है-

| क्र. | कार्य का नाम | धनराशि GST रहित | 2% धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क मय GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि निर्धारित अवधि अनुबंध के अनुसार |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | वि.खं. पुवायां ग्राम पकडिया हकीम में कल्लू खां के घर से शमीम के घर से होते हुये तालाब तक नाला निर्माण। | 10.61 | 21200 | 1200 | - |
| 02. | वि.खं. बंडा में ग्राम बिरहेमपुर में हाईवे से सी.सी. निर्माण कार्य। | 6.16 | 12300 | 1200 | - |
| 03. | वि.खं. बंडा ग्राम नारायणपुर में नाला निर्माण | 8.13 | 16300 | 1200 | - |
| 04. | वि.खं. बंडा ग्राम मुडिया कुर्मियात में नाला | 11.02 | 22100 | 1200 | - |
| 05 | वि.खं. खुदागंज के ग्राम भूरखेड़ा में सड़क वाली पुलिया तक नाला निर्माण। | 8.36 | 16700 | 1200 | - |
| 06. | वि.खं. बंडा में ग्राम रनमस्तपुर में नाला निर्माण | 11.02 | 22100 | 1200 | - |
| 07. | वि.खं. भावलखेड़ा के ग्राम विझाड़ा हुसैनपुर में नाला | 8.93 | 17900 | 1200 | - |
| 08. | वि.खं. जैतीपुर के ग्राम खमरिया में रिटेनिंग वाल व नाला | 8.27 | 16500 | 1200 | - |
| 09. | वि.खं. जैतीपुर के ग्राम चावरखास में सुलभ शौचालय | 8.20 | 16400 | 1200 | - |
| 10. | वि.खं. भावलखेड़ा के ग्राम सातवां में भद्रकाली मंदिर से रामरतन वर्मा के मकान तक नाला निर्माण। | 8.27 | 16500 | 1200 | - |
| 11. | वि.खं. कलान के ग्राम खजुरी मझरा गयोड़ी में खडंजा | 2.62 | 5200 | 300 | - |
| 12. | वि.खं. कांट ग्राम पटियारी में अवशेष नाला निर्माण | 3.69 | 7900 | 300 | - |
| 13. | वि.खं. तिलहर के ग्राम रजपुरा में नाला निर्माण। | 7.31 | 14700 | 1200 | - |
| 14. | वि.खं. सिंधौली ग्राम मुड़िया पमार में नाली निर्माण। | 7.59 | 15800 | 1200 | - |
| 15. | वि.खं. ददरौल के ग्राम खिरिया हीर में नाला | 3.36 | 6800 | 300 | - |

**संजय सिन्हा**
**अभियंता**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**

**महावीर सिंह यादव**
**अभियंता**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**

# आपस में झगड़ने के बाद बुजुर्ग दंपति ने खाया जहर, दोनों की मौत

## रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के सधवापुर मजरे इब्राहिमाबाद में हुई घटना

**रामसनेहीघाट,बनीकोडर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** क्षेत्र में हुई एक घटना ने सबको हैरत में डाल दिया। आपसी झगड़े के बाद बेटे से अलग रह रहे बुजुर्ग दम्पत्ति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन इन्हे इलाज के लिए ले गए, इनमें एक की मौत जिला अस्पताल में तो दूसरे की लखनऊ में हुई। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।



घटना के बाद घर पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

यह घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सधवापुर मजरे इब्राहिमाबाद में हुई। गांव निवासी श्रीगणेश (65) और उनकी पत्नी कलावती (60) ने मंगलवार देर रात घरेलू कलह से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने के बाद दोनों को तेज उल्टियां होने लगीं। इन्हे इस हालत में देखकर पौत्र ने किसी तरह दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय श्रीगणेश ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल कलावती को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार मृतक दंपत्ति के एक पुत्र पवन और एक पुत्री गीता हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। पवन के एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। बताया जा रहा कि बुजुर्ग दंपत्ति अपने पुत्र से अलग घर में रहकर जीवन यापन कर रहे थे। बहू प्रेमा ने बताया कि घटना के समय वह खेत में सरसों काटने गई थी। बच्चों ने दादा-दादी के उल्टी करने की सूचना दी, जिसके बाद गांव वालों की मदद से उनके पुत्र ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल है। कोतवाली प्रभारी जगदीश शुक्ल ने बताया कि घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर गई थी, जांच की जा रही है।

## महिला से सामूहिक दुष्कर्म, जेवर भी छीने

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार की शाम खेत से घर वापस लौट रही महिला से बाइक सवार दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जेवर भी छीनकर ले गए। बुधवार को परिजनों संग पहुंची पीड़िता ने पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस घटना संदिग्ध बता रही है।

एक गांव की रहने वाली महिला मंगलवार की शाम शौच के लिए पूर्व दिशा में गई थी। आरोप है कि वहां से घर वापस लौटते समय रास्ते में दो बाइकों पर सवार युवकों ने उसे जबरन रोक लिया, फिर सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ सामूहिक रूप से दुष्कर्म किया। आरोपियों ने महिला को धमकाया और सोने की कील व कान की झुमकी छीनकर ले गए। किसी तरह घर पहुंची महिला ने उसके साथ हुई घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिससे परिजन हैरत में पड़ गए। बुधवार सुबह पीड़िता अन्य परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और पूरा घटनाक्रम बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### 1984 बेरोजगारों को मिला जॉब ऑफर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आत्मनिर्भर भारत योजना और उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज में गुरुवार को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 3643 बेरोजगार प्रतिभागियों में से 1984 अभ्यर्थियों को 50 से अधिक निजी क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियों ने जॉब ऑफर प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत राजरानी रावत ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सहायक निदेशक सेवायोजन, प्राचार्य कॉलेज, आईटीआई प्रधानाचार्य, जिला सेवायोजन अधिकारी, अपर सांख्यिकी अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। संचालन सुग्रीव चन्द्र ने किया।

### घर से निकला युवक लापता, हड़कंप

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना रामसनेहीघाट क्षेत्र से एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पूरे कल्याण भवनियापुर खेवली निवासी रमेश पुत्र मोहन लाल वर्मा ने दी गई तहरीर में बताया कि उनका 33 साल का पुत्र बलराम वर्मा उर्फ सोनू 14 फरवरी की शाम घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिवार द्वारा आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के बाद परिवार में चिंता और बेचैनी का माहौल है। युवक की पत्नी और अन्य परिजन बेहद परेशान हैं।

### दामाद संग मिल छोटे भाई को पीटा

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मामूली विवाद को लेकर बड़े भाई ने दामाद के साथ छोटे भाई की पिटाई कर दी। लोनीकटरा पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीतरी निवासी राम सहाय का बुधवार को अपने बड़े भाई अम्बिका से मां के नाम आई पेंशन निकालने को लेकर विवाद हो गया। इस बीच अम्बिका ने अपने दामाद अर्जुन के साथ रामसहाय की पिटाई कर दी।

### नष्ट कराया गया 80 किलो लहन

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** आबकारी इंस्पेक्टर शिवानी सिंह के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने कई गांवों में दबिश दी। इस दौरान लगभग 45 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई और मौके पर करीब 80 किलोग्राम महुआ लहन नष्ट किया गया। टीम ने सिखलीलखपुरवा, सरायननेतामऊ, सुर्रा और रेवढ़ा सहित 17 स्थानों पर छापे मारे। अभियान के तहत दो अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दबिश के दौरान ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया। आबकारी इंस्पेक्टर शिवानी सिंह ने बताया कि कच्ची शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### छेड़छाड़ की दो घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिलाओं व बच्चों के उत्पीड़न से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि वह 16 फरवरी की सुबह खेत की तरफ गई थी, तभी गांव के ही सत्यम पुत्र सुकई ने उसका हाथ पकड़कर गिरा दिया। शोर मचाने पर वह किसी तरह हाथ छुड़ाकर घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। भयवश तत्काल शिकायत नहीं कर सकी, लेकिन दूसरे दिन थाने पहुंचकर तहरीर दी। दूसरा मामला थाना टिकैतनगर क्षेत्र का है। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि गांव का ही प्रदीप पुत्र प्रेमनाथ आए दिन उनके घर के पास गुमटी पर बैठकर उन पर बुरी नजर रखता है तथा उनके नाबालिग पुत्रों को प्रताड़ित करता है। आरोप है कि वह शराब के नशे में गाली-गलौज करता है और बच्चों को परीक्षा न देने देने की धमकी भी देता है।

### पुलिस चौपाल में लोगों को किया जागरूक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बड़गांव में बुधवार को मसौली पुलिस टीम ने चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को अपराध मुक्त गांव बनाने, महिला उत्पीड़न रोकने और साइबर अपराधों से सजग रहने के लिए जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने इंटरनेट सुरक्षा, साइबर ठगी से बचाव और आपसी विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने पर मार्गदर्शन दिया। महिला आरक्षी रेवती ने मिशन शक्ति, एंटी रोमियो और साइबर क्राइम से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की। उपनिरीक्षक राम नायक सिंह और महिला आरक्षी किरन ने सरकारी योजनाओं जैसे सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा एवं विधवा पेंशन समेत ड्रोन संबंधित जानकारी दी।

## अनुशासन के लिए प्रशिक्षण जरूरी : सिंह

**बाराबंकी: अमृत विचार :** कार्यकर्ताओं को तराशने एवं वैचारिक दृष्टि से सशक्त बनाने के लिए भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान शुरू किया है। 7 मार्च से शुरू होने वाले इस अभियान के तहत जिला कार्यालय पर बुधवार को एकदिवसीय जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता बोलते हुए एमएलसी व जिला प्रभारी ई.अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और सेवा भाव से ओत-प्रोत बनाने का माध्यम है। भाजपा जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा, रेहड़ी पटरी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अजीत प्रताप सिंह, संतोष सिंह, एससी-एसटी प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत , पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, शरद अवस्थी, संतोष सिंह,अजीत प्रताप सिंह,अवधेश श्रीवास्तव, अरविंद मौर्य, डॉक्टर राम कुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता, शीलरत्न मिहिर, प्रमोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

# 4554 छात्रों ने किया परीक्षा से किनारा

**यूपी बोर्ड**

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार से हाईस्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का आरंभ हो गया। कुल 110 परीक्षा केन्द्रों पर उहापोह और मामूली गहमागहमी के बीच 72 हजार 809 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी जबकि 4544 ने इससे किनारा किया। दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से निपटी, नकलची तो नहीं मिला पर परीक्षा के दौरान तीन परीक्षार्थी बेहोश हो गए।



एक केंद्र के बाहर लगी परीक्षार्थियों की भीड़। ● अमृत विचार

बताते चलें कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए बाराबंकी में कुल 77363 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, इनमें हाईस्कूल में 42554 जबकि इंटरमीडिएट में कुल 34809 परीक्षार्थी शामिल हैं। कई दिनों से बोर्ड परीक्षा के लिए चल रही तैयारियों को मंगलवार के दिन अंतिम रूप दिया गया। मंगलवार की रात से परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी पर पहुंचे केन्द्र व्यवस्थापकों व कक्ष निरीक्षकों ने भोर तक सब व्यवस्थित किया। बुधवार को निर्धारित समय से पहले से ही परीक्षार्थियों का केन्द्रों पर पहुंचना शुरु हो गया, केन्द्र के मुख्य द्वार पर गहन तलाशी के बाद प्रवेश पत्र देखकर ही सभी को अंदर जाने दिया गया। अपने अपने क्रमांक देखकर वह कक्षा कक्ष में बैठे। इसके बाद परीक्षा का आरंभ हुआ। हालांकि तमाम केन्द्रों पर गहमागहमी व उहापोह का माहौल भी रहा। इसके बाद भी निर्धारित समय पर परीक्षा शुरु कराई गई। परीक्षा सकुशल निपटाने के लिए तैनात किए गए सेक्टर, जोनल, स्टैटिक मजिस्ट्रेट निकट व दूर के परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेते रहे। वहीं पांच सचल दलों ने भी परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। दोनों पालियों में कोई भी नकलची नहीं पकड़ा गया।

**तीन स्कूलों में बेहोश हुए परीक्षार्थी :** बुधवार को परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में तीन परीक्षार्थी बेसुध हो गए। इन्हे तत्काल इलाज के लिए ले जाया गया। शहर के अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामियां इंटर कालेज में पहली पाली में हाईस्कूल की छात्रा साबिया अचानक अचेत हो गई। स्कूल स्टाफ ने इसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कालेज में भी एक छात्र द्वितीय पाली में बेहोश हुआ। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के आधुनिक भारतीय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज भिटरिया में इंटरमीडिएट परीक्षा देने पहुंची एक छात्रा अचानक मुख्य गेट पर बेहोश होकर गिर पड़ी। मौके पर मौजूद शिक्षक और अभिभावक तुरंत सहायता के लिए दौड़े। छात्रा का नाम मानसी पाल 17 पुत्री श्यामलाल, निवासी पूरे मसूर सिद्धौर है जो द्वितीय पाली में हिंदी विषय की परीक्षा देने आई थी।



एमओयू पर हस्ताक्षर करते कुलाधिपति इं. पंकज अग्रवाल व प्रधान सचिव आलोक कुमार।

## एसआरएमयू गरीबों तक पहुंचाएगी योजनाओं का लाभ

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी (एसआरएमयू) ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते के तहत विव राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ को गरीब और वंचित वर्गों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगा। एसआरएमयू इस प्रकार की सरकारी साझेदारी में शामिल होने वाला उत्तर प्रदेश का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय बन गया है। एमओयू पर हस्ताक्षर विवि के कुलाधिपति इं. पंकज अग्रवाल और उत्तर प्रदेश सरकार के नियोजन विभाग के प्रधान सचिव आलोक कुमार द्वारा किए गए। इस अवसर पर कुलपति कर्नल (डॉ.) विजय कुमार तिवारी भी मौजूद रहे। कुलाधिपति इं. पंकज अग्रवाल ने इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। कुलपति कर्नल (डॉ.) विजय कुमार तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति भी प्रतिबद्ध है। सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी।

## स्कूल के गार्ड ने युवक पर किया हमला

**बाराबंकी: अमृत विचार :** थाना सतरिख क्षेत्र के ग्राम शरीफाबाद में एक युवक पर स्कूल के गार्ड ने जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस के सुनवाई न करने पर पीड़ित ने अदालत की शरण ली। शरीफाबाद निवासी दीपक मिश्रा 25 ने न्यायालय में गुहार लगाते हुए कहा कि 28 नवंबर 2025 को गांव के इंटर कालेज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान वह टेंट लगाने का कार्य कर रहा था। उसी कार्यक्रम में मोहित शर्मा नामक युवक गार्ड के रूप में तैनात था। आरोप है कि रात करीब 11:30 बजे मोहित शर्मा नशे की हालत में टेंट के पर्दे फाड़ने लगा। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। स्कूल प्रबंधन के हस्तक्षेप के बाद आरोपी वहां से चला गया। पीड़ित का कहना है कि जब वह कार्यक्रम के बाद घर लौट रहा था, तो गांव के पास बाग के समीप आरोपी ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया।

## पवित्र माह-ए-रमजान की आज से शुरुआत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पवित्र रमजान माह आज से शुरू हो गया है। इसको लेकर मुस्लिम वर्ग में उत्साह है। रमजान की पूर्व संध्या पर शहर से लेकर गांव तक की तमाम मस्जिदों की साफ-सफाई कराई जाती रही। इस दौरान बाजार में भी खरीददारी करते ग्राहको की भी चहल-पहल रही। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने के लिये तमाम पुलिस अधिकारी गश्त करके दिखे।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि रमजान के दौरान मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। तो वहीं नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों की तरफ से मस्जिदों के आसपास चूने का छिड़काव करवाया गया। ईदगाह कमेटी के सदर हाजी मो. उमेर किदवई ने चांद दिखने की तस्दीक की। उन्होंने कहा कि सभी एहतराम से रोजा रखें, साथ ही सहरी और इफ्तार का ख्याल रखें। गुरुवार को पहला रोजा होगा।

**सेवई व फलों की खूब हुई खरीदारी :** मुकद्दस रमजान माह के लिए बाजार सज गए हैं। सहरी व इफ्तार को लेकर किराना, फल व खजूर की दुकानों पर खरीदारी को लेकर भीड़ जुटी रही। फलों की दुकानों पर रोजा व इफ्तार में खासतौर पर इस्तेमाल होने वाला खजूर ज्यादा मात्रा में दिखाई पड़ने लगा है। यह फलों की दुकानों के साथ-साथ सड़क किनारे ठेलों पर भी खूब बिक रहा है। बेगमगंज, निबलेट तिराहे समेत बाजार में सेवइयां, लच्छा, खजूर और ड्राइ फ्रूट्स की भरमार दिखी। बाजार में तरह-तरह के खजूर से लेकर फल और सूखे मेवे की खूब खरीदारी हुई।

**कार्यक्रम** | एसआरजी अवधेश मुख्य अतिथि व जिला स्काउट मास्टर रहे विशिष्ट अतिथि

# कब-बुलबुल उत्सव में बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

**बाराबंकी: अमृत विचार :** विकासखंड बंकी अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बनवा में एक दिवसीय कब-बुलबुल उत्सव का आयोजन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अजिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में एसआरजी अवधेश पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी एवं जिला गाइड कैप्टन ऋतु अग्निहोत्री की गरिमामयी उपस्थिति रही।




कब-बुलबुल उत्सव के दौरान अतिथि, शिक्षक व छात्र। ● अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ कब-बुलबुल बच्चों द्वारा पारंपरिक अंदाज में अतिथियों के स्वागत से हुआ। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कब-बुलबुल प्रार्थना, जंगल डांस, कब ग्रीटिंग, घेरा गीत, बुलबुल ट्री, कब केव, टोटम पोल, बिना बर्तन भोजन, कब कलरव आदि आकर्षक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। बच्चों के उत्साह, अनुशासन और आत्मविश्वास ने सभी उपस्थित जनों को प्रभावित किया। एआरपी सुभाष चंद्र तिवारी ने गीत प्रस्तुत किया। स्टेट रिसोर्स पर्सन अवधेश पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन में स्काउट-गाइड और कब-बुलबुल की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके माध्यम से बच्चे खेल-खेल में शारीरिक एवं मानसिक विकास करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अनिवार्य पाठ्यक्रम में शामिल होने के बावजूद अभी भी बहुत कम विद्यालय इसका पूर्ण लाभ उठा पा रहे हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक गाइड कैप्टन बंकी वैशाली गुलसिया, गाइड कैप्टन सिरौलीगौसपुर अपर्णा श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय फैजुल्लागंज की प्रधानाध्यापिका बुशरा, सहायक अध्यापक पारुल चौहान सहित अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। अंत में प्रधानाध्यापिका अजिता श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु मार्गदर्शन और सहयोग देने का आग्रह किया। विद्यालय के स्टाफ राखी वर्मा, ऋचा सिंह एवं पिंकी त्रिपाठी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बॉबी के परिजनों से की गयी पूछताछ

**बाराबंकी, अमृत विचार :** वकील शुएब किदवई हत्याकांड में परिजनों से बातचीत के लिए प्रयासरत पुलिस टीम ने बुधवार को करीब डेढ़ घंटे घर के हर सदस्य से पूछताछ की और घटना के पीछे वजहें तलाशने का प्रयास किया। जांच पड़ताल के बीच मृतक के प्रापर्टी डीलिंग कारोबार को लेकर विवाद व रंजिश की खोजबीन की जा रही, वहीं गोलियां बरसाने वाले शातिर शूटरों के गैर राज्य से कनेक्शन होने की बात चर्चा में है।

हत्याकांड की जांच के लिए गठित टीम कोई भी नया सुराग हाथ लगते ही उस पर काम कर रही पर अभी तक कोई तीर निशाने पर नहीं लगा है। गत शुक्रवार को हुई इस हत्या की घटना में हर तरफ हाथ पैर मारने के बाद पुलिस ने परिवार से बातचीत को अहम माना हालांकि कई दिन की कोशिश बुधवार को कामयाब हुई। सीओ सिटी संगम कुमार व पुलिस टीम ने डीएम आवास से कुछ दूरी पर स्थित मृतक शोएब के घर पहुंचकर परिजनों से बातचीत की।

## मनकामेश्वर मंदिर महंत दिव्यागिरी का स्वागत



महंत का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** मुख्य हाईवे स्थित चौराहे पर मनकामेश्वर मंदिर के महंत दिव्यागिरी के आगमन पर क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह में भाजपा नेता सुनील सिंह सेवक ने अपने समर्थकों के साथ महंत दिव्यागिरी को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। महंत दिव्यागिरी ने अपने संबोधन में सनातन धर्म की परंपराओं, उसकी प्राचीनता और समाज में उसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन संस्कृति आपसी प्रेम, सद्भाव और सेवा का संदेश देती है। कार्यक्रम में आदित्य टाइगर, राघवेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, डब्लू, विकास सहित कई गणमान्य लोग और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद लोगों ने महंत से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं रमजान और होली



बैठक में दिशा-निर्देश देतीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व सीओ। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रमजान और होली के मद्देनजर थाना परिसर में पीस कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने की, जबकि क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, कोतवाल अनिल पांडेय और नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी भी मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने सभी समुदायों से अपील की कि वे परंपरा के अनुसार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। साथ ही चेतावनी दी गई कि शराब पीकर उत्पात न करें और चलते वाहनों पर गुब्बारे न फेंकें, क्योंकि इससे दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। बैठक में अमरनाथ मिश्र, शीतला सिंह, डॉ. सलीम, इमरान, केडी खान, पप्पू सिंह, राजन प्रधान, सभासद रियाज, इसरार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## होली में हुड़दंग करने पर पहुंचेंगे हवालात



बैठक में दिशा निर्देश देते थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा कस्बे के ऐतिहासिक होली जुलूस में इस बार शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं होगी। पुलिस ने साफ चेतावनी दे दी है कि जुलूस में नशे की हालत में मिले तो सीधे थाने की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा और चिन्हित उपद्रवियों से 2 लाख रुपये का मुचलका भरवाया जाएगा। देवा कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में कोतवाली प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने दो टूक शब्दों में कहा कि पिछले वर्षों में जुलूस की गरिमा बिगाड़ने वालों की पूरी सूची पुलिस के पास है। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष हारून वारसी, शहजादे आलम वारसी, चमन लाल निगम, अजय निगम, राजू श्रीवास्तव, लकी निगम, राधे जायसवाल, सोहनलाल वाल्मीकि, दीपक सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## जिला आईटी सेल प्रभारी बने दिलीप



नियुक्ति पत्र देते संघ के प्रदेश अध्यक्ष। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद बाराबंकी की नई कार्यसमिति के गठन के क्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने जिला पंचायत कार्यालय में दिलीप कुमार तिवारी को जिला आईटी सेल (मीडिया) प्रभारी पद का दायित्व सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष ने नवगठित कार्यसमिति को बधाई देते हुए कहा कि ऊर्जावान और कर्मठ शिक्षकों को जिम्मेदारी देकर शिक्षक हितों की रक्षा और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सदस्य उमा नाथ मिश्रा, प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. देवेंद्र कुमार द्विवेदी, जुबेर अहमद सहित अनेक पदाधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने दिलीप कुमार तिवारी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में आईटी सेल संगठन की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## नव नियुक्त उपायुक्त उद्योग से शिष्टाचार भेंट



नव नियुक्त उपायुक्त उद्योग से मुलाकात करते आईआईए के पदाधिकारी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बाराबंकी चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नव नियुक्त उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर आईआईए अयोध्या मंडल के मंडलीय अध्यक्ष डॉ. कैप्टन राजेश तिवारी, आईआईए बाराबंकी चैप्टर के कोषाध्यक्ष अभिषेक पाठक एवं सदस्य मयंक गुप्ता ने उनका स्वागत किया तथा उन्हें आईआईए बाराबंकी चैप्टर की गतिविधियों एवं उद्योगों से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग महोदय ने आगामी दो-तीन दिनों में यूपीएसआईडीसी कुर्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया का स्थलीय निरीक्षण करने की जानकारी दी, जिससे वहां संचालित उद्योगों की जमीनी चुनौतियों को प्रत्यक्ष रूप से समझा जा सके। उन्होंने विशेष रूप से बाराबंकी के एमएसएमई उद्योगों की सब्सिडी रिलीज एवं आवश्यक एनओसी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने बाराबंकी के ओडीओपी उत्पादों की सराहना की तथा उद्योगों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। आईआईए बाराबंकी चैप्टर द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी मंथन बैठक में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि उद्योगों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जा सके। यह भेंट उद्योग एवं प्रशासन के बीच बेहतर संवाद एवं समन्वय की दिशा में एक सकारात्मक कदम सिद्ध हुई।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी से छेड़छाड़ के 3 दोषियों को मिली सजा

**उन्नाव, अमृत विचार :** किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में 3 दोषियों को एडीजे-12 ने दोषी ठहराते हुए दो-दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने प्रत्येक दोषी साढ़े 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। असोहा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 24 जनवरी-2018 को पुलिस को तहरीर देकर धन्नीखेड़ा गांव निवासी मनीष, सुजीत व राकेश पर अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस न पॉक्सो व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को पकड़कर जेल भेजा था। तत्कालीन दरोगा राजू राव ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए व 23 मार्च-2018 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। 8 साल से केस एडीजे-12 कोर्ट में विचाराधीन था। बुधवार को अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव की दलील व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश ने मनीष, सुजीत व राकेश को दोषी ठहराते हुए 2-2 साल की सजा सुनाई।

### महिला को रिफंड कराए 59,356 रुपये

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** एसएसपी के निर्देश पर साइबर अपराध के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस ने साइबर फ्रॉड की शिकार महिला को 59,356 रुपये रिफंड कराए हैं। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि 21 जनवरी को बेहटा गांव निवासी संदीप तिवारी की पत्नी अंजली ने ऑनलाइन साइबर पोर्टल पर यूपीआई के माध्यम से 59,356 रुपये की धोखाधड़ी होने की शिकायत की थी। बुधवार को पुलिस की कार्रवाई से पूरी धनराशि महिला के खाते में रिफंड करा दी गई।

# पहले दिन 2952 छात्र-छात्राओं ने छोड़ी परीक्षा

## सीसीटीवी की निगरानी और मजिस्ट्रेट की देखरेख में शांतिपूर्वक शुरू हुई बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा जिले के 122 केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी व मजिस्ट्रेट की देखरेख में संपन्न हुई। सुबह पाली में कई केंद्रों में कक्ष निरीक्षकों की कमी रही। जिससे एक-एक शिक्षक लगाकर किसी तरह ड्यूटी कराई गई।

सुबह पाली में हाईस्कूल हिंदी व प्रारंभिक हिंदी विषय की परीक्षा होने से छात्र परीक्षा शुरू होने से 1 घंटे पहले से ही केंद्रों में पहुंच गए थे। जिन्हें सघन तलाशी के बाद केंद्रों में घुसने दिया गया। एसडीएम व मंडलीय पर्यवेक्षक की टीम ने हसनगंज व बांगरमऊ क्षेत्र के केंद्रों का निरीक्षण किया। बाद में डीआईओएस कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से जिले के अन्य केंद्रों में हो रही परीक्षा का भी अवलोकन किया। हर केंद्र में स्टेटिक मजिस्ट्रेट व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में केंद्र व्यवस्थापक व सीसीटीवी की निगरानी में प्रश्नपत्रों के पैकेट खोले गए और कक्षा में बांटे गए। आंतरिक सचल दल ने भी छात्रों की तलाशी ली। मगर कोई नकल सामग्री नहीं मिली।



कंट्रोल रूम से निगरानी करते एसडीएम उदयवीर सिंह व डीआईओएस।



अटल बिहारी इंटर कालेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

### यूपी बोर्ड परीक्षा का डीएम ने लिया जायजा

जिलाधिकारी व एसपी ने अटल बिहारी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज आदि परीक्षा केंद्रों मे लगे सीसीटीवी कंट्रोल रूम व परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा नकल विहीन, शांतिपूर्ण व पारदर्शी कराई जाए।

### डीएम ने दिये निर्देश

प्रथम पाली की परीक्षा खत्म होते ही जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अधिकारियों की ऑनलाइन मीटिंग हुई। इसमें बेसिक स्कूलों के शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि जिन शिक्षकों की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगी है और वह एसआईआर में बीएलओ की ड्यूटी होने से नहीं ज्वाइन कर पाए हैं और जिनका वर्कलोड कम हो गया है वह इसमें सहयोग कर सकते हैं। डीआईओएस सुनील दत्त ने बताया कि द्वितीय पाली में कक्ष निरीक्षकों की कमी पूरी हो गई है और सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी पहुंच गए हैं।

### हाईस्कूल के 1899 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

सुबह पाली में हाईस्कूल के 38813 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 36914 मौजूद रहे। जबकि 1899 ने परीक्षा छोड़ दी। जिसमें 1192 छात्र और 707 छात्राएं अनुपस्थित रहीं।

### इंटर में 1053 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

द्वितीय पाली में इंटर हिंदी व सामान्य हिंदी की परीक्षा थी। जिसमें 31387 छात्रों में 30134 छात्रों की परीक्षा दी। जबकि, 1053 अनुपस्थित रहे। इसमें सामान्य हिंदी के 21366 छात्रों में 20651 उपस्थिति व 715 छात्र अनुपस्थित रहे। हिंदी विषय में 10021 छात्रों में 9483 उपस्थित रहे। जबकि 538 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पाली में 2952 छात्रों में परीक्षा छोड़ी।

### पहला पेपर आसान आने से खिले छात्रों के चेहरे



लोहिया स्कूल के बाहर छात्रों की लगी लाइन।

**शुक्लागंज, उन्नाव :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं। पहले दिन हाईस्कूल व इंटर स्तर पर हिंदी विषय की परीक्षा हुई। प्रश्नपत्र आसान आने से परीक्षार्थियों के चेहरे खुशी से खिले रहे। छात्रों ने परीक्षा के बाद बताया कि पाठ्यक्रम से जुड़े सीधे व संतुलित प्रश्न आए जिससे समय रहते पेपर पूरा हो सका। परीक्षा केंद्रों पर सख्ती का माहौल रहा। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा हुई। केंद्रों पर प्रवेश से पहले छात्रों की सघन तलाशी ली गई। वहीं दूसरी पाली में भी छात्र-छात्राओं की गहन जांच हुई। सख्ती का असर यह रहा कि किसी भी केंद्र से नकल की सूचना नहीं मिली। नगर के राजमार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वालादेवी इंटर कॉलेज, कंचन नगर स्थित महार्षि दयानंद इंटर कॉलेज, गंगानगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर, गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व पोनी रोड स्थित डॉ. लोहिया स्कूल समेत 5 केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। हालांकि पहले दिन कई छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। जिससे केंद्र व्यवस्थापक हैरान रहे। परीक्षा छोड़ने के कारणों को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। लेकिन सख्ती व व्यक्तिगत कारणों को इसकी वजह माना जा रहा है। वहीं कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने सभी केंद्रों का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर मौजूद मातहतों को दिशा निर्देश दिये।

### शिक्षकों की कमी से बाधित रहा शिक्षण कार्य

**परियर उन्नाव :** उप्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व नौनिहालों के सपने साकार करने की बात करती है और बेसिक विद्यालयों को उत्कृष्ट करने का दावा करती है। मगर विद्यालय में शिक्षकों की कमी के चलते शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने विधानसभा में कहा कि शिक्षक पर्याप्त मात्रा में कार्यरत हैं। लेकिन, जानकारी किये जाने पर पता चला कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या बहुत कम है। जब इस संबंध में बीएसए शैलेश पांडे से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि बीते कई महीनों से एसआईआर में बीएलओ काम कर रहे हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा मे बेसिक शिक्षकों की ड्यूटी लगने से स्कूल में शिक्षकों की कमी हुई है। लेकिन वह भी कार्य जरूरी है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में घायल हुए दो लोगों की हुई मौत

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसों में घायल दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। शव लेकर घर लौटे परिजनों की तहरीर पर संबंधित क्षेत्रों को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराए हैं।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी कपिल वर्मा (47) पुत्र राजकिशोर बीती 8 दिसंबर की शाम कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा बाईपास जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने पीडी नगर में उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी। निजी अस्पताल व कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। शव लेकर घर लौटे परिजनों ने बुधवार को पुलिस को इसकी सूचना देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। इस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के रनियाखेड़ा गांव निवासी अरविंद (28) पुत्र रामस्वरूप परियर स्थित एक बीज भंडार में काम करता था। बीती 16 दिसंबर को वह दुकान मालिक के तिलक से लौट रहा था। तभी परियर-चकलवंशी स्थित एक डिग्री कॉलेज के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें वह गंभीर घायल हुआ था। कानपुर के हैलट अस्पताल में उसकी इलाज के दौरान मंगलवार रात मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।

### दो डंपरों की टक्कर के बाद हाईवे से शहर तक घंटों रहा भीषण जाम, राहगीर हुए हलकान

**उन्नाव :** कानपुर-लखनऊ नेशनल हाईवे पर अचलगंज व दही थानांतर्गत दो डंपरों की आपस में हुई टक्कर के कारण हाईवे से शहर तक लोग दिन भर जाम से जूझते रहे। इस हादसे में एक चालक गंभीर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। दही थानाक्षेत्र के अन्नपूर्णा मंदिर के पास मंगलवार देररात मौरंग लदे एक डंपर का पहिया पंचर हो गया। जिससे वह सड़क के बीचोबीच खड़ा हो गया। करीब एक घंटे बाद पीछे से आ रहे एक अन्य तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर ने खड़े वाहन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पीछे वाले डंपर के चालक प्रेमशंकर (33) निवासी हमीरपुर का पैर फ्रैक्चर हो गया और वह केबिन में फंस गया। सूचना पर यातायात प्रभारी सुनील सिंह व दही थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायल चालक को जिला अस्पताल भेजा। जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। डंपर ओवरलोड होने से एक हाईड्रा व जेसीबी उन्हें हिला तक नहीं सकी। जाम इतना लंबा था कि प्रशासन द्वारा मंगवाई गई मशीनें भी समय पर नहीं पहुंच पाईं। अंततः तीन हाईड्रा, एक जेसीबी व एक ट्रैक्टर से दोपहर करीब 2 बजे डंपरों को हटाकर किनारे किया जा सका। हाईवे पर जाम की स्थिति देख वाहन चालकों ने शहर के अंदर से निकलने का प्रयास किया। जिससे शहर के मुख्य मार्ग पर गदनखेड़ा, गांधीनगर तिराहा, छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, आईबीपी व आवास विकास बाईपास तक भीषण जाम लगा रहा। इस दौरान यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों को भी जाम में फंसकर सेंटर तक जाने में काफी परेशानी हुई। यातायाता प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि डंपर में मौरंग लदी थी इसलिए उसे हटाने में कठिनाई हुई और कई मशीनें बुलानी पड़ीं।

# मैच के दौरान मधुमक्खियों का हमला, अंपायर की मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के अंबिकापुरम स्थित राहुल सप्रू स्टेडियम में बुधवार दोपहर खेले जा रहे क्रिकेट मैच के दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया। हमले में अंपायर मानिक गुप्ता (60) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए पहले निजी अस्पताल और बाद में कानपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद खिलाड़ियों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार स्टेडियम में पिच-बी पर केसीए की ओर से अंडर-13 मैच कराया जा रहा था। मैच समाप्त होने के बाद मानिक गुप्ता साथी अंपायर जगदीश का इंतजार कर रहे थे, जो पास में चल रहे दूसरे मुकाबले पैरामाउंट और वाईएमसीए के मैच में अंपायरिंग कर रहे थे, इस दौरान एक पारी के 40 ओवर खत्म होने के बाद दूसरी पारी के 17 .5 ओवर के दौरान मधुमक्खियों का झुंड मैदान में पहुंच गया। अचानक हुए हमले से खिलाड़ी जान बचाने के लिए मैदान पर लेट गए, जबकि अन्य लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। इसी बीच मधुमक्खियों ने मानिक गुप्ता को घेर लिया और कई जगह डंक मार दिए, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़े। घायल अंपायर को तत्काल स्थानीय नगर के निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। जिस पर उन्हें हैलट अस्पताल के बाद परिजन कार्डियोलॉजी ले गए, लेकिन शाम तक उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया ।मधुमक्खियों के हमले के बाद मैच को तत्काल रोक दिया गया। खेल आयोजकों ने घटना पर दुख जताया।

# कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार:** सोहरामऊ थानांतर्गत रायपुर गांव निवासी युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है। खैलामऊ गांव के मजरा रायपुर निवासी रजनीश (40) पुत्र रामचरन रावत ने मंगलवार रात अपने कमरे में साड़ी के फंदे से लटककर जान दे दी। किसी काम से कमरे में पहुंची मां ने उसका शव लटका देख शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। पिता व भाई कैलाश ने बताया कि रजनीश लंबे समय से मानसिक बीमार था। उसका लखनऊ के नूर मंजिल से इलाज चल रहा था। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि युवक की हैंगिंग से मौत हुई है।

# कोचिंग से लौट रही नाबालिग छात्रा से की गई छेड़खानी

शुक्लागंज उन्नाव

- भाई-बहन सहित तीन लोगों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 फरवरी की शाम छह बजे उनकी 17 वर्षीय बेटी सहेलियों के साथ कोचिंग से घर लौट रही थी। आरोप है कि तभी कंचन नगर सकरी कुलिया के पास स्थित एक सैलून के सामने संतोष ने अपनी बहन व एक साथी के साथ मिलकर छात्राओं का रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पहले छात्राओं से अभद्रता की फिर छेड़खानी कर उनसे मारपीट पर उतारू हो गए। छात्राओं के विरोध करने व शोर मचाने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित छात्रा व उसकी सहेलियां किसी तरह वहां से निकलकर घर पहुंचीं और परिजनों को आपबीती सुनाई। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की गई है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है।

# 5 घंटे बिजली बंद कर लगाए तीन पोल

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** बुधवार को ऋषि नगर व राजमार्ग के आंशिक क्षेत्र में 5 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखी गई। इस दौरान तीन जर्जर पोल हटाकर नए विद्युत पोल लगाए गए। बुधवार दोपहर विभागीय टीम ऋषि नगर व राजमार्ग पहुंची। जहां सुरक्षा कारणों से पहले आपूर्ति बंद की गई। इसके बाद पुराने व कमजोर पोल हटाकर उनकी जगह नए पोल लगाए गए। लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोग परेशान रहे। घरों व दुकानों में काम प्रभावित रहा। एसडीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि 5 घंटे की आपूर्ति बाधित कर ऋषि नगर व राजमार्ग में 3 नए पोल लगाए गए हैं।

# चालक को बांधकर लोडर से रिफाइंड लूट कर भागे बदमाश

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज - पुरवा मार्ग पर पिकअप लोडर को असलहा के बल पर चालक को अगवा कर सड़क किनारे फेंक कर रिफाइंड लूट का मामला सामने आया है। राहगीरों को सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की मामला संदिग्ध मिला। सूत्रों की माने तो पुलिस ने एक स्थान से रिफाइंड बरामद भी किया है। मौरावां थाना क्षेत्र के जेरा नौबस्ता निवासी हरिशंकर ने बताया कि मंगलवार शाम वह अपने पिकअप लोडर से कानपुर के रनिया से 200 टिन रिफाइंड लेकर रायबरेली के सलवन जा रहा था। उसके मुताबिक रात करीब दस बजे अचलगंज थानाक्षेत्र के पुरवा मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग से कुछ दूरी पर एक काली कार ने ओवरटेक कर लोडर रुकवाया। इसके बाद कार सवार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उन्हें नीचे उतारा और हाथ बांध दिए व आंखों पर पट्टी बांधकर अपनी कार में डाल लिया। जिसके बाद एक घंटे तक बदमाश उसे इधर-उधर घुमाते रहे। इसके बाद आजाद मार्ग से पोनी जाने वाली सड़क के किनारे खंती में धकेल कर फरार हो गए। सुबह उधर से गुजर रहे दूधियों ने उसे देखा तो उसकी रस्सी खोलकर गंगाघाट कोतवाली भेजा। जहां से घटना अचलगंज क्षेत्र की होने की बात कह कर उसे अचलगंज थाना भेजा गया। इसपर पुरवा रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल जांच शुरू की तो कुछ दूर पर खाली लोडर भी बरामद हुआ। पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मान रही है। सूत्र बताते है कि पुलिस ने अचलगंज थानाक्षेत्र के सुपासी गांव के एक घर से रिफाइंड बरामद भी किया है। एसओ ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा की गूंज

नवाबगंज, उन्नाव



यात्रा में झूमते भक्त व कलाकार। ● अमृत विचार

- नवाबगंज में निकली खाटू श्याम बाबा की तृतीय निशान पद यात्रा

**अमृत विचार:** कस्बे में बुधवार सुबह भक्ति व उल्लास का संगम उस समय देखने को मिला जब खाटू श्याम बाबा की तृतीय निशान पद यात्रा दुर्गा मंदिर से पूजन के साथ शुरू हुई। ढोल-नगाड़ों की थाप, डीजे पर बजते भजन व आकर्षक झांकियों के बीच सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

श्याम मित्र मंडल नवाबगंज के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक पदयात्रा में श्रद्धालुओं ने सिर पर निशान रख करीब 20 किमी की पैदल यात्रा शुरू की। यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर उन्नाव बाईपास स्थित मंदिर तक पहुंचेगी। जहां निशान का पूजन-अर्चन व आरती होगी। यात्रा में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, शैलेंद्र राठौर, आदेश गुप्ता, बृजेश राठौर, सुमित राठौर, आशीष गुप्ता, रिंकू अवस्थी व मयंक गुप्ता आदि श्रद्धालु शामिल रहे। महिलाओं की भागीदारी रही। जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए जलपान व प्रसाद की व्यवस्था भी थी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नवाबगंज चौकी प्रभारी मुकुल दुबे फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# खेत में रखवाली करने गए वृद्ध का शव मिला

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सन्नी सराय गांव निवासी छेदी लाल (60) पुत्र स्व. भगवानदीन मंगलवार रात खाना खाने के बाद रोज की तरह घर से एक किमी दूर स्थित अपने खेत की रखवाली करने गए थे। बुधवार सुबह 9 बजे तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजन चिंतित होकर खेत पहुंचे। जहां उनका शव पड़ा देख परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना बैराज चौकी पुलिस को दी गई। चौकी इंचार्ज मान सिंह पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। परिजनों ने बताया कि छेदीलाल कुछ दिनों से बीमार थे। संभवतः उसी कारण उनकी मृत्यु हुई है। उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस ने जरूरी कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# निर्धन बेटी के विवाह में किया सहयोग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



नववधू को उपहार देते फाउंडेशन के सदस्य। ● अमृत विचार

- सेवार्थ कन्यादान संकल्प के तहत किया गया आर्थिक सहयोग

**अमृत विचार:** श्री सेवार्थ फाउंडेशन ने मानवीय संवेदनाओं की मिशाल पेश की है। फाउंडेशन द्वारा संचालित सेवार्थ कन्यादान संकल्प के तहत कांशीराम कॉलोनी निवासी स्व. रामकुमार की पुत्री शोभा के विवाह में आर्थिक व सामाजिक सहयोग किया गया।

बताया गया कि शोभा 5 बहनों में छोटी हैं। कुछ वर्ष पूर्व पिता की कैंसर से मृत्यु होने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। वृद्ध मां मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। परिवार की दयनीय स्थिति देख फाउंडेशन अध्यक्ष प्रथम श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष निर्भय निगम ने इसका संज्ञान लेते हुए बेटी के विवाह हेतु हाथ आगे बढ़ाए और संस्था की ओर से नववधू को आर्थिक सहायता के साथ गृहस्थी के जरूरी सामान में सूटकेस, डिनर सेट, श्रृंगार सामग्री, बिछिया व अन्य वस्तुएं दी गईं। इस दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष प्रथम श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य उन बेटियों का सहारा बनना है जिनके सिर से पिता का साया उठ चुका है। कहा कि जहां मां-बाप नहीं वहां सेवार्थ के संकल्प के साथ संस्था निरंतर सेवा कार्य करती रहेगी।


**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन यादव पत्नी श्याम सिंह निवासी मोहल्ला कटरा बांगरमऊ द्वारा एक प्रार्थनापत्र बावत भवन निर्माण मानचित्र की स्वीकति हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिसकी भूमि की चौहद्दी इस प्रकार है:- पूरब प्लाट विक्रेता, पश्चिम प्लाट विक्रेता, उत्तर रास्ता कच्चा 20 फिट, दक्षिण मकान मुकिर। भूमि का क्षेत्रफल 97.58 वर्ग मीटर। यदि किसी को उक्त भवन निर्माण में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति नगर पालिका परिषद बांगरमऊ कार्यालय में दे सकता है। इस अवधि के पश्चात आपत्ति मान्य न होगी तथा मानचित्र स्वीकृत कर दिया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बांगरमऊ, उन्नाव।**



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रवि राठौर पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी उदशाह परगना व तहसील बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय मे अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड बैनामा, शपथ पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि प्रार्थी ने मोहल्ला नौंनिहालगंज उत्तरी बाँगरमऊ का एक किता भवन नम्बर 400 जिसकी माप पूरब 34 फिट पश्चिम 34 फिट उत्तर 70 फिट दक्षिण 53 फिट कुल 194.34 वर्गमीटर व द्वितीय बैनामा की माप पूरब 25 फिट,पश्चिम शून्य उत्तर 53 फिट,दक्षिण 49 फिट कुल 59.25 वर्गमीटर भवन विक्रेता श्री लोक रंजन पाल पुत्र संगमलाल पाल निवासी मोहल्ला नौंनिहालगंज परगना व तहसील बाँगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 02-08-2023 व द्वितीय बैनामा श्री धीरेन्द्र कुमार शुक्ला पुत्र विष्णु नारायण शुक्ला निवासी मोहल्ला शुक्लाना परगना व तहसील बाँगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12-12-2023 को क्रय कर लिया है। प्रार्थी अपने उक्त भवन को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नगर पालिका कर पंजिका अभिलेखों में कर की अदायगी के लिए श्री रवि राठौर पुत्र लक्ष्मी नारायण के नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र, रजिस्टर्ड बैनामा, शपथ पत्र,आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ उन्नाव**


**बढ़ी दिक्कत** — मरहला, हाईवे, नवीन पुल, फोरलेन समेत चौतरफा लगा जाम, जो घर से निकला वह जाम में फंसा

# जाम के झाम में फंसा रहा शुक्लागंज, छूटते-छूटते बचीं बोर्ड परीक्षा

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** बुधवार से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होते ही शुक्लागंज जाम की चपेट में रहा। नगर के नवीन पुल से फोरलेन सब्जी मंडी तक सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। परीक्षा देने निकले छात्र-छात्राएं जाम में फंस गए। जिससे अफरा-तफरी का माहौल रहा। गनीमत रही कि पहले दिन अधिकतर छात्र अपने घरों से एक घंटा पहले निकले थे नहीं तो उनकी परीक्षाएं छूट सकती थीं। हालात ऐसे रहे कि कई छात्र जाम से परेशान होकर पैदल ही परीक्षा केंद्रों की ओर रवाना हुए।

बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे बालूघाट मोड़ से नवीन पुल जाने वाले मार्ग पर अचानक वाहनों का दबाव बढ़ गया। इसी दौरान दोनों ओर से बड़े वाहन आमने-सामने आ गए। जिससे जाम की स्थिति गंभीर हो गई। मनोहर नगर मोड़ व शक्ति नगर आने वाले वाहनों ने स्थिति को और विकराल बना दिया। देखते ही देखते मनोहर नगर मार्ग पर भी लंबा जाम लग गया और यातायात ठप हो गया। बाइक, टेंपो, ई-रिक्शा, लोडर, कार व साइकिल तक जाम में फंसी रहीं। पुल पर वाहनों की



जाम के दौरान वाहनों से भरा फोरलेन।



नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन सवार। ● अमृत विचार

ठसाठस भीड़ के कारण लोग घंटों तक एक जगह खड़े रहे। जाम का सबसे ज्यादा असर बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्रों व राहगीरों पर पड़ा। कई छात्र-छात्राएं समय पर केंद्र पहुंचने की चिंता में पैदल ही पुल पार करते दिखे। जाम में दो एम्बुलेंस भी फंसी रहीं। दोपहर को कानपुर से आ रहा एक लोडर वाहन खराब हो गया। जिससे जाम फिर बढ़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खराब लोडर हटवाकर फुटपाथ पर खड़ा कराया। तब दोपहर डेढ़ बजे जाम से राहत मिल सकी।

### पुलिस के प्रयास भी हुए विफल

**शुक्लागंज :** जाम हटाने के लिए पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे लेकिन, वाहनों की भारी भीड़ और संकरी सड़क के कारण स्थिति सामान्य करने में काफी समय लग गया। दोपहर डेढ़ बजे के बाद जब यातायात कुछ कम हुआ तब जाकर जाम धीरे-धीरे हट सका।

### हाईवे पर चार घंटे लगा जाम

**शुक्लागंज :** बुधवार सुबह आठ बजे लखनऊ-कानपुर हाईवे पर कानपुर की ओर पुल पार एक मौरंग लदा डंपर खराब हो गया। इससे हाईवे पर त्रिभुवन खेड़ा तक वाहनों की कई किमी लंबी कतारें लग गईं। जाम की सूचना पर जाजमऊ चौकी पुलिस ने पहुंचकर यातायात सुचारु कराने का प्रयास किया। दोपहर करीब 12 बजे यातायात का दबाव कम होने पर जाम खुल सका। लंबे जाम में वीआईपी वाहनों, एम्बुलेंस व आम वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध हालत में पड़ा मिला युवक का शव

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। मंदिर जाने की बात कहकर निकले युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। काफी प्रयास के बाद पुलिस उसकी पहचान करा सकी। कोतवाली क्षेत्र के हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित गांव दुल्लापुरवा के पास बीती मंगलवार रात 9 बजे ग्रामीणों ने अज्ञात युवक का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो उस वक्त उसकी पहचान नहीं हो पाई। युवक गहरा नीली शर्ट, काली जैकेट व नीली जींस पहने था। शरीर पर कोई जाहिरा चोटें नहीं थीं। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने शव मोर्चरी भेजकर सोशल मीडिया का सहारा लिया। कोतवाली प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के सदानी गांव निवासी रूपलाल ने शव की शिनाख्त अपने बेटे सरवन (32) के रूप में की है। पिता ने बताया कि वह बीती मंगलवार शाम 6 बजे मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकला था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### खेलते-खेलते छत से नीचे गिरा मासूम, रेफर

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के गांव भठियापुर निवासी सोहेल का पुत्र हदीब (2) छत पर खेल रहा था। खेलते-खेलते अचानक वह नीचे आ गिरा। इससे उसके शरीर में गंभीर चोटें आ गईं। परिजन उसे सरकारी अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बंद मकान से लाखों रुपये की चोरी

## दो किलो चांदी, 400 ग्राम सोने के जेवर-गहने और पांच लाख नकद ले गए

संवाददाता, हरदोई



चोरों द्वारा तोड़ी गई अलमारी। अमृत विचार

अमृत विचार। सिंचाई विभाग के प्रशासनिक अधिकारी ताला लगा कर पत्नी व बच्चों के साथ वरीक्षा कार्यक्रम में शामिल होने साली के घर शाहजहांपुर गए हुए थे। उसी बीच ताले तोड़ कर वहां से करीब दो किलो चांदी और 400 ग्राम सोने के जेवर-गहनों के साथ बेटी की शादी में आए न्यौते का करीब पांच लाख कैश चोरी हो गया। टूटे हुए ताले देख कर पड़ोसी की सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी ने पुलिस को तहरीर दी है।

सिंचाई विभाग के प्रशासनिक अधिकारी सुनील जौहरी कोतवाली शहर के मोहल्ला आज़ाद नगर में रहते है। शाहजहांपुर के आनंदपुरम कोतवाली शहर निवासी सुनील जौहरी के साढ़ू प्रमोद सक्सेना के बेटे विवेक की मंगलवार को वरीक्षा था। प्रशासनिक अधिकारी पत्नी ऊषा व बच्चों के साथ सोमवार को घर में ताले लगा कर शाहजहांपुर चले गए। बुधवार की सुबह पड़ोसी सचिन ने घर के ताले टूटे देखते ही ऊषा को जानकारी दी। इसका पता होते ही सुनील जौहरी भागते-भागते अपने घर पहुंचे, वहां सारे ताले टूटे पड़े थे, अलमारी खुली थी। पुलिस को दी तहरीर में 35 चांदी के सिक्को को मिला कर करीब दो किलो चांदी के जेवर, करीब 400 ग्राम सोने के जेवरों के अलावा बक्से में रखे 12 फरवरी को बेटी की शादी में आए न्यौते के करीब पांच लाख कैश चोरी होने की बात कही गई है। पुलिस ने पड़ोसियों से पूछताछ करते हुए सीसीटीवी के फुटेज खंगाले।

### नाला लीकेज होने से अंडर ग्राउंड बिल्डिंगों में घुसने लगा पानी

मल्लावां (हरदोई)। कस्बे के महमदपुर तक बनने वाला नाला लीकेज होने से बिल्डिंगों में पानी घुसने से व्यापारियों में रोष बना हुआ है। तो चुंगी नंबर दो पर बनाए जा रहे नाले की पुलिया का कार्य भी लम्बे समय से अधूरा पड़ा होने से हादसे का खतरा बना हुआ है। कस्बा मोड़ से महमदपुर तक जल निकासी को लेकर पालिका प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर नाला तैयार कराने का कार्य जहां एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक पूरा नहीं हो सका है। लेकिन बनाए गए नाले में रिसाव के चलते अधिकांश अंडर ग्राउंड बिल्डिंगों में पानी भरना शुरू हो गया।

### संग्रह अमीन की हालत बिगड़ी मेडिकल कॉलेज में भर्ती

हरदोई, अमृत विचार। डीएम बंगले पर ड्यूटी कर रहे संग्रह अमीन की तबियत बिगड़ गई, उसे तुरंत ही मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। घटना की वजह प्रेम-प्रसंग बताई जा रही है। इलाज कर रहे डाक्टरों का कहना है कि प्वायजनिंग का मामला है। सदर तहसील में तैनात 40 वर्षीय संग्रह अमीन बब्लू पुत्र जितेंद्र नाथ शहर की कोयल बाग कालोनी के ब्लाक ई-25 गली नंबर-2 पत्नी रीना और बच्चों के साथ रहता है। पत्नी ने बताया कि इधर कुछ दोनों से डीएम बंगले पर ड्यूटी चल रही थी। मंगलवार को घर आने के कुछ ही देर बाद उल्टियां होने से तबियत बिगड़ने लगी, उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, इसका पता होते ही एसडीएम सदर पूरी राजस्व टीम के साथ वहां हाल जानने पहुंचे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से "खुली निविदा" आमंत्रित करते हैं-- **क्रम सं.-1,** कार्य का नामः समइं/पूर्व/गोरखपुर कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत सरदार नगर, बैतालपुर, देवरिया सदर, चौरीचौरा, गौरीबाजार तथा नूनखार स्टेशनों पर ई०आई० भवन का प्रावधान (06 अदद), ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2025-149, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 9,93,37,508/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 6,46,700/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 13-03-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का नामः **(1)** समइं/सीवान कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत बनकटा, मैरवा, जीरादेई, पचरूखी, दुरौधा, चैनवा, दाउदपुर, कोपा सम्होता, भाटपार रानी, सीवान तथा एकमा स्टेशनों पर ई०आई० भवन का प्रावधान (11 अदद)। **(2)** एबीएसएस के तहत मैरवा में निर्मित हो रहे नए भवन के निर्माण से सम्बन्धित कार्य। **(3)** बनकटा, मैरवा, जीरादेई, पचरूखी, दुरौंधा, चैनवा, एकमा, दाऊदपुर, कोपासम्होता एवं टेकनिवास स्टेशनों के रिलेरूम का विस्तार (कुल 10 अदद), ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2025-150, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 23,74,32,601/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 13,37,200/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 13-03-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 12 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का नामः महेन्द्रनाथ हाल्ट प्लेटफार्म संख्या 2 पर रिटेनिंगवाल का प्रावधान। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2025-151, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 2,48,78,665/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 2,74,400/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 13-03-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह। **क्रम सं.-4,** कार्य का नामः देवरिया सदर में 128/ए के पास ट्रक मार्ग और रेलवे भूमि पर आने वाले मार्ग के लिये सड़क चौड़ीकरण। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2025-152, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 1,39,02,425/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 2,19,500/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 13-03-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-149 से एनईआर-बीएसबी-2025-152 दिनांक 13-03-2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू-472

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# पत्नी के गिरवी जेवर छुड़ाने गए पति का पड़ा मिला शव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। बहू की पायल गिरवीं रखने की जानकारी होने पर पिता ने बेटे को डांटा और रुपये देकर पायल छुड़ाने को भेजा। जिसके बाद युवक पायल छुड़ाने गया लेकिन लौटकर नहीं आया। खोजबीन के बीच बुधवार की शाम उसका शव जंगल में लटका देखा गया, पास में बाइक भी खड़ी थी।

हरियावां थाने के जतुली निवासी 25 वर्षीय प्रदीप पुत्र नत्थू खेती-किसानी करता था। बताया गया कि प्रदीप सोमवार की सुबह पत्नी की पायल बरगावां में गिरवीं रख आया था, वापस आकर उसने पत्नी को बता दिया, जिस पर दोनों के बीच नोंकझोंक हुई और बहू ने ससुर को पूरी बात बताई। नत्थू ने प्रदीप को डांटते हुए पांच हज़ार रुपये देकर पायल छुड़ाने को भेजा। प्रदीप बाइक से गया, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा, अगले दिन मंगलवार को थाने में तहरीर दी गई। बुधवार की शाम गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में गमछे से शव के लटके होने का पता होने पर वहां भीड़ लग गई, वहीं पास में बाइक खड़ी थी, शव की शिनाख्त प्रदीप के रूप में की गई। पिता को आशंका है कि उसके पुत्र की हत्या की गई, पुलिस और फ़ोरेंसिक टीम जांच-पड़ताल कर रही है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

• हादसे में मृतक का चचेरा भाई और बहनोई घायल

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में ग्राम गोड़वा से जनिगांव रोड पर गांव से पहले मंगलवार की रात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसी बाइक पर सवार चचेरा भाई व बहनोई घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

अतरौली थाने के भगवान खेड़ा मजरा जनिगांव निवासी राजू 32 वर्ष मंगलवार को अपनी चचेरी बहन गीता 37 वर्ष की मौत होने पर वह उसे देखने उसके गांव थाना क्षेत्र के बरगदी गया हुआ था, वहीं से रात में बाइक से वापस घर आ रहा था। बाइक पर उसके साथ उसका चचेरा 45 वर्षीय चचेरा भाई रामखेलावन और 35 वर्षीय चचेरा बहनोई अम्बेडकर निवासी रामपुर थाना संदना सीतापुर भी आ रहे थे। रास्ते में गोड़वा जनिगांव के बीच तीव्र मोड़ पर सामने से आ रहे पिकअप ने राजू की बाइक में टक्कर मारकर भाग निकला। जानकारी पर परिजन और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने तीनों को सीएचसी भरावन पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने राजू को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने सीएचसी मेमों पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू किया है। राजू दिल्ली में पानी सप्लाई का काम करता था, वह मंगलवार को ही दिल्ली से बहन को देखने आया था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री व पत्नी रोशनी है। इंस्पेक्टर सतीश चन्द्र ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

### युवक को वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। मंगलवार की रात कानपुर मार्ग स्थित पटेल डिग्री कॉलेज के सामने बाइक सवार युवक को वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पुष्पेंद्र (20) पुत्र महेश, निवासी ग्राम चांदपुर, कोतवाली बिलग्राम, अपनी दुकान बंद कर देर रात घर जा रहा था। जैसे ही वह पटेल डिग्री कॉलेज के सामने पहुंचा, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से चोटिल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में रोष व्याप्त है। लोगों ने प्रशासन से कानपुर मार्ग पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और रात में गशत बढ़ाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मारपीट में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खरगपुर निवासी नीरज सिंह पुत्र कन्हैया बक्श के अनुसार 17 फरवरी की सुबह करीब ग्यारह बजे वह अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी परिवार के चाचा शीतला बक्श सिंह ने अपने पुत्र रिंशू सिंह, गुड्डू सिंह और श्रवण सिंह के साथ उसे गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़रीपुरवा निवासी संजय कुमार पुत्र चेतराम के अनुसार वह 17 फरवरी को करीब पांच बजे शाम को पुरानी रंजिश में परिवार के श्यामपाल ने अपने पुत्र ऊदन, पुत्री रीता और पत्नी लीलावती के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया शोर सुनकर पत्नी सरला उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया।

पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम चुन्नी पुरवा कुइंया निवासी सविता पत्नी अमित के अनुसार 17 फरवरी को जमीन के बटवारे के विवाद में परिवार के पिंटू और अंकित ने अपने पिता कमलेश और लाला के साथ मिलकर उसे गाली गलौज किया। जेठानी पूजा सहित दोनों ने गालियां देने से मना किया तो आरोपियों ने उन दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में उसका सिर फट गया।

पाली थाना क्षेत्र के ग्राम कहार कोला निवासी ब्रजेश चंद्र पुत्र रामरूप के अनुसार नौ फरवरी को जमीन की रंजिश में गांव निवासी योगेंद्र कुमार पुत्र कमल किशोर ने उसकी पत्नी उषा को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पत्नी का इलाज लखनऊ मेडिकल कालेज में चल रहा है। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के भगवन्तपुर गोटपाली निवासी पंकज (20) पुत्र लालता प्रसाद बाइक से क्षेत्र के आरएस चौराहा गया था। जहां वह चौराहा से संडीला- बांगरमऊ रोड क्रॉस कर रहा था। तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सीएचसी में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।



# चांद के दीदार के साथ मुक़द्दस रमज़ान का आगाज़, मस्जिदों में तरावीह शुरू

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। चांद के दीदार के साथ इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र व बरकतों वाला महीना रमज़ान-उल-मुबारक शुरू हो गया है। इस अवसर पर कस्बे व क्षेत्र की मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ शुरू हो गई। जिससे हर तरफ रूहानी नज़ारा देखने को मिल रहा है। रमज़ान की फज़ीलत बताते हुए नायब इमामे ईदगाह मौलाना फैसल बिलाल जामई ने बताया कि यह वह मुक़द्दस महीना है जिसमें अल्लाह त आला ने पूरी इंसानियत की हिदायत के लिए कुरान करीम नाज़िल फरमाया। कहा कि रोज़ा इस्लाम के 5 बुनियादी स्तंभों में से एक है। जो इंसान में सब्र, तक़वा व खुदा का खौफ पैदा करता है। मौलाना ने इबादतों की अहमियत पर कहा कि इस महीने अल्लाह अपने बंदों पर रहमतें बरसाता है। रमज़ान में नफ़्ल इबादत का सवाब एक फर्ज़ के बराबर मिलता है। ईशा की नमाज़ के बाद अदा होने वाली तरावीह पर उन्होंने कहा कि यह सुन्नत-ए-रसूल है।



रमजान की फजीलत बयान करते मौलाना।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी D.Ed. (Diploma in Education) (V.I.) फाइनल की मार्कशीट, जिसका रोल नं0– 16181035 है, वास्तव में खो गयी है। **रतनेश कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम माधौनगर पोस्ट मिघौली थाना विशुनगढ़ जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1605182 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **जहांगीर पुत्र शमशाद बेला बस्ती, बेला जनपद – औरैया**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र समीर व पुत्रवधू चानिया पठान को गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है अब मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों को उनके द्वारा किए गए अच्छे अथवा बुरे कृत्य से मेरा वह मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है। इनके द्वारा किए गए कोई भी प्रकार के लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **इरफान पुत्र शमशाद हाल निवास– सैनिक कॉलोनी, रजानगर, औरैया।**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2023, अनुक्रमांक 1231412766 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **जीवन पुत्र कैलाश कुमार हरचंदापुर वढिन जनपद – औरैया**

**सूचना**

सूचित हो कि मोहम्मद लतीफ पुत्र गनी ने पासपोर्ट में नाम की स्पेलिंग त्रुटि सुधार हेतु शपथपत्र प्रस्तुत किया है। आधार कार्ड के अनुसार उनका सही नाम "Mohammad Lateef" है, जबकि पासपोर्ट में गलती से "Mohammad Latif" अंकित हो गया। शपथी ने संबंधित अधिकारी से नाम की वर्तनी संशोधित कर शुद्ध करने का अनुरोध किया है। **मोहम्मद लतीफ पुत्र गनी निवासी दिगितपुरुवा, पोस्ट गंगवल बाज़ार, थाना विशेश्वरगंज, बहराइच।**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या– M6390569 वैद्यता (10.02.2015 से 09.02.2025) में मेरा नाम MHHAMMAD TOOFEEQ, पिता का नाम ABDUL HAFEEZ, माता का नाम SHAHNAZ BEGUM एवं पता 193, MAKSUDAPURA 2 ETAWAH गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम मोहम्मद तौफीक (MOHAMMAD TAUFEEQ), माता का सही नाम अल्लाः रक्खी (ALA RAKHI) व पिता का सही नाम अब्दुल हफीज़ अंसारी (ABDUL HAFEEZ ANSARI) एवं सही पता 193, MAQSOODPURA, ETAWAH है। मुझे व मेरे पिता व माता को इसी नाम व पते से जाना व पहचाना जाये। **मोहम्मद तौफीक पुत्र अब्दुल हफीज अंसारी निवासी 193 मकसूदपुरा इटावा**

**सूचना**

सूचित करना है कि शपथी के पासपोर्ट संख्या– N7912799 में नाम रईश अंकित है। शपथी पासपोर्ट में अपने नाम के आगे सरनेम अंसारी दर्ज कर नाम रईश अंसारी पुत्र हामिद अली कराना चाहता है। **रईश अंसारी पुत्र हामिद अली (शपथी) निवासी ग्राम जनकपुर, पोस्ट भगवानपुर, थाना कोतवाली जरवा, परगना व तहसील तुलसीपुर, जनपद बलरामपुर।**

**सूचना**

मेरे पुत्र MOHAMMAD FAHEEM के पासपोर्ट संख्या– पी 8619200 में त्रुटि वश मेरा नाम HAFIZ MOHAMMAD KALEEM अंकित हो गया है। इसे संशोधित कर मेरा सही नाम MOHAMMAD KALEEM लिखा व पढ़ा जाए। **MOHAMMAD KALEEM पुत्र ABDUL KAREEM निवासी 401/80, अब्दुल अजीज रोड, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं अपने बड़े लड़के कमालुद्दीन तथा उसकी पत्नी तरन्नुम को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल– अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों का मेरी चल अचल – संपत्ति में कोई अधिकार और दावा नहीं होगा। **गामा पुत्र हनीफ निवासी वार्ड नंबर 13 गैंसड़ी नगर पंचायत, परगना व तहसील तुलसीपुर, जिला बलरामपुर**

**सूचना**

मैं शिव शंकर सिंह पुत्र रामकुमार सिंह, निवासी ग्राम/पोस्ट तुलसीपुर माझा, थाना नवाबगंज, तहसील तरबगंज, जिला गोंडा, का निवासी हूँ। मेरा हाईस्कूल (वर्ष 2002) अंकपत्र अनुक्रमांक 1385447 एवं इंटरमीडिएट (वर्ष 2004) अंकपत्र अनुक्रमांक 0649306 दिनांक 15 फरवरी 2026 को घर से बाजार जाते समय कहीं गिरकर खो गया है। बहुत ढूढ़ने पर भी नहीं मिला। उक्त प्रमाणपत्रों के दुरुपयोग के लिए मैं उत्तरदायी नहीं रहूँगा। मो.:7007194724

# सड़क हादसों में एंबुलेंस कर्मी सहित 5 घायल

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया।

हरदोई जिला के बिलग्राम थानाक्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी दीपक (20) पुत्र श्रीनारायण कानपुर में 108 एंबुलेंस का ईएमटी है। वर्तमान में वह सफीपुर कस्बा के मोहल्ला सराय सूबेदार में किराए के मकान रहता है। वह मंगलवार शाम 7 बजे पिता श्रीनारायण (45) के साथ बाइक से आसीवन थानाक्षेत्र के मुन्नूखेड़ा गांव रिश्तेदारों के घर अपनी शादी का कार्ड देने जा रहा था। तभी सफीपुर-चौधरी खेड़ा मार्ग पर नैनीखेड़ा गांव के पास दूसरी बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें पिता-पुत्र घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से दीपक को परिजन कानपुर के हैलट अस्पताल ले गए। पिता श्रीनारायण ने बताया कि दीपक की बारात 19 फरवरी को जानी है। लेकिन उसके गंभीर घायल होने से संभव नहीं है। वहीं ददलहा-सफीपुर मार्ग के सनहा गांव किनारे दो बाइक आमने-सामने टकरा गईं। इसमें कोलवा गांव निवासी शिवम (23) पुत्र विनोद व दूसरी बाइक सवार लच्छीखेड़ा गांव निवासी रामकुमार (55) घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के सफीपुर-रसूलाबाद मार्ग पर गजाखेड़ा के पास देवगांव गांव निवासी बाइक सवार रामसागर (25) पुत्र दयाराम सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराकर घायल हो गया। घायलों को सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल भेजा गया।

### हाइड्रा से गिरकर मजदूर की मौत

उन्नाव, अमृत विचार। आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा मियागंज निवासी कमलेश (25) मंगलवार को अपनी ससुराल सोहरामऊ थानाक्षेत्र के आशाखेड़ा गांव गया था। जहां एक कॉलेज की पांचवीं मंजिल पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते से शहद निकालने के लिए उसे बुलाया गया था। वह अपने साथी आशाखेड़ा निवासी राजकपूर के साथ हाइड्रा की ट्राली में सवार होकर ऊपर जा रहा था। तभी चालक की लापरवाही से हाइड्रा की ट्राली तीसरी मंजिल के छज्जे से टकरा गई। इससे संतुलन बिगड़ने से दोनों युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। गंभीर हालत में दोनों को लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां डॉक्टर ने कमलेश को मृत घोषित कर मोर्चरी भेजा था। बुधवार शाम पोस्टमार्टम के बाद कमलेश का शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने हाइड्रा चालक की गिरफ्तारी व आर्थिक सहायता की मांग कर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया इसके बाद शव का अंतिम संस्कार हुआ। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि दो लोग घायल हुए थे। इसमें एक की लखनऊ में मौत हुई है।

### आधुनिक व दीनी शिक्षा पर दिया गया जोर

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। कस्बा गंजमुरादाबाद में बीती रात जश्न–ए–अशरफुल अंबिया कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। इस रूहानी महफिल में क्षेत्र के बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और उलेमाओं के विचारों को सुना। कॉन्फ्रेंस में मुख्य वक्ता के रूप में किछौछा शरीफ से पधारे अल्लामा सैयद मोहम्मद अशरफ अशरफी जिलानी ने इस्लाम की तालीमात व पैगंबर–ए–इस्लाम की सुन्नतों पर रोशनी डाली। उन्होंने युवाओं का मार्गदर्शन कर कहा कि आज के दौर में आधुनिक शिक्षा व धार्मिक शिक्षा दोनों अनिवार्य है। कहा कि इस्लाम हमेशा शांति व मानवता की सेवा का संदेश देता है। हमें बुजुर्गों के बताए रास्ते पर चलकर समाज से बुराइयां मिटाने का संकल्प लेना चाहिए।

**सांई पी0जी0 कालेज, फतेहपुर, बाराबंकी**

**आवश्यकता है**

**प्राचार्य पद**– 01–योग्यता एम0ए0, पी–एच0डी0 एवं 15 वर्ष का अनुभव।

**कला स्नातक प्रवक्ता** – हिन्दी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, उर्दू, शारीरिक शिक्षा, गृहविज्ञान, मध्यकालीन इतिहास, भूगोल, चित्रकला, राजनीति शास्त्र– प्रति विषय 2 पद। **कला परास्नातक प्रवक्ता** – चित्रकला, राजनीति शास्त्र, मध्यकालीन इतिहास, हिन्दी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान– प्रति विषय 4 पद। **वाणिज्य स्नातक प्रवक्ता** – 6 पद।, **वाणिज्य परास्नातक प्रवक्ता** – 6 पद। **बी0 लिब0 प्रवक्ता** – 04 पद। **एम0 लिब0 प्रवक्ता** – 04 पद।

**योग्यता एवं वेतन**– यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन के 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय कार्यालय में अथवा ई–मेल के माध्यम से आवेदन करें।

E-mail- saidcollegeftpbbk@gmail.com

सम्पर्क सूत्र – 8795842276, 8795812276, 9415051509

# नदी में पड़ा मिला किसान का शव, हत्या की जताई आशंका

उन्नाव, अमृत विचार। अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा गांव निवासी किसान का शव पानी में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने उसकी मौत पर शक जता पुलिस को सूचना दी। जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। हड़हा गांव निवासी नन्हें (55) पुत्र मद्धू बुधवार को अपने खेत में गेहूं की फसल में बेटे रामरतन के साथ पानी लगाए था। दोपहर बाद बेटा खाना लेने घर आ गया। लौटने पर पिता खेत में नहीं थे। पंपिंग सेट भी बंद था। इधर-उधर तलाश करने पर भी पता नहीं लगा तो उसने घर में बताया। परिजनों ने तलाश शुरू की तो पंपिंग सेट से 200 मीटर आगे गांव निवासी लाला के खेत के किनारे निकली मौराही नदी के पानी में नन्हे का शव पड़ा मिला। बेटे के मुताबिक पिता का बायां कंधा व बाएं पैर में गर्म लोहे जैसी धातु से जले के निशान थे व गला सूजा था। इससे परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जता पुलिस को जानकारी दी। सीओ बीघापुर मधुपनाथ मिश्र व एसओ ने फोर्स के साथ पहुंच कर जांच की। पति की मौत से पत्नी प्रेम सुंदरी बेटा श्रवण कुमार, रामरतन व बऊवन बेहाल हो गए। परिजनों में चर्चा रही कि नन्हे ने हाल ही में खेती खरीदी थी। जिसे लेकर विवाद चल रहा था। एसओ ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि शव पानी में पड़ा था। जिसे परिजनों ने ही बाहर निकाला है। जांच में कोई जाहिरा चोट नहीं मिली है। प्रथम दृष्टया डूबने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। शव मोर्चरी में रखवाया गया है। गुरुवार को पोस्टमार्टम होगा। तभी मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) टोल–फ्री 1800 1800 5000 वेबसाइट "www.ldalucknow.in"

**–: सार्वजनिक सूचना :–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट–ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन/फ्लैट संख्या | योजना का नाम व सेक्टर/खण्ड | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व0 कविता पाहवा (मृतक) | भूखण्ड संख्या–डी–6 | सेक्टर–एफ, अलीगंज योजना लखनऊ | 10.03.2022 | श्री रोहित पाहवा, श्री समित पाहवा श्रीमती मानसी पाहवा, कु0 प्रिषा पाहवा कु0 डीविजा पाहवा | ––– | पुत्र,पुत्र पुत्रवधू पौत्री,पौत्री |
| 2. | आवंटी/मृतक स्व0 श्रीमती रामलली | भूखण्ड संख्या–6/132 | बालू अड्डा | 25.07.2018 | श्री दिनेश चन्द्र | श्रीमती राधा देवी सैनी | मृतक की विवाहित पुत्री |
| 3. | स्व0 शांती पान्डेय | भवन संख्या–ई–1/689 | विनय खण्ड, गोमती नगर योजना | 12.04.2010 | श्री आनन्द पाण्डेय | ––– | पुत्र |
| 4. | श्री सुदामा | भूखण्ड संख्या–SS-134 | मोती झील योजना | 13.04.2021 | 1. प्रिया जायसवाल | 1. श्री अखिलेश जायसवाल (पुत्र) 2. श्री विवेक जायसवाल (पुत्र), 3. रेनू जायसवाल (पुत्री) | पुत्री |
| 5. | स्व0 आनन्द प्रिय भटनागर | भवन/भूखण्ड सं0– MD-76 | सेक्टर–सी अलीगंज योजना | 23.01.2024 | श्रीमती नन्दिता प्रिय भटनागर श्री मुदित प्रिय भटनागर श्री मधुर प्रिय भटनागर, श्रीमती गरिमा भटनागर | वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर | पत्नी,पुत्र पुत्र,पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

अमृत विचार

लखनऊ, गुरुवार,19 फरवरी 2026 हरदोई



मुकद्दस रमज़ान

अफ्तार : 06.03 बजे, गुरुवार

सहरी : 05.24 बजे, शुक्रवार

## न्यूज ब्रीफ

### रुपये और मोबाइल छीनने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा तिराहे से मारपीट कर रुपए और मोबाइल छीनने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस में तहरीर दी गई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। पाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला काजी सरायं निवासी पीड़ित देवेंद्र कुमार के अनुसार वह अपने मामा जोगेंद्र को मंगलवार की रात करीब 9 .30 बजे बाइक से शाहाबाद छोड़ने आ रहा था। खेड़ा तिराहे पर विवेक कुमार निवासी गिगियानी ने दो अज्ञात साथियों के साथ उसकी बाइक रोककर गाली-गलौज करते हुए मारा पीटा। आरोप है कि युवकों ने उसका फोन और 1, 700 रुपए छीन ली।

### चार लोगों पर जेवर छीनने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पाली थाना क्षेत्र रहने युवक ने जनपद शाहजहांपुर निवासी चार आरोपियों पर पुराने घर में घुसकर पत्नी के ज़ेवर छीनने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़ित हरविंदर सिंह के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के रौजा निवासी गोविन्द शुक्ला अपने पिता और दो अज्ञात साथियों के साथ 1 फरवरी की शाम उसके घर आये। पुराने हिसाब किताब को लेकर उसे गाली गलौज करते हुए पत्नी के ज़ेवर जबरदस्ती उतरवा लिये। पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत एसपी अशोक कुमार मीणा से की है। बुधवार को शाम 4 :00 बजे हरविंदर ने बताया वह काफी भयभीत है और पाली पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

# पहले दिन शांतिपूर्ण संपन्न हुई बोर्ड परीक्षा

## कंट्रोल रूम से केंद्रों की पल-पल की अपडेट लेते रहे अधिकारी, सुरक्षा व्यवस्था रही कड़ी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से प्रारंभ हो गईं। पहले दिन हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की हिंदी विषय की परीक्षा पूरे जिले में शांतिपूर्ण व नकलविहीन संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर अधिकारी पूरी तरह सजग रहे। केंद्रों की पल-पल की अपडेट कंट्रोल रूप पर ली जाती रही।

जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद ने बताया कि पहले दिन दोनों पालियों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न हुईं। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के चलते केंद्रों के आसपास फोटो कापी व इंटरनेट की दुकानें बंद रहीं। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अधिकारी लगातार सक्रिय रहे। मजिस्ट्रेटों ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। प्रशासनिक अधिकारी पल-पल परीक्षा का अपडेट लेते रहे। फिलहाल पहले दिन जिले के किसी भी केंद्र से कोई गड़बड़ी की जानकारी सामने नहीं आई है।



परीक्षा केंद्र पर छात्रों की तलाशी लेते शिक्षक। अमृत विचार

### सीबीएसई बोर्ड की भी हुईं परीक्षाएं

**हरदोई।** इस बार यूपी बोर्ड के साथ ही सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं। जिले में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं भी शांतिपूर्वक संपन्न हुई।



परीक्षा देकर बाहर निकलतीं छात्राएं। अमृत विचार

### परीक्षा देकर लौटी 10वीं की छात्रा ने की खुदकुशी

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा देकर वापस आई छात्रा ने खुदकुशी कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना क्षेत्र के सथरी निवासी श्रीकेश की पुत्री 16 वर्षीय पप्पी सुरसा के दयानंद इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की छात्र थी। बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे छात्रा ने घर के कमरे में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आशंका जताई जा रही है कि शायद छात्रा का पेपर सही न हुआ हो, इसलिए उसने तनाव में आकर ऐसा कदम उठाया हो। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सुरसा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ कर रही है समाचार लिखे जाने तक घटना की स्पष्ट जानकारी नहीं हो सकीं है।

# फूफा के पास रह रहे किशोर की बिगड़ी तबियत, मौत

संवाददाता, हरदोई

- बचपन में पिता की मौत के बाद किशोर को छोड़ गई थी मां
- मौत की सूचना पर पहुंची महिला ने बहनोई पर लगाया आरोप

**अमृत विचार।** सालों से दादी के साथ अपने फूफा के घर रहे किशोर की बीमारी के चलते लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में मौत हो गई। फूफा उसका शव अपने घर उठा लाए,लेकिन उसी बीच सालों बाद सामने आई उसकी मां पुलिस के पास पहुंची और आरोप लगाते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया। मामला पिहानी कोतवाली के सरौरा गांव का बताया गया है।

बताया है कि हरियावां थाने के संधिनावां का मुकेश कुमार पत्नी सुनीता और इकलौते बेटे सूरज के साथ दिल्ली और उसकी बुजुर्ग मां रजाना गांव में रहती थी। तकरीबन 10-11 साल पहले मुकेश की वहीं मौत हो गई और सुनीता सूरज को छोड़ कर चली गई थी। पिहानी कोतवाली के सरौरा निवासी मुकेश के बहनोई राजेश को पता चला तो वह भतीजे सूरज और सास रजाना को अपने साथ लिए गए, तब से दोनों वहीं रह रहे थे,सूरज 17 साल का हो चुका था। राजेश ने बताया कि बुखार आने के बाद से सूरज काफी बीमार पड़ गया,उसका शहर और उसके बाद लखनऊ के निजी हास्पिटल में लाखों खर्च कर इलाज करा रहा था। उसी बीच मंगलवार को उसकी लखनऊ में ही मौत हो गई। वह शव अपने गांव उठा लाया,बुधवार को अंतिम संस्कार की तैयारी हो रही थी,उसी बीच सुनीता की तहरीर पर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए पूछताछ की,उसका कहना है कि शव के पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# डीएम ने की मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कलेक्टेट परिसर में नव निर्मित मंदिर में बुधवार को जिलाधिकारी अनुनय झा को पुरोहितों ने मंत्रों उच्चारण के साथ राम, सीता, लक्ष्मण जी की मूर्ति एवं शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराई। स्थापना के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया।

बताते चलें कि कलेक्ट्रेट में नवीन मंदिर का निर्माण कराया गया है, जिसमें राम-लक्ष्मण व सीता की मूर्तियां विधि विधान पूजन के साथ स्थापित की गई। इससे पूर्व मंगलवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अधिवक्ताओं ने रंग गुलाल उड़ाकर शोभायात्रा और भी आकर्षक बनाया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया था। बुधवार को जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छावड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्टेट सुनील कुमार त्रिवेदी आदि अधिकारियों के साथ भण्डारे में आए हुए संतों, कलेक्टेट के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस व होमगार्ड जवानों आदि को पूड़ी, सब्जी एवं मिष्ठान आदि का वितरण किया। इस अवसर जिला जज रीता कौशिक, एसीजेएम काव्या सिंह, अतिरिक्त मजिस्टेट अरूणिमा श्रीवास्तव, गरिमा सिंह, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।



मंदिर में स्थापित मूर्तियों के साथ डीएम व अन्य।



साधुओं को प्रसाद देते जिलाधिकारी अनुनय झा।

# छात्राओं को दी निवेश की जानकारी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) की तरफ से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के दिशा निर्देशन में क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

सत्र का संचालन मुख्य वक्ता सीएस श्रुति शर्मा, प्रभारी नियामक विभाग, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने कहा कि वह एक कंपनी सेक्रेटरी हैं और उन्हें प्रतिभूति बाजार में 11 वर्षों से अधिक का अनुभव है, जिससे प्रतिभागियों को नियामकीय एवं व्यावहारिक निवेश दृष्टिकोण की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को वित्तीय बाजारों की बेहतर समझ, जिम्मेदार निवेश व्यवहार तथा निवेशक संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्मृति सिंह ने किया, जिसमें प्रो सरिता यादव का विशिष्ट सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमन वर्मा सहित नीता आर्या, डॉ अंजू, डॉ जायरा, डॉ एकता जायसवाल, निधि, भावना सहित छात्राएं मौजूद रहीं।



जागरूकता सेमिनार में जानकारी लेतीं छात्राएं व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई



मृतक रवि की फाइल फोटो।

- जमीन के विवाद में रिश्तेदार कांस्टेबल भाई की धमकी से परेशान होकर जान देने का आरोप

**अमृत विचार।** जमीन पर कब्ज़ा करने की कोशिश में जुटे कांस्टेबल ने अपने रिश्ते के भाई को इस तरह धमकाया कि उसने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला शाहाबाद कोतवाली के फतेहपुर गयंद का बताया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

फतेहपुर गयंद निवासी 32 वर्षीय रवि कुमार सिंह पुत्र जगपाल सिंह ने मंगलवार की देर रात अपने कमरे में मफलर से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह उसकी मां सरला कमरे में गई तो वहां रवि का शव लटकता मिला। रवि के पिता जगपाल सिंह ने बताया कि उसकी चौपाल के पूरब आबादी की ज़मीन है जो पुरखो से उसके कब्ज़े में है। उसी जमीन की चाहरदिवारी उठ रही थी, इसका पता होने पर सोमवार को पचदेवरा थाने के कूड़ी निवासी उसके रिश्ते के भाई शैलेंद्र प्रताप सिंह अपने भाई कौशलेंद्र सिंह के साथ गांव पहुंचा और ज़मीन पर अपना हक़ जताते हुए निर्माण रोकते हुए राजमिस्त्री और मज़दूरों को भगा दिया। शैलेंद्र प्रताप सिंह कांस्टेबल है जो इस समय बाराबंकी में तैनात है। मंगलवार की सुबह रवि की मौजूदगी में निर्माण हो रहा था, उसी बीच दोनों भाई फिर पहुंचे, आरोप है कि पिस्टल लगाए शैलेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिसिया रौब दिखाते हुए गाली-गलौज करते हुए धमकाया था, उसी डर के चलते रवि ने ऐसा कदम उठाया। फिलहाल पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

### डीएम ने जन सनुवाई में सुनीं 66 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे एक निराश्रित महिला पेशन तथा दो बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई में प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया।

# पेड़ पर लटका मिला वृद्ध का शव

संवाददाता, हरदोई, भरखनी



शिव कुमार की फाइल फोटो।

- बेटे ने जमीन की रंजिश में हत्या कर शव लटकाए जाने का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** सौर ऊर्जा आटा चक्की लगा रहे उसके संचालक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। परिजनों ने जमीनी रंजिश में हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जाएगा।

पचदेवरा थाने के अनंगपुर निवासी 65 वर्षीय शिवकुमार अपने गांव से करीब आधा किलोमीटर पूरब शाहाबाद-पिपरिया रोड पर मुर्तज़ानगर में सौर ऊर्जा आटा चक्की बनवा रहा था, उसके बगल में बाइक की एजेंसी है। शिवकुमार के बड़े पुत्र रामकिशोर ने बताया कि वह तीन भाई और पांच बहनें हैं। दोनों छोटे भाई शोभित व विवेक दिल्ली में हैं। उसकी पांचों बहनों की शादी हो चुकी है। मंगलवार की शाम को उसके पिता खाना खाने के बाद उसी आटा चक्की पर चले गए,बुधवार की सुबह वहां के मोनू से पता चला कि उसके पिता का शव आटा चक्की के सामने एक पेड़ पर लटक रहा है, वहीं पर टूटी हुई कुर्सी भी रखी हुई है, पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी। रामकिशोर का कहना है कि उसके पिता ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि हत्या का शव लटकाया गया है। कहा कि उसके परिवार की कई लोगों से जमीन को लेकर रंजिश है। उसी रंजिश में हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया। पुलिस का कहना है कि शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जाएगा।

### रामलीला में अंगद व रावण का हुआ संवाद

**हरदोई, अमृत विचार।** भगवान श्री रामचंद्र जी के चरित्र में वृंदावन से आए हुए सुन्दर कलाकारों द्वारा अंगद रावण संवाद की लीला का मंचन हुआ। रामलीला में दर्शाया गया कि युद्ध से पहले श्रीराम ने अंगद को दूत बनाकर रावण को समझाने के लिए लंका भेजा। लंका पहुंचने पर अंगद की रावण के बेटे नागा से भेट हुई और अंगद ने उसका वध कर दिया। रावण ने अंगद को सभा के मध्य बुलवाया। अंगद ने रावण को बहुत समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना। अंत में अंगद ने रावण की सभा में अपना पैर जमाकर बल का प्रदर्शन किया।

# 1 मार्च को विराट कवि सम्मेलन व 7 को मुशायरे का आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाईश मेला में 25 फरवरी को रावध वध, रावण राजनीति, आतिशबाजी व चिरकुला नत्य कार्यक्रम सायं 5 बजे से रामलीला मैदान में तथा रात्रि 8 बजे भरत मिलाप, राम राज्याभिषेक व राजगद्दी कार्यक्रम का मंचन रामलीला पण्डाल में किया जायेगा और एक मार्च को विराट कवि सम्मेलन रात्रि 9 बजे से रामलीला पण्डाल में आयोजित किया जायेगा।

श्री रामलीला मेला व प्रदर्शिनी कमेटी के मुख्य आयोजक व संचालक राम प्रकाश शुक्ल एडवोकेट ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू हरी बहादुर श्रीवास्तव की स्मृति में गीत गायन प्रतियोगिता के लिए आडीशन 01 मार्च को अपरान्ह 3 बजे से होगा तथा 2 मार्च को अपरान्ह 3 बजे प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी और 7 मार्च को रात्रि 9.30 बजे से अजीमुश्शान मुशायरा का आयोजन रामलीला पण्डासल में किया जायेगा। श्री शुक्ल ने बताया कि विराट वार्षिक दंगल का आयोजन 10, 11 व 12 मार्च को अपरान्ह दो बजे से रामलीला मैदान में किया जायेगा, 14 मार्च को सायं 7 बजे से, 16 मार्च को उन्नीसवां माँ भगवती जागरण रात्रि 8 बजे से तथा 17 मार्च को कन्या भोज व भण्डारे का आयोजन प्रातः 9 बजे से रामलीला पण्डाल में किया जायेगा।

# हरैया में रामदल का आगमन आज, तैयारियां पूरी

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** महर्षि दधीचि के देह दान और भगवान राम के समय से जुड़ी 84 कोसीय परिक्रमा की शुरआत 18 फरवरी से हो गई है। जनपद हरदोई में दूसरे पड़ाव हरैया पहुंचेगी, पड़ाव पर अफसरों ने व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। नदी के किनारे स्नान के लिए बालू की बोरियां लगाई और महिलाओं को कपड़े बदलने से लेकर साफ-सफाई व्यवस्था चाक चौबंद कर ली हैं। वहीं संतों के आगमन पर पुष्पवर्षा करने की तैयारी की गई है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा में नैमिषारण्य में डंका बजते ही शुरू हुई 84 कोसीय परिक्रमा का दूसरा पड़ाव वृहस्पतिवार की भोर हरैया पहुंचेगा, भिरिया घाट से गुजरी गोमती नदी में भक्त स्नान करते हुए हरैया में डेरा डालेंगे।लेखपाल मनोज ने बताया कि संडीला एसडीएम व सीओ संडीला संतों पर पुष्पवर्षा करेंगे। परिक्रमा समिति के महासचिव बनगढ़ महन्त सन्तोष दास खाकी ने बताया कि इसबार परिक्रमा मेला में पिछले वर्ष से अधिक भीड़ होने की सम्भावना है। पड़ाव पर साफ-सफाई कराई गई है, प्रवेश द्वार के साथ साथ चूना डाला गया है।हरैया पड़ाव स्थल पर 300 से अधिक पुलिस कर्मी व 13 लेखपाल व 2 कानून गो निगरानी में रहेंगे।



दुकानें लगाते दुकानदार। अमृत विचार

### गांव में होगा उत्सव

पड़ाव स्थल हरैया के आसपास गांव के लोग साधू-संतों के स्वागत के लिए खान पान के साथ साथ विश्राम की व्यवस्था में जुटे हुए हैं, घरों के बाहर चित्रकारी के साथ गोबर व गेरू से पुताई की हुई है। रिश्तेदार भी आ गये है। गांव में उत्सव जैसा माहौल है।

# देखा गया रमज़ान का चांद, आज से शुरू होंगी तरावीह की नमाज़ें

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** पवित्र रमज़ान माह का चांद नजर आते ही नगर में खुशी और इबादत का माहौल बन गया। चांद दिखने की पुष्टि के साथ ही आज से मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ अदा की जाएगी। मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद दी और इबादत की तैयारियां शुरू कर दीं।

कस्बा बिलग्राम की ईदगाह मस्जिद मलकंठ में इस वर्ष भी पिछले साल की तरह हाफिज़ अहमद बिलग्रामी 27 दिनों में मुकम्मल कुरआन पाक सुनाएंगे। बड़ी मस्जिद मलकंठ में मौलाना नफीस 20 से 22 दिनों में तरावीह के दौरान कुरआन मुकम्मल करेंगे।

वहीं आयशा मस्जिद में हाफिज़ सुहैल जिया 13 दिनों में तीन पारे की तिलावत पूरी करेंगे। छोटी मस्जिद मलकंठ में हाफिज़ डॉ. अरमान सात दिनों में कुरआन मुकम्मल फरमाएंगे। रमज़ान के महीने को लेकर मस्जिदों में विशेष साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था की गई है। रोज़ेदारों में उत्साह देखा जा रहा है। उलेमा ने लोगों से रमज़ान के महीने में इबादत, रोज़ा, नमाज़ और जरूरतमंदों की मदद पर विशेष ध्यान देने की अपील की है।

उपलब्धि — लखनऊ में आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में नरायनदेव विद्यालय के बच्चों ने मारी बाजी

# कबड्डी प्रतियोगिता में जीते गोल्ड व सिल्वर मेडल

संवाददाता, कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम लखनऊ में आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में विकास खंड कछौना के प्राथमिक विद्यालय नरायनदेव के प्राथमिक विद्यालय की बालिकाओं व बालकों ने कबड्डी में गोल्ड मेडल प्राप्त कर कछौना ब्लॉक का नाम रोशन किया है।

मेडल जीतने के बाद स्कूल पहुंचे विजेताओं का स्थानीय लोगों ने स्कूल पहुंचकर स्वागत कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। सभी ने कहाकि इस सफलता से छात्रों में जो उत्साह है वह दर्शाता है कि अगर मेहनत की जाए तो सफलता कदम जरूर चूमती है। फाइनल मुकाबले में कछौना की टीम ने अपने प्रतिद्वंदी टीम लखीमपुर खीरी को कड़े संघर्ष के बाद पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। बालकों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। बालकों की टीम ने उन्नाव की टीम को मात देकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। ग्रामीण क्षेत्र में सीमित संसाधनों व बिना खेल भावना के प्रशिक्षक, शिक्षक योगेश कुमार तिवारी के हौसला व मार्गदर्शन में बालिका टीम वर्षा सिंह, माही सिंह, नेहा देवी, कोमल, फिजा, निदा, ज्योति देवी, पायल, वंदना, अनुष्का, अंशिका, अर्चना ने स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया उन्होंने साबित कर दिया बेटियां किसी से काम नहीं है। बालक टीम आदर्श, संजीवन, दीपक, महताब, राज सुमित, रवि, कपिल, रंजीत, सुमित वर्मा, अनस ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। स्कूल में बच्चों को ओमकार तिवारी, गणेश तिवारी आदि ग्रामीणों अभिभावकों ने सम्मानित किया।



प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले बच्चों के साथ शिक्षक। अमृत विचार

### रेलवे चिकित्सक ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बालामऊ से पहुंचे रेलवे चिकित्सक डॉ. आशीष ने करीब 10 रेल कर्मचारियों का परीक्षण किया। जांच के दौरान अधिकांश कर्मचारियों में उच्च रक्तचाप (बीपी) और मधुमेह (शुगर) से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। चिकित्सक के अनुसार अनियमित दिनचर्या, लगातार शिफ्ट ड्यूटी और पर्याप्त आराम की कमी इन बीमारियों की प्रमुख वजह बन रही है।डॉ. आशीष ने बताया कि कई कर्मचारी दिन-रात की ड्यूटी में व्यस्त रहते हैं, जिससे उनका खानपान और नींद का समय प्रभावित होता है।

# कोडीन सीरप की खरीद में मेडिकल स्टोर पर छापा, खरीद-बिक्री पर रोक

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** कोडीन सीरप खरीदे जाने की शिकायत पर औषधि निरीक्षक ने एक मेडिकल स्टोर पर छापा मार दिया। छापे के दौरान सीरप या अन्य कोई प्रतिबंधित चीज नहीं मिली। हालांकि सीरप खरीदा गया था, लेकिन वह वापस कर दिया गया था। संदिग्ध स्थिति को देखते हुए दुकान पर खरीद बिक्री रोकने के निर्देश जिला औषधि निरीक्षक ने दिए।


बताते चले कि कस्बा स्थित सुरेश मेडिकल स्टोर पर औषधि स्वागिता घोष ने छापा मारा। छापे के दौरान पता चला कि कानपुर नगर की फर्म मार्क रेमिडीज से कफ सीरप खरीदी गई थी। दुकान संचालन ने उसकी वापसी के कागजात भी दिखाए। औषधि निरीक्षक ने स्टाक निरीक्षण व अन्य अभिलेखों की जांच की। जांच के दौरान कोई प्रतिबंधित दवाएं नहीं पाई गई, लेकिन वापसी के कागजात सही न होने के कारण औषधि निरीक्षक ने अग्रिम आदेशों तक दुकान में बिक्री व खरीद पर रोक लगा दी। इस कार्रवाई से गड़बड़ी करने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।



निरीक्षण करतीं औषधि निरीक्षक स्वागिता घोष।

अमृत विचार





**पहला रोजा**

**शिया**
सहरी : 05.09 बजे
अफ्तार : 06.14 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 05.17 बजे
अफ्तार : 06.04 बजे

# 84 कोसी परिक्रमा: बोलो कड़ाकड़ सीताराम...सीताराम सीताराम

## 84 कोसी परिक्रमा का शंखनाद, राम के उद्घोष से गुंजायमान हुई नैमिष की पावन धरा, नैमिष से साधु-संतों का जत्था रवाना

संवाददाता, मिश्रिख (सीतापुर)

**अमृत विचार:** त्रेतायुगीन मर्यादाओं और सनातन संस्कृति की अटूट आस्था का प्रतीक 84 कोसी परिक्रमा बुधवार को फागुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर ब्रह्म मुहूर्त में पूरे विधि-विधान के साथ प्रारंभ हो गई। भोर की पहली किरण फूटने से पहले ही नैमिषारण्य की गलियां 'बोल कड़ाकड़ सीताराम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठीं। चक्रतीर्थ और आदि गंगा गोमती में पुण्य स्नान के बाद हजारों की संख्या में संतों, महंतों और श्रद्धालुओं का रेला अपने पहले पड़ाव 'कोरौना' की ओर कूच कर गया। ब्रह्म मुहूर्त में गूंजा डंका, रथ पर सवार होकर निकले महंत परंपरानुसार, बुधवार तड़के करीब 3.40 बजे पहले आश्रम में डंका बजाकर परिक्रमा के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की गई। डंके की चोट के साथ ही विभिन्न मठों, मंदिरों और धर्मशालाओं में विश्राम कर रहे श्रद्धालु पुण्य पथ की ओर बढ़ चले। इसके उपरांत, 84 कोसी परिक्रमा के अध्यक्ष महंत नारायण दास भव्य रथ पर सवार होकर निकले। उनके आगे घोड़े पर सवार करिया बाबा पारंपरिक रूप से डंका बजाते हुए चल रहे थे, जो इस ऐतिहासिक यात्रा की अगुवाई का प्रतीक है।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डंका बजने से पूर्व ही, यानी रात 2 बजे से ही श्रद्धालुओं का जत्था प्रस्थान करने लगा था, जिसे नियंत्रित करने के लिए जिला पुलिस, पीएसी और आसपास जनपदों का पुलिस बल मौजूद था।


डंका बजने के बाद नैमिष से निकलते साधु-संत व अन्य। अमृत विचार


मुख्य मार्ग से पहले पड़ाव की ओर प्रस्थान करते परिक्रमार्थी।


पहले पड़ाव की ओर जाता महिलाओं का जत्था। अमृत विचार

### संतों का किया गया अभिनंदन

ललिता देवी मंदिर चौराहे पर माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। यहां परिक्रमा के अध्यक्ष महंत नारायण दास, बनगढ़ आश्रम के महंत संतोष दास खाकी, महामंडलेश्वर स्वामी विद्यानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर स्वामी सदा शिवेंद्र और स्वामी विमलानंद सरस्वती सहित प्रमुख संतों का स्वागत किया गया। एसडीएम मिश्रिख अभिनव यादव, मेलाधिकारी जनार्दन, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनेंद्र अवस्थी, ईओ विध्यांचल और क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता ने रथों पर पुष्प वर्षा की और संतों को तिलक लगाकर व माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। यात्रा में कोई पैदल नंगे पांव चल रहा था, तो कोई साइकिल और मोटरगाड़ी के सहारे इस पुण्य पथ का राही बना।

### आस्था के आगे थकान बेअसर

इस बार परिक्रमा में केवल उत्तर भारत ही नहीं, बल्कि नेपाल सहित अन्य देशों से आए विदेशी श्रद्धालुओं का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। मुख्य द्वार पर माथा टेककर और दंडवत करते हुए श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा शुरू की। यात्रा की सबसे मनमोहक तस्वीर वह थी, जहां नन्हे बच्चों के कदमों की गति और लाठी थामे बुजुर्गों का उत्साह एक समान था। किसी के चेहरे पर थकान का नामो-निशान नहीं था, बल्कि पहले पड़ाव 'कोरौना' पहुंचने की एक अद्भुत व्याकुलता और भक्ति दिखी। स्थानीय लोगों में भी परिक्रमा को लेकर काफी उत्सुकता है। लोगों ने साफ-सफाई के साथ अन्य तैयारियां की हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गोवंशों को अलग रखने का दिया निर्देश

**लहरपुर, सीतापुर।** खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) शैलेंद्र सिंह ने विकासखंड क्षेत्र के ग्राम शेरपुर स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 400 गौवंश गौ आश्रय स्थल पर संरक्षित पाए गए। उन्होंने कहा कि नंदी वंश, नवजात गौवंश एवं वयस्क गौ वंशो को अलग-अलग रखने के लिए व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

### हरीशंकर बने प्रदेश अध्यक्ष

**बिसवां, सीतापुर।** दिव्यांग, निराश्रित, वृद्ध एवं अनाथजनों के हित में कार्यरत आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन संगठन को विस्तार करने के लिए फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने संगठनात्मक विस्तार किया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने हरीशंकर गुप्ता को उत्तर प्रदेश का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

### औचक निरीक्षण

**खैराबाद, सीतापुर।** इलाके में सरैया सानी स्थित शराब की दुकान का आबकारी निरीक्षक ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सप्लाई इंस्पेक्टर ने सप्लायर शिवा को दुकान खोलने और बंद करने के निर्धारित समय का पालन करने के निर्देश दिए।

# आस्था की डगर में सौहार्द का संगम, मुस्लिमों ने बरसाए फूल

**औरंगाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** 84 कोसी परिक्रमा पथ पर प्रेम और सौहार्द्ध का संगम नजर आया। यहा समाजसेवी अकिब रब्बानी व औरंगाबाद के प्रधान नफीस अहमद ने नेतृत्व मे मुस्लिम समाज ने संत महंतों का स्वागत माला पहनाकार किया गया, साथ ही श्रद्धालुओं पर पुष्प बरसाए गए। पहला महंत व परिक्रमा समिति के अध्यक्ष नारायण दास बनगढ़ मंहत सन्तोष दास खाकी का सबसे पहले अंगवस्त्र पहनाकार फलों की टोकरी भेंट कर स्वागत किया। ऐसे में महंत ने रथ से उतरकर अकिब रब्बानी को भी माला पहनाकार स्वागत के लिए आभार जताया। महंत ने कहा कि भारतीय संस्कृति का आधार यही सद्भाव व भाईचारा है। भारतीय संस्कति में सभी धर्मो का आदर सम्मान है। हम सबको इस पर गर्व है। यही भारतीयता की विरासत है।


महंत को फलों की टोकरी देते आकिब रब्बानी। अमृत विचार

# कड़ी सुरक्षा के बीच बोर्ड परीक्षा शुरू, डीएम ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से जिले में कड़ी सुरक्षा और शुचिता के दावों के बीच शुरू हो गईं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद के 146 केंद्रों पर पहले दिन कुल 95,070 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं जिसमें से हाईस्कूल के 51,418, परीक्षार्थी , इंटरमीडिएट के 43,652 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। प्रशासन ने नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। परीक्षा की शुचिता परखने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज और राजारघुबर दयाल इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने सीसीटीव कैमरे, वॉयस रिकॉर्डर, साफ-सफाई और शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की बारीकी से जांच की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त लहजे में हिदायत दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल और डीआईओएस राजेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया, जहां से जिले के सभी केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। विशेष रूप से चिन्हित चार संवेदनशील केंद्रों पर प्रशासन की पैनी नजर है।


राजकीय इण्टर कॉलेज का निरीक्षण कर बाहर निकलते डीएम-एसपी।


प्रथम पाली की परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलकर वाहन से जाते छात्र।

### सुरक्षाकर्मी रहे लापता

परीक्षा के पहले दिन कुछ केंद्रों के गेट पर सुरक्षाकर्मियों की अनुपस्थिति की शिकायतें भी सामने आईं, जिस पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए हैं।

> शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्णत: नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्थाओं से समझौता करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी।
>
> **- डॉ. राजागणपति आर.** जिलाधिकारी

# महिला ने खुद की नाली की सफाई

- **सकरन ब्लॉक क्षेत्र के सांडा गांव में बदहाल सफाई व्यवस्था नालियां कचरे से पटीं**

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड सकरन के सांडा गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल है। नालियां चोक और गलियां गंदगी से पटी हैं। ऐसे में हालात से तंग आकर गांव की महिला सीमा ने खुद झाड़ उठाकर सफाई शुरू कर जिम्मेदारों को आईना दिखाया है।

स्वच्छता अभियान के दावों के बीच सांडा गांव की तस्वीरें हकीकत बयां कर रही हैं। गांव में नालियां कचरे और प्लास्टिक से जाम हैं, जिससे जलभराव और दुर्गंध फैल रही है। संक्रामक बीमारियों की आशंका से परेशान सीमा नाम की महिला ने प्रशासन का इंतजार छोड़ खुद नालियों की सफाई शुरू कर दी। हाथ में झाड़ू और फावड़ा लेकर कचरा निकालती उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी चर्चा में हैं। ग्रामीण अमन, खातून, चांद बाबू, लक्ष्मी, गुड्डु, पप्पू व छोटू ने सफाईकर्मियों की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि कर्मचारी कागजों में ही तैनात हैं। इस मामले में बीडीओ सकरन श्रीष कुमार गुप्ता ने कहा कि रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगती है। जांच कराकर समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।


गंदगी से चोक नालियों की साफ सफाई करती महिला। अमृत विचार

# परिक्रमा के लिए आए रिटायर्ड फौजी की मौत

**नैमिषारण्य, सीतापुर।** प्रसिद्ध 84 कोसी परिक्रमा में शामिल होने आए मध्य प्रदेश के भिंड निवासी रिटायर्ड फौजी परमाल सिंह (62) का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, गोमती तट पर स्नान के बाद वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। साथियों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परमाल सिंह अपने 65 साथियों के साथ तीर्थयात्रा पर निकले थे और मंगलवार को ही नैमिषारण्य पहुंचे थे। आरोप है कि अस्पताल ले जाते समय रेलवे क्रॉसिंग का फाटक बंद होने के कारण एम्बुलेंस करीब पांच मिनट तक फंसी रही, जिससे इलाज में देरी हुई।

# एएनएम का वेतन रोका, आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने हरगांव विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय सेमरी मोतिमदपुर और वहां संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही मिलने पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया।

निरीक्षण के दौरान एएनएम पिंकी देवी के पास बीपी मशीन और हीमोग्लोबिन मीटर खराब पाए गए। साथ ही, जनसंख्या के अनुपात में गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कम होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। लापरवाही के चलते डीएम ने एएनएम का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। आंगनवाड़ी में पुष्टाहार वितरण में अनियमितता और वजन मशीन न होने पर कार्यकत्री सुनीता देवी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी को फोन पर निगरानी में ढिलाई बरतने के लिए कड़ी फटकार लगाई गई। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


विद्यालय में रजिस्टर चेक करते करते जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर.।

### किसानों की समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकता: डीडीओ

**सीतापुर।** विकास भवन सभागार में बुधवार को जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 'किसान दिवस' का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों की समस्याओं को सुनते हुए डीडीओ ने स्पष्ट किया कि शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि एक अप्रैल से पीएम किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रों पर सब्सिडी और फसल विक्रय का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा।

# सदरपुर में घर का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी, रोष

**सदरपुर, सीतापुर।** रात के अंधेरे में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। शातिरों ने यहाँ से कीमती गहनों समेत करीब पांच लाख रुपये की संपत्ति पार कर दी। सदरपुर थाना क्षेत्र के अन्नीपुर गांव में हुई वारदात के बाद गांव के लोगों ने पुलिस पिकेट पर सवाल उठाए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

अन्नीपुर गांव निवासी रामप्रवेश वर्मा के मुताबिक वे सोमवार रात परिवार समेत बाहरी कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान चोर अंधेरे का फायदा उठाकर घर में घुस आए और अंदर के कमरे का ताला तोड़ दिया। अलमारी और बक्से का लॉक तोड़कर उसमें रखे 68 हजार रुपये नकद, सोने के गहने सहित कपड़े व बर्तन समेट ले गए। चोरी गई संपत्ति की कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई गई है। सुबह जागने पर कमरे का दरवाजा खुला और सामान बिखरा देख परिवार को वारदात की जानकारी हुई। थाना प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया कि जांच की जा रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।



# किसान की असली ताकत खेती

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** चतुराबेहड़ स्थित भगवती प्रसाद विद्या मंदिर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पहुंचे। कार्यक्रम पूर्व जिलाध्यक्ष नंद किशोर वर्मा बाबू जी की स्मृति में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसान व संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान टिकैत ने कहा कि नंद किशोर वर्मा जमीन से जुड़े कर्मठ कार्यकर्ता थे और वर्ष 2020-21 के दिल्ली किसान आंदोलन में भी सक्रिय रहे। उनके निधन के बाद संगठन ने उनके पुत्र बबलू वर्मा को दायित्व सौंपा है। किसानों को संबोधित करते हुए टिकैत ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में खेती की जमीन न बेचें। उन्होंने कहा कि खेती किसान की असली ताकत है, जमीन बिकने से सामाजिक और आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय किसान व बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


श्रद्धांजलि सभा के दौरान जाते हुए किसान नेता राकेश टिकैत। अमृत विचार

- **श्रद्धांजलि सभा में महमूदाबाद पहुंचे राकेश टिकैत**

# गोष्ठी में दी आधुनिक खेती की जानकारी

**लहरपुर, सीतापुर।** लालपुर बाजार स्थित एक निजी लॉन में अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड हरगांव द्वारा एक विशाल किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित किसान गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उप गन्ना आयुक्त लखनऊ मंडल आर डी द्विवेदी शामिल हुए। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हरगांव सुनील कुमार कनौजिया ने गन्ना खेती के बारे में जुताई से लेकर सिंचाई, गुड़ाई, रोग कीट नियंत्रण आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर किसान महेंद्र दत्त मिश्रा, उमाशंकर तिवारी, धीरु सिंह, शीतला प्रसाद, रमाकांत, योगेश मिश्रा सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# राशन कार्ड ई-केवाईसी में सुधार को ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने कलेक्ट्रेट स्थित शिविर कार्यालय में खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए।।बैठक जिलाधिकारी ने ई-केवाईसी की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर इसमें सुधार किया जाए।

निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवनों के लिए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और जो कार्य अभी शुरू नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। पूर्ण हो चुके भवनों के हस्तांतरण की प्रक्रिया जल्द पूरी करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में राशन का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। जिले में रिक्त राशन की दुकानों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत जल्द आवंटित करने और एसएसडीजी के लंबित आवेदनों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**बाढ़-कटान** | **रामपुर मथुरा में शुकुल पुरवा के कटान पीड़ितों के सामने आ रहीं मुश्किलें**

# तिनकों के सहारे आशियाना बनाने की जुगत

संवाददाता रामपुर मथुरा

**अमृत विचार:** बाढ़-कटान पीड़ितों को दोहरे दर्द है। एक ओर संसाधनों की कमीं तो दूसरी ओर अव्यवस्थाओं का बोल-बोलबाला। आलम ये है कि गृहस्थी तो दूर सिर छुपाने की जगह के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है।

ये हाल रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र के शुकुलपुरवा गांव वासियों का है। नदी किनारे और बांध पर तिरपाल के नीचे रह रहे पीड़ित अब आवंटित भूमि पर अपने फूस के पुराने छप्परों को किसी तरह जोड़-गांठ रहे हैं। विक्रम, बदलू और छबीले का कहना है कि मजदूरी से जैसे-तैसे पेट पल रहा है, पक्का मकान बनना मुश्किल है, ऐसे में छप्पर ही दुरुस्त हो जाए तो बहुत है। कटान पीड़ित गिरधारी और संकटा प्रसाद का दावा है कि महमूदाबाद तहसील प्रशासन द्वारा दी गई जमीन मानक से काफी कम है। ननकुन्ना और सर्वेश का आरोप है कि नदी के पास पर्याप्त भूमि है। ये भूमि आमजन को राहत दे सकती है। लेकिन रसूखदारों के संरक्षण में कुछ दबंग बड़े समय से काबिज हैं। ऐसे में फसले उगाकर आजीविका चलाना मुश्किल हो गया है।




आशियाना बनाते कटान पीड़ित व सिर पर ढोकर गृहस्थी ले जाते ग्रामीण परिवार। अमृत विचार

> हर जगह किसी को उसके हिसाब से नहीं जमीन नहीं दे सकते। राजस्व संहिता के मानक के अनुसार हमने सभी जमीनें दे दी हैं, उसके बावजूद भी ग्रामीण वहां नहीं जा रहे हैं तो मैं क्या करूं। **वीके सिंह, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद**

# परीक्षा देने जा रहे दो छात्र हादसे में घायल

**रामपुर मथुरा, सीतापुर।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे दो छात्र बुधवार सुबह सड़क हादसे का शिकार हो गए। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के ग्राम चिमलई निवासी नान्हू प्रसाद अपने पुत्र अमरेश (17) और भतीजे अजय कुमार (17) को बाइक से राम जानकी इंटर कॉलेज कोठवल ले जा रहे थे। सुबह करीब छह बजे तुलसीपुर खरिका गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें तुरंत सीएचसी पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने अमरेश की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बाराबंकी के लिए रेफर कर दिया है। अजय कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद परिजन परीक्षा दिलाने ले गए।


अदबी महफिल के दौरान उपस्थित शायर। अमृत विचार

# अदबी महफिल में शायरों ने बांधा समां

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार।** कस्बे के मिरदही टोला में हिंदू मुस्लिम एकता मंच के तत्वावधान में साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता शायर मोहम्मद अहमद आकिल ने की तथा संचालन सैय्यद अतीक बिसवानी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हाफिज आफाक की तिलावत से हुआ। शफीक बिसवानी, तलहा अख्तर सहित कई शायरों ने नात व गजलें पेश कर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। मंच की ओर से शायरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# पत्नी का लटका मिला शव, पति हिरासत में

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली नगर के त्रिवेदी कॉलोनी में रागिनी मिश्र (36) का शव उनके कमरे में फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने बताया कि रागिनी के सिर से खून टपक रहा था और आंगन में टूटी चूड़ियां बिखरी मिलीं, आरोप है कि हत्या कर शव को लटकाया गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सुबह घर से मारपीट की आवाजें सुनी थीं। रागिनी की शादी 2016 में शिक्षक अतुल मिश्र से हुई थी। उनके दो छोटे बच्चे भी हैं। पुलिस ने पति अतुल को हिरासत में ले लिया है, जबकि सास फिलहाल फरार है। रागिनी के मायके पक्ष ने हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि रागिनी को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था।

# कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी की निगरानी में बोर्ड परीक्षा शुरू

## डीएम-एसपी समेत अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, कंट्रोल रूम से की जा रही मॉनिटरिंग



स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।


बछरावां क्षेत्र में बने परीक्षा केंद्र पर सीट प्लानिंग को देखते बच्चे। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल-इंटर परीक्षा 2026 बुधवार से प्रारंभ हो गई। चाक चौबंद सुरक्षा के बीच छात्र-छात्राओं ने दोनों पालियों में परीक्षा दी। इस दौरान किसी भी सेंटर से कोई अव्यवस्था सामने नहीं आई। डीएम हर्षिता माथुर, एसपी रवि कुमार समेत जिला स्तरीय अधिकारियों ने आवंटित केंद्रों का निरीक्षण किया। इससे पहले सुबह गहन तालाशी के बीच छात्र-छात्राओं को कक्षों में जाने दिया गया। इस दौरान जीजीआईसी में बने कंट्रोल रूम से प्रत्येक केंद्र पर निगरानी रखी जा रही है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज व पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को नौ जोन व 19 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 107 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है। साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम में सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, जिसका अवलोकन किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**पांच केंद्रों पर परीक्षा शुरू, दौड़ते रहे सचल दस्ते, महराजगंज:** क्षेत्र के पांच बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच पहले दिन की बोर्ड परीक्षा सम्पन्न हो गई। परीक्षा केंद्रों में राजकीय इंटर कॉलेज हलोर, स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर, राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज व न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू समेत पांच केंद्रो पर पहले दिन सुबह की पाली में हाईस्कूल व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं सकुशल संपन्न हुई। दोनों पालियों की बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए सचल दस्ते केन्द्रवार भागदौड़ करते देखे गए। सुबह की पाली में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने हलोर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज पहुंच कर परीक्षा का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा प्रभारी बृजेश तिवारी को नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

> माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल-इंटर परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। कहीं पर कोई अव्यवस्था सामने नहीं आई है। 3304 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों पर सीधी नजर रखी जा रही है।
> –संजीव कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक।

**पहले दिन 3304 ने छोड़ी परीक्षा:** परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में 3304 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 1257 बालक और 782 बालिका, जबकि द्वितीय पाली में 823 बालक और 442 बालिकाओं ने परीक्षा छोड़ दी। इस दौरान कहीं पर कोई नकलची नहीं मिला।

### परीक्षा पर एक नजर

परीक्षा केंद्र – 107

**परीक्षा प्रथम पाली हाईस्कूल**
कुल परीक्षार्थी– 37777
उपस्थिति– 35738
अनुपस्थिति– 2039

**परीक्षा द्वितीय पाली इंटर**
कुल परीक्षार्थी– 30946
उपस्थिति– 29681
अनुपस्थिति– 1265

### परीक्षा के दौरान प्रशासन रहा सतर्क

**बछरावां (रायबरेली)।** क्षेत्र के श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, आदर्श इंटर कॉलेज, जीपीआरपी इंटर कॉलेज, जीएसजी इंटर कॉलेज और उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज सहित एक दर्जन से अधिक विद्यालयों में बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई हैं। प्रथम पाली 8 :30 बजे से 11 :45 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न दो बजे से शाम 5 :15 बजे तक चलेगी। परीक्षा को लेकर प्रशासन ने पूरी तरह कमर कस ली है। परीक्षा केंद्रो पर सुबह से ही छात्र–छात्राओं की लंबी लाइन देखने को मिली। इस दौरान नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए प्रशासन सतर्क रहा।


कंट्रोल रूम के बारे में डीएम हर्षिता माथुर और एसपी रवि कुमार को जानकारी देते डीआईओएस संजीव कुमार सिंह।

# पेड़ से टकराकर पलटी कार, तीन की मौत

डीह (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में परशदेपुर-रायबरेली मार्ग पर किरही नाला के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर पलट गई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। घायलों का अस्पताल अस्पताल पहुंचाया गया।

बुलंदशहर जिले के थाना चांदपुर के मंशागढ़ी नगलिया निवासी मुकेश पुत्र रनवीर अपने बेटे दिव्यांश और साले अलीगढ़ जिले के थाना अकराबाद के जिरौली गांव निवासी रामू पुत्र सुभाष के साथ प्रतापगढ़ के सांगीपुर के पूरे तिलकदास, लखनपुरसूर निवासी चंदन मिश्रा की बहन ज्योति मिश्रा की शादी में शामिल होने ट्रेन से आ रहे थे। चंदन मिश्रा अपने दोस्त दीपांशु पटवा के साथ कार से सभी को लेने रायबरेली रेलवे स्टेशन गया था। वहां से सभी को लेकर वापस आते समय कार गोपालपुर गांव में किरही नाला के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गई। कार में पीछे बैठे मुकेश, उनके पुत्र दिव्यांश और साले रामू की मौत हो गई। जबकि चंदन मिश्रा और दीपांशु का इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे डीह थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज व चौकी प्रभारी मोहित भारद्वाज ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


हादसे में क्षतिग्रस्त कार को देखते लोग। अमृत विचार

- परशदेपुर-रायबरेली मार्ग पर किरही नाला के पास हुआ हादसा दो की हालत गंभीर

**मानो काल कर रहा था इंतजार, मचा कोहराम:** बुलंदशहर जिले के रहने वाले मुकेश, उसका बेटा दिव्यांश और साला अलीगढ़ जिले का निवासी रामू को क्या पता था कि आगे काल इंतजार कर रहा था। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई रो-रोकर उनका बुरा हाल है। सभी बार-बार यही कह रहे है कि मानो काल ने उन्हे यहां खीच लाया हो। इस दौरान शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गई। हर कोई घटना से अवाक है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बछरावां, रायबरेली।** लखनऊ–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सारीखेड़ा गांव के पास अज्ञात कार की जोरदार टक्कर से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल बाइक सवार मोहम्मद साहिल पुत्र वाहिद अली निवासी रामपालगंज मजरे नीमटीकर, जो कि अपनी बाइक से उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए चुरुवा गांव से वापस अपने गांव आ रहा था। जैसे ही वह सारी खेड़ा गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वही टक्कर मारने के बाद कार चालक मय वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

### बाइकों की टक्कर में एक की मौत व दो घायल

**अटौरा (रायबरेली)।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र की अटौरा चौकी क्षेत्र के रायबरेली-लालगंज मार्ग पर केलौली चौराहे के निकट दो मोटरसाइकिल सवारों की आपस में टक्कर हो गई। इसमें एक की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। गंभीर स्थिति देखते हुए सीएचसी से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। क्षेत्र के सतांव गाँव निवासी रामदेव (60) पुत्र रामपाल व आशीष (29) पुत्र गुलजारी लाल बुधवार की शाम अपनी बाइक से रायबरेली की तरफ से वापस आ रहे थे। जैसे ही वह केलौली चौराहे के निकट पहुँचे तो सामने से आ रहे बाइक सवार मोहम्मद नफीस पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी सेमरपहा से टक्कर हो गई, जिसमें मोहम्मद हनीफ की बाइक अनियंत्रित होकर रायबरेली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो से टकरा गई। घटना में तीनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने नफीस को मृत घोषित कर दिया। रामदेव व आशीष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### डीएम ने निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

**रायबरेली, अमृत विचार।** बुधवार को डीएम हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया व कार्यो की गहन समीक्षा कर अवलोकन किया। डीएम ने संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक (प्रथम), न्याय सहायक (द्वितीय), शिकायत प्रकोष्ठ, न्याय सहायक (प्रथम), लेखाकार, डीएलआरसी, स्थापना, आंग्ल अभिलेखागार, डिस्पैच पटल का निरीक्षण कर पटल से सम्बन्धित कार्यो की गहन समीक्षा की गई व अभिलेखों के रख–रखाव को देखा गया। इसके पश्चात अभिलेखागार का निरीक्षण किया गया। डीएम ने कार्यरत कार्मिकों की सेवा पुस्तिका का अवलोकन किया, जिसमें सभी कार्मिकों की सर्विस बुक अपडेट पायी गई। इसके पश्चात डीएम ने सेवा निवृत्त व स्थानान्तरित कार्मिकों की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि किस पटल में क्या कार्य किया जाता है उसको प्रॉपर डिस्प्ले किया जाए। प्रतिदिन लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उसको फॉलोअप किया जाए, जिससे लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सके। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, एसडीएम अहमद फरीद खान, सचिन यादव, विवेक राजपूत, सारा अशरफ आदि उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट में अभिलेख जांचतीं डीएम हर्षिता माथुर।

### भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा कार्यालय अटल भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना और संगठन को मजबूत करना है। यह अभियान 7 मार्च से 14 अप्रैल तक चलेगा और इसमें बूथ स्तर तक प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष बुद्धी लाल पासी ने कहा कि जो सीखता है वही आगे बढ़ता है, और जिस दिन सीखना बंद होगा, उसी दिन आपका विकास भी रुक जाएगा। इस अवसर पर जिला संयोजक देवेंद्र सिंह, सहसंयोजक शरद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा, भाजपा नेता जेपी सिंह, प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप यादव, बृजेश दत्त गौड़, शिवेंद्र सिंह, रामदेव पाल, राधेश्याम पाल, वीरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, प्रोफेसर अविनाश सिंह आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खडण्जा लगवाने की कवायद शुरु

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** सिंचाई विभाग हैदरगढ़ खण्ड ने आवागमन के रास्ते को सुलभ बनाने के लिए बैंती रजबहा की कच्ची पटरी पर खडण्जा लगवाने की प्रकिया शुरू कर दी है। गौरतलब कि 10 .3 किलोमीटर लम्बी बैंती रजबहा की पटरी रायबरेली और बाराबंकी जनपद को आपस में जोड़ती है। जिसके चलते इस सम्पर्क मार्ग से नेमुलापुर, कुम्भी, तरौजा, दौलत खेड़ा, पूरे पान कुंवर खेड़ा, बैंती, मथुरा नगर, निहाल खेड़ा, जगन्नाथपुर, देहली, सूरजपुर, बड़वल सहित दर्जनों गांवों का इस सम्पर्क मार्ग से आवागमन है। रजबहा की 10 .3 किमी पटरी में से 7 किलोमीटर पटरी कच्ची होने से हर बार बारिश में सम्पर्क मार्ग बदहाल हो जाता था। जिससे राहगीरों के साथ ही किसानों को आवागों में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। रजबहा की करीब 3 किलोमीटर पटरी पहले से पक्की और खड़ण्जा युक्त है। शेष करीब 7 किलोमीटर कच्ची है जिस पर सिंचाई विभाग ने खडण्जा लगवाने की कवायद शुरू कर दी है। सिंचाई विभाग हैदरगढ़ खण्ड 28 के अधिशासी अभियंता नवनीत कुमार ने बताया कि बैंती रजबहा की सात किलोमीटर पटरी में खडण्जा लगवाया जाएगा। जिससे गांवों की कनेक्टिविटी जुड़ेगी इससे आम जनमानत के साथ ही क्षेत्रीय किसान लाभांवित होंगे।

### टैक्स की सुविधा के लिए प्रचार-प्रसार शुरू

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** परिवहन आयुक्त के निर्देश पर अब व्यावसायिक वाहनों पर भी वन टाइम टैक्स की सुविधा शुरू कर दी गई है। बुधवार को प्रेसनोट जारी करते हुए एआरटीओ प्रशासन अरविंद यादव ने वन टाइम टैक्स की सुविधा का प्रचार प्रसार शुरू करा दिया है। एआरटीओ प्रशासन श्री यादव ने बताया कि व्यावसायिक वाहनों पर टैक्स को लेकर परिवहन आयुक्त द्वारा बड़ा बदलाव किया गया है। जिसके अंतर्गत अब सभी वाहनों को वन टाइम टैक्स की सुविधा मिलेगी। इससे व्यवसायिक वाहन स्वामियों को हर साल टैक्स के लिए चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। टैक्स की दरें अलग–अलग कीमत के वाहनों पर अलग प्रतिशत पर निर्धारित की गई है। आगामी 20 व 21 फरवरी को हरदासपुर स्थित कार्यालय पर परिवहन मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय परिवहन मेले में वाहन स्वामी वन टाइम टैक्स से संबंधित पूरी जानकारी सुबह 10 से 5 बजे के बीच आकर प्राप्त कर सकेंगे। एआरटीओ ने बताया कि पुराने पंजीकृत वाहनों को भी वन टाइम टैक्स की सुविधा में शामिल किया जाएगा और वाहनों को आठ प्रतिशत तक की छूट भी दी जाएगी।

### बैसवारा इण्टर कॉलेज में परीक्षा संपन्न

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के बैसवारा इण्टर कॉलेज में आज हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट यूपी बोर्ड की परीक्षाओं का प्रथम दिवस रहा। परीक्षा प्रभारी सुनील त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम पाली हाईस्कूल की परीक्षा में 450 परीक्षार्थियों में 419 की उपस्थिति रही। वहीं द्वितीय पाली इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 410 परीक्षार्थियों में 400 की उपस्थिति रही। शिक्षक भवानी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम दिवस की दोनों पालियों की परीक्षा नकलविहीन सम्पन्न हुई।

## मिले नहीं अधिकारी-कर्मचारी कैंप से निराश होकर लौटे ग्रामीण

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत विकास खंड सलोन की ग्राम पंचायत पारी में पूर्व में तैयार की गई निर्वाचन नामावली में मिलान न होने तथा अन्य त्रुटियों के संबंध में ग्रामीणों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्राथमिक विद्यालय पारी में कैंप लगाए जाने की सूचना बीएलओ द्वारा दी गई थी, लेकिन निर्धारित तिथि पर कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में उप जिलाधिकारी सलोन चंद्र प्रकाश ने बताया कि कैंप के लिए शिक्षक एवं लेखपाल की ड्यूटी लगाई गई है। नोटिस मिलने के बाद कई ग्रामीण सलोन स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय भी पहुंचे, लेकिन वहां से भी उन्हें संतोषजनक समाधान नहीं मिला और वे निराश होकर लौट आए। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूर्व निर्धारित स्थान प्राथमिक विद्यालय पारी में पुनः कैंप लगवाकर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की है।

## तीसरे दिन हुआ मृतका का अंतिम संस्कार

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पाहो गांव में मकान के दूसरी मंजिल के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से एक विवाहिता का शव लटका मिलने पर मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। पोस्टमार्टम के बाद सुसरालीजनों पर रिपोर्ट लिखे जाने के बाद शव का तीसरे दिन अंतिम संस्कार हो सका। इसके बाद अफसरों ने राहत की सांस ली।

थाना क्षेत्र के पाहो निवासी शिवानी गौतम पुत्री रामसहाय गौतम ने अपने घर के सामने रहने वाले ऋतिक चौधरी पुत्र संतोष चौधरी के साथ वर्ष 2017 में प्रेम विवाह किया था। दोनों से एक बेटी साक्षी (4) भी है। मृतका शिवानी के ससुर संतोष चौधरी और देवर अंकित चौधरी वर्तमान में विदेश में प्राइवेट नौकरी करते हैं। पति ऋतिक चौधरी गुड़गांव में प्राइवेट नौकरी करता है। घर पर शिवानी के साथ सास सुनीता चौधरी, देवर आदित्य चौधरी और ननद लवी चौधरी रहते थे। सोमवार को दोपहर में शिवानी का शव कमरे में छत के कुंडे से साड़ी के सहारे लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर खीरों पुलिस फॉरेंसिक टीम और सीओ लालगंज अमित कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को शव घर पहुंचने शव पड़ोसी हीरालाल के दरवाजे रखा गया। शिवानी के भाई अजय गौतम पुत्र रामसहाय ने पति ऋतिक चौधरी, सास सुनीता चौधरी, देवर अंकित चौधरी, आदित्य चौधरी, ननद लवी चौधरी आदि मायके पक्ष के लोगों पर मारपीट कर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़न का आरोप लगाया। कहा कि घरेलू हिंसा से पीड़ित होकर मेरी बहन ने आत्महत्या कर ली है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के भाई के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

- दहेज उत्पीड़न के आरोप में ससुरालीजनों पर केस दर्ज


शिवानी की फाइल फोटो।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री से उच्च स्तरीय जांच की मांग

**लालगंज:** भू-माफियाओं से लड़ने वाले निराला नगर, सूदनखेड़ा निवासी श्याम प्रसाद दीक्षित ने पूर्व में की गई जांच आख्या पर सवाल उठाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में कहा है कि 07 नवम्बर 2025 को तत्कालीन तहसीलदार की उपस्थिति में राजस्व टीम द्वारा की गई जांच में कुछ व्यक्तियों के बयान दर्ज किए गए हैं। आरोप है कि जांच में ऐसे व्यक्तियों के बयान शामिल किए गए, जिनका मामले से प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व जांच में जिन व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत की गई थी, उनके संबंध में स्पष्ट तथ्यों को सामने नहीं लाया गया। उन्होंने वर्तमान राजस्व अधिकारियों से भी मामले की पारदर्शी जांच कराने की मांग की है।

### जहर खाने से युवक गंभीर, भर्ती

**बछरावां:** थाना क्षेत्र शिवगढ़ के अंतर्गत भुइयन का पुरवा मजरे रानीखेड़ा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राम प्रताप (25) ने मंगलवार की देर रात किसी बात से आहत होकर संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ता देख परिजनों द्वारा उसे तुरंत सीएचसी पहुंचाया गया, जहां हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बछरावां:** चोरी गई मोटर साइकिल के साथ बछरावां पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि 18 फरवरी की रात्रि दिवाकर पुत्र रामू निवासी शेखपुर थाना निगोहा जनपद लखनऊ को थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवगढ़ रोड बाईपास पानी टंकी के पास से मोटरसाइकिल चुराकर भाग रहा था। जिसको आसपास के लोगों के द्वारा देखकर पकड़ लिया गया और मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर मय माल के थाने पर लाकर आगे की विधिक कार्यवाही की है। गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक राजन कुमार, आरक्षी काशिब अहमद शामिल थे।

### मेगा विधिक सहायता व सेवा शिविर 22 को

**रायबरेली:** सीडीओ अंजू लता ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में राजकीय इण्टर कालेज मैदान में 22 फरवरी को मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यहां पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग, जिला उद्योग केन्द्र आदि द्वारा स्टॉल लगाएं जाएंगे।

### मारपीट का आरोप

**जगतपुर:** थाना क्षेत्र के छीछे मऊ गांव निवासिनी सीमा पत्नी गुलशन कुमार ने बुधवार को थाने में तहरीर दी। आरोप है कि रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में उसे और उसके परिवार के अन्य सदस्यों को गंभीर चोटें आई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### धोखाधड़ी का आरोप

**जगतपुर:** सलोन थाना क्षेत्र के राजापुर माफी गांव निवासी राजकुमार पुत्र शिवनारायण ने पुलिस से शिकायत की है। उनका कहना है कि भाई के नाम से ट्रैक्टर एजेंसी से 6 लाख 20 हजार रुपये में ट्रैक्टर खरीदा था। आरोप है कि फाइनेंसर एजेंट ने दो किस्तों और लेट पेमेंट चार्ज के नाम पर करीब एक लाख रुपये नकद ले लिए, लेकिन रकम बैंक में जमा नहीं की।

आयोजन

कार्यक्रम में किसानों को दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी

# किसान दिवस पर विशेषज्ञों ने दिए बेहतर खेती के टिप्स

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में 'किसान दिवस' का आयोजन किया गया। यहां पर किसानों को आधुनिक खेती, सरकारी योजनाओं और पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक विनोद शर्मा ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें। जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय ने रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध इस्तेमाल पर चिंता जताई। क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. विनोद कुमार ने कृषि क्षेत्र की नई क्रांति 'नैनो यूरिया' और 'नैनो डीएपी' के उपयोग और फायदों के बारे में किसानों को विस्तार से समझाया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. विश्व विजय रघुवंशी ने फसलों में लगने वाले रोगों और उनके प्रबंधन की जानकारी दी। इसके अलावां डॉ. नीलेश शर्मा, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उमेश चंद्रा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी कृषि दिलीप सोनी, सहकारिता अरुण कुमार श्रीवास्तव, अवर अभियंता लघु सिंचाई, विषय वस्तु विशेषज्ञ और राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी अंकित यादव, किसान शीतला प्रसाद, श्रीपाल, उमाबक्श सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।



महराजगंज में आयोजित किसान दिवस में मंचासीन अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सतांव (रायबरेली) अमृत विचार।** क्षेत्र के गुरुबक्शगंज कस्बा स्थित 'शिव रिसार्ट' में बुधवार की दोपहर 'फारमार्ट कम्पनी' द्वारा किसान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया गया। मुख्य आयोजक चन्दन अवस्थी ने बताया कि बी2बी फूड कॉमर्स प्लेटफॉर्म है, जो एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका में खाद्य आपूर्ति एवं प्रसंस्करण क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव ला रहा है। कार्यक्रम के सह आयोजक एफपीओ 'श्री औरा फॉर्मर प्रोड्यूसर कम्पनी' के डॉयरेक्टर सतीश कुमार मिश्रा थे। इस अवसर पर आशीष कुमार राय, मन्नत कौर जौहल, दुर्गा प्रसाद सिंह, विकास सिंह, सरोज कुमार मोहंता, विवेक, शशांक मिश्रा, ललित द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

### जमीन विवाद में दबंगों ने दो भाइयों को पीटा

**अमावां (रायबरेली)।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे गड़रियन मजरे दाउदनगर गांव निवासी महेश कुमार पुत्र रामनिहोर ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। उनका कहना है कि उनकी जमीन का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। बावजूद इसके आरोपी गंगा दयाल व गिरजा शंकर पुत्रगण जंगू जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। मंगलवार की दोपहर गंगा दयाल ने अपने पुत्र सुनील व रवि के अलावा गिरजा शंकर ने अपने पुत्र रोहित के साथ मिलकर विवादित जमीन पर खुदाई शुरू कर दी। विरोध करने पर दबंगों ने लाठी डंडा व सरिया से उसके ऊपर हमला बोल दिया। बचाने दौड़े राम केवल को भी हमलावरों ने पीटा। आसपास के लोगों ने दोनों भाइयों को बचाया। वहीं इंस्पेक्टर विंध्य विनय रावत ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**न्यूज ब्रीफ**

### बच्चों ने दी बोर्ड परीक्षा

**छतोह (रायबरेली):** डीह ब्लॉक में बाबा रामदास इंटर कॉलेज, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज सहित एक दर्जन से अधिक विद्यालयों में बच्चों ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा दी। सभी परीक्षा केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी एवं मजिस्ट्रेट की चौकसी व पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। उक्त परीक्षा केंद्रो पर सुबह से ही छात्र-छात्राओं की लंबी लाइन देखने को मिली साथ ही साथ परीक्षा केंद्रो पर प्रशासन ने सतर्क होते हुए भी किसी प्रकार की अनियमितता बरतने पर कार्रवाई का प्रावधान सुनिश्चित किया है।

### नियमों के उल्लंघन पर शिक्षक निलंबित

**अमेठी:** जनपद के विकास खंड अमेठी के ग्राम सभा गांगुली स्थित जूनियर (उच्च प्राथमिक) विद्यालय में तैनात शिक्षक शिव प्रताप यादव को बेसिक शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमेठी द्वारा 16 फरवरी 2026 को जारी आदेश के तहत की गई है। शिक्षक के विरुद्ध पूर्व में की गई एक शिकायत की जांच के बाद यह निर्णय लिया गया। जांच में पाया गया कि शिक्षक द्वारा सोशल मीडिया पर की गई राजनीतिक गतिविधियों से संबंधित पोस्ट और उनका आचरण सेवा नियमावली के विपरीत था। इन आरोपों के आधार पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की है। इसके साथ ही, शिक्षक के विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, निलंबित शिक्षक शिव प्रताप यादव ग्राम सभा गांगुली के जूनियर प्राथमिक विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई शिक्षकों से अपेक्षित आचरण और नियमों के उल्लंघन के मामले में की गई है। निलंबन का आधार जांच रिपोर्ट में शिक्षक के सोशल मीडिया आचरण को सेवा नियमों के विरुद्ध पाया गया। यह पाया गया कि उनकी पोस्ट और गतिविधियां शिक्षक के पद के अनुरूप नहीं थीं। विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लिया है।

### लापता युवक का गड्ढे में मिला शव

**सलोन, रायबरेली:** एक हफ्ते पूर्व ससुराल के लिए निकले युवक का शव जगतपुर सलोन मार्ग स्थित दौलतपुर गांव के समीप सड़क किनारे मिलने से हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी ने मृतक के दोस्तों पर अपहरण कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली अंतर्गत पूरे गोसाईं मजरे ममुनी निवासी मोहित (28) पुत्र गेंदालाल एक हफ्ते पूर्व पत्नी सपना की विदाई कराने के लिए बाइक से जगतपुर के लिए निकला था। देर शाम तक युवक के ससुराल न पहुंचने पर रिश्तेदार, दोस्तों से पूछताछ के बाद महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में पति के लापता होने की तहरीर महिला ने सलोन थाने में दी। मंगलवार की देर शाम युवक का शव जगतपुर थाना क्षेत्र के सलोन मार्ग दौलतपुर गांव स्थित सड़क किनारे एक एक गड्ढे में मिलने से हड़कंप मच गया। सलोन जगतपुर की संयुक्त पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर मृतक की पत्नी ने सलोन पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाया है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी सपना की तहरीर पर गांव के ही शोभित, फूलराज मिथुन. शिवा निवासी ग्राम शिवसेवक, गौतम ग्राम विष्णुपुर थाना जगतपुर के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का मिला शव

## अमेठी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खेत में शव मिलने से परिजनों में मचा कोहराम, गांव में शोक की लहर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव निवासी 45 वर्षीय राम शिरोमणि यादव का शव संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से दूर खेत में नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका बरामद हुआ। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा परिजनों को दी गई।


राम शिरोमणि यादव की फाइल फोटो।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

राम शिरोमणि यादव, श्याम विहारी यादव के पुत्र थे। वह सुबह घर से खेत के लिए निकले थे। उनके परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने दी घटना की सूचना ग्रामीणों ने बताया कि राम शिरोमणि यादव सुबह अपने खेत की ओर गए थे। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खेत में पहुंचने पर उन्होंने राम शिरोमणि यादव को पेड़ से लटका हुआ पाया। यह देखकर ग्रामीण स्तब्ध रह गए। उन्होंने तुरंत परिजनों को सूचित किया। परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ राम शिरोमणि यादव के आकस्मिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनकी पत्नी सदमे में हैं और लगातार रो रही हैं। बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। इस घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। परिवार के लोग इस दुख की घड़ी में एक दूसरे को संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

**नहर में बहता नजर आया अज्ञात युवक का शव, तिलोई (अमेठी):** मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कस्बा तिलोई के पास से निकली शारदा सहायक खंड 28 नहर में दिन मंगलवार की दोपहर करीब 1:30 मिनट पर नहर में एक अज्ञात युवक का उतरता हुआ राहगीर स्थानीय लोगों ने देखा। अज्ञात उत्सव का दोनों पैर रस्सी से बंधे हुए थे। जो नहर में बहता हुआ आया। सूत्र तिलोई में नहर फाटक होने के बावजूद भी क्षेत्रीय प्रशासन पुलिस व नहर विभाग के कर्मचारियों को अज्ञात शव की जानकारी मिलने के पश्चात नहर का पाठक खोल दिया जाता है और लाश को आगे बढ़ा दिया गया। जिससे कि वह लाश पुलिस को निकलवाना न पड़े। शारदा सहायक खंड 28 नहर हत्या जैसी बड़ी घटनाओं को अंजाम देने के बाद शव को ठिकाने लगाने की महफूज जगह बन गई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया की मामला मेरी जानकारी में नहीं है जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

### टैक्टर-ट्रॉली ने बालक को मारी टक्टर, मौत

**जामों, अमेठी अमृत विचार।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर से हुए दर्दनाक हादसे के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है और जल्द ही ट्रैक्टर को कब्जे में लेने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रशासन की सक्रियता से पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। घटना मंगलवार देर शाम की है। अलीपुर निवासी कृष्णा प्रकाश यादव ने थाने में दी लिखित शिकायत में बताया कि उनका 4 वर्षीय पुत्र विराज यादव घर के बाहर खेल रहा था। तभी वारिसगंज की तरफ से तेज रफ्तार और अनियंत्रित स्वराज ट्रैक्टर ने बच्चे को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में बच्चे को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर सूर्या अस्पताल इंडोगल्फ ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद ट्रैक्टर को मौके पर रोक लिया गया था, लेकिन आरोप है कि सुभाष तिवारी और एक अन्य व्यक्ति ट्रैक्टर व चालक को वहां से भगा ले गए। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। जांच में पता चला कि ट्रैक्टर विवेक तिवारी उर्फ सोनू निवासी दयालापुर पूरे खीचरन थाना गौरीगंज का है। प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह ने बताया कि सुभाष तिवारी व दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही ट्रैक्टर को पुलिस कस्टडी में लिया जाएगा।


विराज यादव की फाइल फोटो।

# बदमाशों ने बैंक मित्र से तमंचा लगा कर लूटे 90 हजार रुपये

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**वारदात**
- सीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दारानगर चौराहे पर पीड़ित मान सिंह के मुताबिक वो बैंक ऑफ बड़ौदा का बैंक मित्र है जो प्रतिदिन की तरह मंगलवार को शाम को घर बाइक से जा रहा था इसी दौरान नीमपुर नहर पर तीन बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और तमंचे के बल पर 90 हजार रुपए का भरा बैग व मोबाइल लूटने का आरोप लगाया है।

मामले में तहरीर मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी। जांच पड़ताल के बाद पुलिस मामले को पेशबंदी से जुड़ा बता रही है। मान सिंह यादव बैंक ऑफ बड़ौदा की जगदीशपुर शाखा से संबद्ध बैंक मित्र हैं। वह दारानगर चौराहे पर ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करते हैं। पीड़ित के अनुसार मंगलवार शाम करीब सात बजे वह केंद्र बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नीमपुर नहर के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। तमंचा दिखाकर बदमाशों ने उनके पास मौजूद करीब 90 हजार रुपये से भरा बैग और मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर मारपीट कर फरार हो गए। सूचना पर 112 पुलिस और स्थानीय थाना टीम मौके पर पहुंची। वहीं देर रात सीओ मुसाफिरखाना अतुल सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच के निर्देश दिए।

थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर मान सिंह यादव द्वारा बताई गई लूट की घटना की जांच की गई। प्रथम दृष्टया घटना असत्य एवं मनगढ़ंत प्रतीत हुई। जांच में पाया गया कि आवेदक के परिजनों का एक अन्य मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है, जिससे संबंधित पक्ष को परेशान करने हेतु यह सूचना दी गई प्रतीत होती है। प्रकरण की गोपनीय व विस्तृत जांच जारी है तथा तथ्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सीएमओ ने नदारद पांच कर्मचारियों का काटा वेतन

तिलोई (अमेठी)

**अमृत विचार।** कस्बा तिलोई स्थित बुधवार सुबह करीब 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी अविनाश चंद्रा मौजूद रहे। सीएमओ ने ओपीडी, दवा वितरण, प्रसूति कक्ष और उपस्थिति पंजिका की बारीकी से जांच किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से भी बातचीत किया।

निरीक्षण में पांच चिकित्सक व कर्मचारी अनुपस्थित मिले। चिकित्सक पंकज गुप्ता पिछले 15 दिनों से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित चल रहे हैं। विनीता वार्ड आया बुधवार को ड्यूटी से नदारद मिली, जबकि चौकीदार प्रदीप कुमार दो दिन से अनुपस्थित हैं। संविदा चिकित्सक डॉ. सबीहा दो दिन व डॉ. अरविंद कुमार भी निरीक्षण के दौरान से ड्यूटी पर नहीं मिले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने अनुपस्थित कर्मचारियों से नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब करते हुए वेतन काटने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण से सीएचसी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बता दें कि प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के आवास के बगल स्थित सीएचसी केंद्र में सीएमओ के निरीक्षण के दौरान पांच कर्मचारी नदारत मिले थे।


सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह। अमृत विचार

# पहले दिन 2,037 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 का प्रथम दिवस जनपद अमेठी में सकुशल, नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाई स्कूल में कुल 26,167 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 24,964 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 1,203 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में 21,380 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 20,546 उपस्थित रहे तथा 834 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर प्रथम दिवस परीक्षा में 2,037 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में जनपद के 85 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का लगातार भ्रमण किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की सतत निगरानी की गई, जिससे परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनी रही।


रामजानकी बालिका इंटर कॉलेज सेमरौता में परीक्षा देकर निकलते बच्चे। अमृत विचार

**बोर्ड परीक्षा**

**जीवनी को लेकर उलझे रहे छात्र, सिंहपुर (अमेठी):** हाईस्कूल व इंटर की यू पी बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार को प्रारम्भ हो गयी।जिसमें प्रथम पाली में हाईस्कूल की व द्वितीय पाली में इंटर की हिंदी पेपर की परीक्षाएं हुयी। द्वितीय पाली के इंटर की परीक्षा में महापुरुषों की जीवनी को लेकर परीक्षार्थी उलझे रहे जिसमें कुछ के चेहरे पर ख़ुशी दिखी वहीं कुछ बच्चों के चहरे पर तनाव रहा।

### आस्था की पदयात्रा: वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में अयोध्या धाम को पैदल रवाना हुए श्रद्धालु


ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह को माला पहना कर रवाना करते लोग।

**तिलोई, अमेठी अमृत विचार।** क्षेत्र के रमई ग्राम पंचायत में बुधवार को भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीर बहादुर सिंह बब्लू सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था प्रभु भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या धाम की पदयात्रा पर रवाना हुआ। पदयात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत स्थित गंभीरदास बाबा मिनी स्टेडियम परिसर से वैदिक मंत्रोच्चार और "जय श्रीराम" के उद्घोष के साथ हुआ। जैसे ही यात्रा गांव से निकलकर मोहनगंज चौराहे पर पहुंची, पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। गाजे-बाजे और जयघोष के बीच श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं और पुष्पगुच्छों से भव्य स्वागत किया गया। आगे बढ़ते हुए कस्बा शंकरगंज स्थित देव ऑटो फ्यूल पेट्रोल पंप पर राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह के पुत्र मृगांकेश्वर शरण सिंह तथा तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने पदयात्रियों का जोरदार स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के दर्शन की कामना के साथ यात्रा की सफलता के लिए प्रार्थना की। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उल्लास का माहौल बना रहा और ग्रामीणों में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। यह पदयात्रा रामभक्ति के साथ-साथ सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभरी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान वीरेन्द्र तिवारी, विनोद मौर्य, ध्रुवराज पासी, गुड्डू सिंह, राज कपूर, मोहम्मद अशरफ, देवनारायण, पूर्व प्रधान शैलेन्द्र प्रताप सिंह रजनपुर, मोहम्मद आशू, संतोष गुप्ता, नासिर हुसैन आदि ग्रामीण रहे।

### पूर्व राज्यमंत्री का हुआ स्वागत

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने लालगंज पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक और सरकार की उपलब्धियों पर भी चर्चा किया। उन्होंने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की जनहित योजनाओं पर भी चर्चा की। भाजपा नेता जेपी सिंह ने पूर्व राज्य मंत्री का अंगवस्त्र व माल्यार्पण से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे, सुशील शुक्ला, कैलाश बाजपेई, मनोज अवस्थी, शिवम गुप्ता आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पंचायत भवन जाने वाला मार्ग हो गया जर्जर

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र के धौरहरा गांव से पंचायत भवन जाने वाला लगभग 200 मीटर लंबा मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण करीब एक हजार की आबादी वाले क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग से लाला का पुरवा, सेनपुर, गोइयांघाट, सूरझामपुर और बनपुरवा गांव के लोग प्रतिदिन पंचायत भवन और मुख्य मार्ग तक आते-जाते हैं। सड़क में जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बरसात के दिनों में पानी भर जाता है। इससे आए दिन फिसलन और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।पूर्व प्रधान राकेश बहादुर सिंह ने बताया कि कई वर्षों से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है, जिसके कारण मार्ग पूरी तरह टूट चुका है।

### नलकूप का इंजन चोरी, चार आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी अमृत विचार।** बुधवार को कोतवाली पुलिस ने नलकूप इंजन चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर एक मैजिक पिकअप वाहन को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसके डाले से दो चोरी के नलकूप इंजन बरामद हुए। पुलिस ने जब वाहन के कागजात मांगे तो आरोपी वह भी प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 10 फरवरी को दरखा ग्राम पंचायत के खेतों से इंजन चोरी करने की बात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि चोरी के बाद इंजन छिपाकर रखे गए थे और उन्हें बेचने की तैयारी थी। चोरी की घटनाओं पर अंकुश प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गश्त और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### स्कूल में चोरों ने किया चोरी का प्रयास

**तिलोई अमेठी अमृत विचार।** कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत आसनी में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बने एक ताला आंगनबाड़ी केंद्र का टूटा विद्यालय में बने अन्य चार कमरे का ताला तोड कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया। लेकिन किसी कारण बस चोरी करने में चोर असफल रहे। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित वर्मा यूपी बोर्ड परीक्षा डियूटी में होने के कारण विद्यालय अध्यापकों द्वारा डायल 112 पुलिस को सूचना दे दिया हैं तत्काल घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर जांच परताड कर वापस लौट गयी।

# एम्स में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बुधवार को कान, नाक एवं गला विभाग ने मूक बधिर बच्चों तथा उनके अभिभावकों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट संबंधी एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज के नाक कान गला विभाग ने किया। कार्यक्रम में

बच्चों को सामान्य हियरिंग एड से लाभ नहीं मिलता, उनके लिए कॉक्लियर इम्प्लांट एक प्रभावी विकल्प हो सकता है। जिसमें आंतरिक कान के क्षतिग्रस्त भाग को बाईपास कर श्रवण तंत्रिका को सीधे उत्तेजित किया जाता है। जिससे बच्चो को ध्वनि पहचानने व उनकी वाणी एवं भाषा विकास में सुधार होता है। यह बात बताते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. अन्नन्या सोनी ने कहा कि निदेशक प्रो.डॉ. अमिता जैन के मार्गदर्शन में एम्स का उद्देश्य उन्नत चिकित्सा सुविधाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। डॉ. अरिजीत जोदार ने कहा कि श्रवण हानि की शीघ्र पहचान और प्रारंभिक हस्तक्षेप अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि समय रहते उपचार किया जाए तो बच्चे सामान्य विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं।


जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व अन्य। अमृत विचार

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के बारामासी गांव में 32 वर्षीय विवाहिता चेतना की संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को हुई मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार, चेतना घर पर वॉशिंग मशीन से कपड़े धो रही थी। इसी दौरान अचानक करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। आनन-फानन में परिवार के सदस्यों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद परिवार में गहरा कोहराम मच गया।

मृतका के पिता मुन्ना पांडेय ने गौरीगंज थाने में तहरीर दिया है। मृतका चेतना के पति विकास, ससुर अरविंद कुमार व दो देवर पर जानबूझकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था, जिसके चलते यह घटना संदिग्ध प्रतीत होती है। मायके पक्ष के अनुसार, यह सामान्य दुर्घटना नहीं बल्कि एक सोची-समझी साजिश थी। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

**दिखाया दम** | पूर्व विधायक गजाधर सिंह की 75 वीं जयंती पर हुआ दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

# पंजाब के मौसम अली बने दंगल प्रतियोगिता के विजेता

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** डीह ब्लॉक के ग्राम आशापुर में पूर्व विधायक स्व. गजाधर सिंह की 75वीं जयंती पर विराट दंगल प्रतियोगिता में कई प्रदेशों से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव पेंच दिखाए। एक लाख इक्यावन हजार की फाइनल कुश्ती के विजेता पंजाब के मौसम अली बने।

इसके पूर्व सावित्री सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, उदय विक्रम सिंह, विवेक विक्रम सिंह ने पूर्व विधायक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर गांव में सैकड़ों महिलाओं को थाल का वितरण किया। ब्लॉक परिसर में स्थापित पूर्व विधायक की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गागा। उसके बाद दंगल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सलोन विधायक अशोक कुमार व पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के पहलवानों ने कुश्ती कला का जौहर दिखाया। महिला पहलवानों की कुश्ती का पूर्व विधायक स्व. गजाधर सिंह की पत्नी सावित्री सिंह ने हाथ मिलाकर कुश्ती का शुभारंभ किया। दिल्ली, हरियाणा, मेरठ और कानपुर से महिला पहलवानों ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर कुश्ती के दाँव पेंच दिखाए। अंत में पंजाब के मौसम अली ने सहारनपुर के टाइगर को हराकर एक लाख 51 हजार की फाइनल कुश्ती के विजेता बने। इस मौके पर डीह थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज, समाजसेवी आशीष सिंह, जगत प्रताप सिंह बघेल, रंजीत सिंह, फूलचंद्र अग्रहरि, राजकुमार द्विवेदी, सोनू सिंह, घाटमपुर प्रधान मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।


महिला पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती का शुभारंभ करती सावित्री सिंह।


पूर्व विधायक की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते परिवारीजन। अमृत विचार

**मंडलीय खेलकूद में शिवम रहे अव्वल, खो-खो में चमके खिलाड़ी, रायबरेली:** लखनऊ के चौक स्टेडियम में दो दिनों तक चली परिषदीय विद्यालयों की मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। खो-खो बालिका में जहां जूनियर बालिका में टीम विजयी रही। वहीं दौड़ में शिवम ने अपना परचम लहराते हुए 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में 600 मीटर दौड़ में नैंसी, 50 मीटर में कीर्ति यादव, 200 मीटर में ऊषा ने दूसरा व 100 मीटर में पहला स्थान हासिल किया। 100, 200 व 400 मीटर दौड़ में शिवम ने पहला स्थान हासिल किया। प्राथमिक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रिया ने पहला स्थान हासिल किया। ऊँची कूद में प्रांजल व सीमा राजपूत ने पहला, खुशी ने दूसरा स्थान, गोला फेंक में रोजनीन बानो ने दूसरा, कुश्ती में अनुज ने दूसरा, महेंद्र ने तीसरा स्थान हासिल किया। बैडमिन्टन बालक में अजय और अनुज ने पहला, बालिका में दिवांशी व शिवांशी ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके साथ खो-खो जूनियर बालक में दूसरा और बालिका में पहला स्थान, प्राथमिक स्तर खो-खो में दूसरा, रिले दौड़ बालिका में पहला, योगा बालक टीम ने तीसरा स्थान हासिल करके जिले का नाम रोशन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने कहा कि जिले के खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। प्रतियोगिता के प्रभारी रहे खंड शिक्षा अधिकारी बृजलाल व सत्य प्रकाश यादव ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी इंदिरा देवी ,सुरेंद्र प्रताप जिला व्यायाम शिक्षका रेनू शुक्ला, जिला स्काउट शिक्षक शिवशरण सिंह, रूपेश शुक्ला, मुन्नालाल साहू, रेखा सिंह, भीम प्रताप सिंह, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, दीपक कुमार, ज्ञान देवी, अनुपमा रावत, भाविका, दीपेश, विजय सिंह, रमेश कुमार, राकेश पाठक आदि मौजूद रहे।

# अमृत विचार

गुरुवार, 19 फरवरी 2026






सपने सच होने की संभावना ही जीवन को रोचक बनाती है।

-पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक

## समझौता और संभावनाएं

भारत और फ्रांस के बीच रक्षा, शिक्षा, संस्कृति, नागरिक उड्डयन, तकनीक और आर्थिक सहयोग को व्यापक रूप से आगे बढ़ाने के लिए हुए उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय वार्तालाप और समझौतों ने दोनों देशों के पारंपरिक, सतत और रणनीतिक रिश्तों को नई ऊर्जा दी है। रक्षा सहयोग के तहत राफेल युद्धक विमान सौदा सर्वाधिक महत्व का है, जो भारतीय वायु सेना की टोही, नियंत्रण और संयुक्त ऑपरेशनल क्षमता को बढ़ाएगा। बड़ी बात है कि उन्नत हथियार एकीकरण, स्पेयर पार्ट्स लॉजिस्टिक्स और उत्पादन के तौर पर साझेदारी को और विस्तार देने की भी बात है।

शैक्षिक और मानव संसाधन सहयोग इस समझौते का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम है। 3,000 भारतीय छात्रों को वीज़ा-मुक्त ट्रांज़िट की सुविधा मिलेगी, तो वे यूरोप में यात्रा, सीखने और इंटर्नशिप के अवसर लाभ उठा सकेंगे। यह कदम युवा प्रतिभा के वैकल्पिक स्थलों तक पहुंच का द्वार खोलेगा, जिससे वैश्विक कौशल प्रतिस्पर्धा में भारतीय छात्रों की भागीदारी बढ़ेगी, परंतु इसके लिए आवश्यक है कि भारत में इस प्रवाह की गुणवत्ता सुनिश्चित हो। यानी गुणवत्तापूर्ण, रोजगार-उन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराना जरूरी है। फ्रांस और भारत की जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा, एआई और हाई-टेक विनिर्माण तक फैली व्यापक साझेदारी को 'स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' कहा गया है, यह साझा सोच भारत की बहुपक्षीय कूटनीति की पुष्टि करती है। फ्रांस, यूरोपीय संघ का एक मजबूत अंश होने के नाते, भारत को संयुक्त राष्ट्र, जी20 जैसे तमाम वैश्विक मंच पर अपनी आवाज मजबूत करने में मदद कर सकता है। कुछ चुनौतियां और सवाल भी हैं। रक्षा तकनीक स्थानांतरण में भारत अपनी मांगों को स्पष्ट रूप से रखते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि कलपुर्जों का उत्पादन और उसमें स्थानीय भागीदारी बहुत सीमित न रहे। रक्षा संबंधित अधोसंरचना को स्वदेशी उद्योग के साथ मिलाकर इस साझेदारी को दीर्घकालिक, आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से व्यावहार्य बनाए रखने की चुनौती होगी। वर्तमान वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, मुद्रास्फीति और रक्षा बजट का दबाव दोनों देशों के बीच लागत लाभ का सामान्य समीकरण प्रभावित कर सकता है। भविष्य में, शिक्षा-प्लेटफ़ॉर्म के विस्तार के साथ, तकनीकी अनुसंधान और उद्यमशीलता कार्यक्रमों में साझेदारी को बढ़ावा देना होगा। द्विपक्षीय रिश्तों को गहराई देने के लिए भारत और फ्रांस के स्टार्टअप इकोसिस्टम के बीच आदान-प्रदान, सांस्कृतिक और भाषा आधारित प्रशिक्षण, अनुसंधान-अनुकूलित कोलैबोरेशन आवश्यक होगा। आर्थिक मोर्चे पर, दोनों देशों ने निवेश और व्यापार के लिए क्षेत्रीय साझेदारी को बढ़ाने की भी सहमति व्यक्त की है, जिससे औद्योगिक खंडों, नवाचार केंद्रों और हरित प्रौद्योगिकी को विकसित करने में मदद मिलेगी।

कुल मिलाकर ये समझौते भारत-फ्रांस संबंधों की परिपक्वता का प्रतीक हैं। इसकी खासियत अगर रणनीतिक साझेदारी, वैश्विक मंचों पर समर्थन, शिक्षा में अवसर है, तो तकनीकी हस्तांतरण पर आगे की चुनौतियां तथा लागत-लाभ की संरचना के दबाव संबंधी सवाल भी। उम्मीद है भविष्य में यह साझेदारी फलदायी होगी और दोनों देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को समझदारी से संतुलित करते हुए सहयोग, संवाद और कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

### प्रसंगवश

## डिजिटल इंडिया: महिलाएं सशक्त या शोषण की शिकार

एक क्लिक में पहचान, एक पोस्ट में आवाज़। डिजिटल इंडिया ने महिलाओं को मंच दिया है, लेकिन सवाल यह है, यह मंच उन्हें सशक्त बना रहा है या नए तरह के शोषण की ओर धकेल रहा है? डिजिटल इंडिया को जब भविष्य की तस्वीर के रूप में पेश किया गया था, तब उम्मीद थी कि तकनीक समाज की असमानताओं को कम करेगी। महिलाओं के संदर्भ में यह उम्मीद और भी बड़ी थी। घर की चारदीवारी से बाहर निकले बिना शिक्षा, रोजगार, बैंकिंग और अभिव्यक्ति का अवसर। बीते कुछ वर्षों में यह तस्वीर आंशिक रूप से सच भी साबित हुई है। आज भारत में करोड़ों महिलाएं स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ी हैं। वे ऑनलाइन पढ़ रही हैं, कमा रही हैं, बोल रही हैं, लेकिन इसी डिजिटल स्पेस में एक स्याह सच भी छिपा है, जहां सशक्तिकरण के साथ-साथ नया शोषण भी जन्म ले रहा है।



डॉ. सुनिधि मिश्रा

शिक्षाविद्

आज भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 80 करोड़ से अधिक है, जिनमें लगभग 35-40 प्रतिशत महिलाएं हैं। राष्ट्रीय सैंपल सर्वे और एनएफ़एस-5 जैसे सर्वे बताते हैं कि शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की डिजिटल पहुंच तेज़ी से बढ़ी है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभी भी सीमित है। फिर भी स्वयं सहायता समूहों, जन-धन खातों, यूपीआई और डिजिटल भुगतान ने ग्रामीण महिलाओं को भी धीरे-धीरे डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। बैंक जाने की मजबूरी कम हुई है, बिचौलियों पर निर्भरता घटी है और कई महिलाओं ने पहली बार अपने नाम से वित्तीय लेन-देन किया है। यह निःसंदेह सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म ने महिलाओं को अभिव्यक्ति की आज़ादी भी दी है। सोशल मीडिया पर वे अपने अनुभव साझा कर रही हैं, सामाजिक मुद्दों पर बोल रही हैं और अपने हुनर को दुनिया के सामने रख रही हैं। ऑनलाइन शिक्षा और स्किलिंग प्लेटफॉर्म ने उन महिलाओं के लिए नए रास्ते खोले हैं, जो किसी कारणवश औपचारिक संस्थानों तक नहीं पहुंच पाईं। ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया आधारित छोटे व्यवसायों के ज़रिये हज़ारों महिलाएं घर बैठे आय अर्जित कर रही हैं। डिजिटल इंडिया की यह तस्वीर उम्मीद जगाती है कि तकनीक महिलाओं के लिए बराबरी का औज़ार बन सकती है।

इसी चमकदार तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी है। जैसे-जैसे महिलाएं ऑनलाइन स्पेस में दिखने लगी हैं, वैसे-वैसे वे नए तरह के उत्पीड़न का शिकार भी हो रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराधों में महिलाओं को निशाना बनाए जाने के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऑनलाइन ट्रोलिंग, साइबर स्टॉकिंग, अश्लील संदेश, डीपफेक वीडियो और फोटो मॉर्फिंग अब आम समस्या बनती जा रही है। कई मामलों में महिलाओं की निजी तस्वीरों का इस्तेमाल उन्हें डराने, बदनाम करने या ब्लैकमेल करने के लिए किया जाता है।

डिजिटल शोषण की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह अदृश्य होता है। पीड़िता घर में बैठी होती है, लेकिन हमला उसकी मानसिक शांति पर होता है। कई युवा लड़कियां सोशल मीडिया पर अपनी पहचान बनाने से पहले सौ बार सोचती हैं। कुछ महिलाएं ऑनलाइन उत्पीड़न के डर से अपनी प्रोफाइल बंद कर देती हैं, अपनी आवाज़ दबा देती हैं। यह सशक्तिकरण नहीं, बल्कि एक नई तरह की चुप्पी है, जो तकनीक के नाम पर थोपी जा रही है। डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर फ्रॉड में भी महिलाएं तेजी से शिकार बन रही हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## पर्यावरण रक्षक सरकारों पर लगाम के खतरे





कुमार सिद्धार्थ

वरिष्ठ पत्रकार

आज की दुनिया ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां जलवायु संकट मानव सभ्यता के भविष्य को तय करने वाला बड़ा प्रश्न बन चुका है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि कोयला, तेल और गैस पर हमारी निर्भरता जल्द कम नहीं हुई, तो धरती का तापमान ऐसे स्तर तक पहुंच जाएगा, जहां जीवन की वर्तमान संरचनाएं टिक नहीं पाएंगी। इसके बावजूद वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा आज भी जीवाश्म ईंधनों के इर्द-गिर्द घूम रहा है। इस पूरी व्यवस्था की भयावह बात यह है कि जब कोई सरकार पर्यावरण और जनता के हित में कदम उठाने की कोशिश करती है, तो उसे 'न्याय' के नाम पर दंडित किया जाता है।

पिछले कुछ दशकों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश समझौतों के ज़रिये एक ऐसा कानूनी ढांचा खड़ा किया गया है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां सरकारों पर मुकदमा कर सकती हैं। इसे 'निवेशक-राज्य विवाद निपटान प्रणाली' (आईएसडीएस) कहा जाता है। इसके तहत यदि कोई सरकार पर्यावरण, स्वास्थ्य या सामाजिक हित में ऐसा निर्णय लेती है, जिससे किसी कंपनी के मुनाफे पर असर पड़ता है, तो वह कंपनी सरकार से न केवल अपने निवेश की भरपाई, बल्कि 'संभावित भविष्य के मुनाफे' का भी दावा कर सकती है। ये मुकदमे सामान्य अदालतों में नहीं, बल्कि गुप्त ट्रिब्यूनलों में चलते हैं, जहां न पारदर्शिता होती है, न जनता की भागीदारी और न ही लोकतांत्रिक जवाबदेही।

> पिछले कुछ दशकों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश समझौतों के जरिए एक ऐसा कानूनी ढांचा खड़ा किया गया है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियां सरकारों पर मुकदमा कर सकती हैं।

यह व्यवस्था अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक गहरा खतरा है। सरकारें जनता द्वारा चुनी जाती हैं, ताकि वे जनता और पर्यावरण के हित में फैसले लें। लेकिन आईएसडीएस जैसे प्रावधानों के कारण वही सरकारें कंपनियों के डर से पीछे हटने लगती हैं। आईएसडीएस की मार सबसे पहले उन देशों पर पड़ी है, जिन्होंने पर्यावरण और जनता के हित में साहसिक फैसले लिए। जर्मनी ने जब परमाणु ऊर्जा से बाहर निकलने का निर्णय किया तो ऊर्जा कंपनी वाटनफॉल ने उस पर अरबों यूरो का दावा ठोक दिया। पाकिस्तान ने एक खनन परियोजना को पर्यावरणीय कारणों से रोका तो उस पर छह अरब डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया गया, जो उसके पूरे शिक्षा और स्वास्थ्य बजट से भी ज़्यादा था। स्लोवेनिया में एक ब्रिटिश कंपनी को केवल यह कहने पर कि फ्रैकिंग से पहले पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन ज़रूरी है, सरकार पर 120 मिलियन यूरो का मुकदमा कर दिया गया और अंततः सरकार को झुकना पड़ा। कोलंबिया में आदिवासी समुदायों के संघर्ष से एक कोयला खदान परियोजना रुकी, लेकिन कंपनियों ने ब्रिटेन-कोलंबिया संधि के तहत सरकार से मुआवज़ा वसूल लिया।

इन उदाहरणों का खतरनाक असर यह है कि सरकारें पर्यावरण बचाने से पहले अब यह सोचने लगती हैं कि कहीं उन्हें अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में अरबों डॉलर का हर्जाना न भरना पड़ जाए। इसे 'रेगुलेटरी चिल' कहा जाता है, यानी कानून बनाने की हिम्मत तो रहती है, मगर उन्हें लागू करने का साहस नहीं बचता। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री जोसेफ स्टिग्लिट्ज़ ने इस व्यवस्था को 'कानूनी आतंकवाद' निरूपित किया है, क्योंकि यह सरकारों को डराकर लोकतांत्रिक फैसलों को पलटने का हथियार बन चुकी है।

यह प्रक्रिया केवल कानूनी तंत्र तक सीमित नहीं है। इसका एक और, उससे भी अधिक क्रूर रूप वेनेजुएला में देखने को मिलता है। वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार हैं। लंबे समय से यह देश अमेरिकी साम्राज्यवाद और वैश्विक तेल कंपनियों की नज़र में खटकता रहा है, क्योंकि उसने अपने तेल संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश की। अमेरिका ने वहां की निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने के लिए आर्थिक प्रतिबंध लगाए, उसकी अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने की कोशिश की और खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन की राजनीति चलाई। तेल के लिए एक संप्रभु देश के लोकतंत्र को कुचल देना और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाना यह दिखाता है कि जब संसाधनों का सवाल आता है, तो लोकतंत्र और मानवाधिकार कितने बौने साबित हो जाते हैं।

अब सवाल यह है कि भारत इस पूरी तस्वीर में कहां खड़ा है? क्या हम खुद को इस खतरे से सुरक्षित मान सकते हैं? शायद नहीं। भारत आज तेजी से वैश्विक पूंजी और निवेश के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। कोयला खनन, तटीय औद्योगिक परियोजनाएं, परमाणु संयंत्र, बड़े बांध, तेल और गैस की खोज ये सभी क्षेत्र पहले से ही पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के अधिकारों को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। यदि भविष्य में भारत ऐसे निवेश समझौतों का हिस्सा बनता है, जिनमें आईएसडीएस जैसे प्रावधान होंगे, तो हमारी सरकारों पर भी वही दबाव आएगा, जो आज कई अन्य देशों पर है।

भारत में पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रियाओं को 'विकास में बाधा' बताकर कमजोर किया जा रहा है। कई बार परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है, जनसुनवाई को औपचारिकता बना दिया जाता है और स्थानीय लोगों की आपत्तियों को अनदेखा कर दिया जाता है। यदि इसके ऊपर अंतर्राष्ट्रीय मुकदमों का डर भी जुड़ गया, तो पर्यावरण संरक्षण लगभग असंभव हो जाएगा। तब सरकारें जनता और प्रकृति के नहीं, बल्कि निवेशकों और कंपनियों के प्रति जवाबदेह होंगी।

भारत जैसे देश के लिए यह विशेष रूप से खतरनाक है, क्योंकि यहाँ विकास की कीमत पहले गरीब, आदिवासी और हाशिए पर पड़े समुदाय चुकाते हैं। जंगलों से विस्थापन, खनन से प्रदूषण, नदियों के सूखने और ज़मीन के बंजर होने से उनकी आजीविका छिन जाती है। यदि सरकारें अंतरराष्ट्रीय दबाव में आकर पर्यावरणीय फैसलों से पीछे हटने लगेंगी, तो इन समुदायों के अधिकार पूरी तरह कुचल दिए जाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



चोटी नहीं खींचना चाहिए था, ये महापाप है। जिन लोगों ने चोटी को छुआ है, उन्हें पाप लगेगा। कई बरस बाद भी बहुत पाप पड़ेगा। सब खाता बही में लिखा जा रहा है। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

-ब्रजेश पाठक

डिप्टी सीएम

उत्तर प्रदेश सरकार

वे उसी का पार्टी का हिस्सा हैं, मंत्रिमंडल में भी हैं। अगर उन्हें इतना ही बुरा लगा है, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। पाप तो उन्हें भी लगेगा, क्योंकि वे उसी मंत्रिमंडल के सदस्य हैं और अपमान तो वहीं से हुआ है।

-शिवपाल यादव

समाजवादी पार्टी के नेता



## अब एआई कंटेंट की होगी बेहतर निगरानी



रोहित माहेश्वरी

स्वतंत्र पत्रकार

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने जहां दुनिया को तेज और स्मार्ट बनाया है, वहीं इसके दुरुपयोग ने भी गंभीर चिंता पैदा कर रखी है। डीपफेक वीडियो, फर्जी तस्वीरें और एआई जनित भ्रामक सामग्री न केवल लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि साइबर ठगी और सामाजिक भ्रम का कारण भी बन रही हैं। इन खतरों को मध्य में रखकर केंद्र सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में किए गए हालिया संशोधन को डिजिटल दुनिया में बढ़ती चुनौतियों के बीच एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है।

आगामी 20 फरवरी से लागू होने जा रहे इन नियमों के तहत अब एआई से तैयार किए गए फोटो और वीडियो पर लेबल लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही फेक कंटेंट को हटाने की समय सीमा 36 घंटे से घटाकर तीन घंटे कर दी गई है। नए प्रावधानों के तहत एआई कंटेंट में स्थायी मेटाडेटा और डिजिटल पहचान चिह्न जोड़ने की अनिवार्यता भी तय की गई है, ताकि ऐसे कंटेंट की पहचान आसानी से की जा सके। यह बदलाव डिजिटल पारदर्शिता और नागरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल, जैसे कि चैट जीपीटी की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड बनाए जा सकते हैं। इस रिपोर्ट ने एआई के संभावित दुरुपयोग की क्षमता के बारे में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं।

> साइबर सुरक्षा अब सबसे बड़ी चुनौती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की मदद से नकली आधार और पैन कार्ड तक बनाए जा सकते हैं।

एक नए सर्वे में 51 फीसदी बिजनेस लीडर्स ने इसे प्राथमिक जोखिम माना। 'फिक्की-ईवाय रिस्क सर्वे 2026' की रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इसमें डिजिटल युग के बढ़ते खतरों पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी जोखिम अब सीधे कंपनी के कामकाज से जुड़ गए हैं।

61 फीसदी लोग साइबर हमलों से डरे हुए हैं। डेटा चोरी और धोखाधड़ी को 57 फीसदी ने बड़ा जोखिम माना। लगभग 47 फीसदी कंपनियां इन आधुनिक खतरों से निपटने में नाकाम हैं। साइबर हमलों से कंपनियों की प्रतिष्ठा और वित्त पर असर पड़ता है। डिजिटल बदलाव कंपनियों की प्रतिस्पर्धी स्थिति को प्रभावित कर रहे हैं। यह सर्वे 137 सीईओ और सीनियर डिसीजन-मेकर्स पर आधारित है। इसमें 21 फीसदी प्रतिभागी टेक्नोलॉजी सेक्टर से थे। प्रोफेशनल सर्विसेज दूसरे नंबर पर।

साइबर अटैक अब सिर्फ आईटी मुद्दा नहीं। यह ऑपरेशनल कंटिन्यूटी से जुड़ा है। 61 फीसदी लीडर्स मानते हैं कि साइबर हमले वित्तीय और रेपुटेशनल खतरा हैं। तेज टेक्नोलॉजिकल बदलावों को 61 फीसदी कंपनियां प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला मान रहे हैं। सर्वे के अनुसार, आज के दौर में एआई एक 'दोधारी तलवार' बन गया है। करीब 60 फीसदी विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी पिछड़ापन घातक है। सही समय पर नई तकनीक न अपनाना नुकसानदेह हो सकता है। वहीं, 54 प्रतिशत लोग एआई के एथिकल और गवर्नेंस संबंधी जोखिमों से चिंतित हैं। इन जोखिमों का प्रबंधन अभी भी प्रभावी ढंग से नहीं हो रहा है।

ग्लोबल साइबरपीस समिट 2026 में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के अनुसार 2024-2025 के दौरान दर्ज साइबर हमलों में एआई और ऑटोमेशन का व्यापक इस्तेमाल देखने को मिला है। अब साइबर अपराधी किसी छोटे गैंग की तरह नहीं, बल्कि कंपनियों की तरह संगठित ढांचे में काम कर रहे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, मध्य-पूर्व और भारत के कुछ हिस्सों से संचालित ये नेटवर्क अलग-अलग विभागों में बंटे हुए हैं। इन गिरोहों के पास भर्ती करने वाली टीम, वेतन और प्रमोशन देखने वाले लोग और यहां तक कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट यूनिट भी होती है। ये टीमें टेक्नोलॉजी की कमियों और इंसानी व्यवहार की कमजोरियों को खोजकर उनका फायदा उठाती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में साइबर अपराध से दुनिया को लगभग 10.8 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होने का अनुमान था, जो इस साल करीब 12 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कई अंतर्राष्ट्रीय थिंक टैंकों का दावा है कि अब लगभग 80 प्रतिशत साइबर हमलों में किसी न किसी रूप में एआई की भूमिका है। एआई का इस्तेमाल अब डीपफेक तकनीक में भी हो रहा है। डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में अपराधी किसी प्रसिद्ध पुलिस अधिकारी का चेहरा और आवाज नकली तरीके से दिखाकर पीड़ित को डराते हैं।

साइबर अपराध में अब ट्रिपल एक्सटॉर्शन मॉडल भी सामने आया है। इसमें पहले रैनसमवेयर से डेटा लॉक किया जाता है फिर उसे लीक करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते हैं। इसके अलावा क्राइम-एस-ए-सर्विस का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ रहा है। इसमें संगठित गिरोह उन लोगों को भी अपराध की सुविधा देते हैं, जिनके पास तकनीकी जानकारी नहीं होती। यानी पैसे दो और तैयार साइबर क्राइम सेवा लो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## अपूर्णता से जन्मता है प्रेम

हम अक्सर प्रेम को बहुत ऊंचे आसन पर बैठा देते हैं, मानो वह किसी तपस्या का परिणाम हो, लेकिन सच यह है कि प्रेम मनुष्य की अपूर्णता से जन्म लेता है। हमें किसी की आवश्यकता होती है, कोई हमारे होने की पुष्टि करे, हमारे सुख में शामिल हो और हमारे दुःख को बांट ले। यह आवश्यकता ही प्रेम का बीज है। आवश्यकता को हीन समझना भूल है। जो कहता है कि उसे किसी की ज़रूरत नहीं, वह अक्सर भीतर से बहुत टूटा हुआ होता है।



मनोज अभिज्ञान

ब्लॉगर

साथ रहने का मन न हो, ज़रूरत न हो, तो साथ रहना प्रेम नहीं, जड़ता है। प्रेम में स्वेच्छा होती है। रोज़ का चुनाव होता है। सुबह उठकर यह महसूस करना कि मैं इस व्यक्ति के साथ रहना चाहता/चाहती हूं, क्योंकि यह मेरे जीवन को अर्थ देता है। अगर यह इच्छा मर जाए, तो संबंध ढांचा मात्र रह जाता है और ऐसे ढांचे में लोग रहते तो हैं, पर जीते नहीं।

और जहां सुख-दुःख में साथ न हो, वहां प्रेम का दावा खोखला है। जब सब ठीक चल रहा हो, तब साथ देना आसान है। पर जब बीमारी हो, असफलता हो, आर्थिक संकट हो, या मन का अंधेरा हो, तब जो साथ खड़ा रहता है, वही प्रेम को सार्थक करता है। जो व्यक्ति आपके आंसू से असहज होकर दूर चला जाए, वह आपकी मुस्कान का भी सच्चा भागीदार नहीं हो सकता।

प्रेम में ज़रूरत होना और निर्भरता में डूब जाना, दोनों अलग बातें हैं। ज़रूरत का अर्थ है कि आप किसी को अपने जीवन में चाहते हैं, पर उसके बिना आप शून्य नहीं हो जाते। निर्भरता का अर्थ है कि आप अपनी संपूर्णता किसी और पर टिका देते हैं। पहला प्रेम है, दूसरा भय। प्रेम दो पूर्ण होते व्यक्तियों के बीच भी हो सकता है। निर्भरता में दो अपूर्णताएं एक-दूसरे को ढंकने की कोशिश करती हैं।

कभी-कभी लोग साथ इसलिए रहते हैं, क्योंकि वे अकेले होने से डरते हैं। यह प्रेम नहीं, डर है। और कभी लोग अलग हो जाते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि अब उनकी ज़रूरत, उनका मन, उनका सम्मान उस रिश्ते में नहीं बचा। यह अलग होना भी ईमानदारी हो सकता है। कई बार सही समय पर अलग हो जाना दोनों के लिए बेहतर होता है। अगर कोई व्यक्ति आपके संघर्ष में अनुपस्थित है, तो उसके प्रेम के दावे पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। प्रेम का अर्थ है उपस्थिति। केवल शारीरिक नहीं, भावनात्मक उपस्थिति। आपकी बात सुनना, आपकी थकान को समझना, आपकी विफलताओं में आपको छोटा न करना। जो इन क्षणों में साथ नहीं देता, उसका प्रेम शायद सुविधा का प्रेम है।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## जिंदगी की पाठशाला के बीच मौत चुनते छात्र

हाल ही में छात्रों में सुसाइड के मामलों में तेजी से वृद्धि देखने को मिल रही है। ऐसा देश सहित पूरी दुनिया में हो रहा है। कुछ समय पहले जयपुर में एक बीटेक छात्र और बारां में दसवीं क्लास की छात्रा के आत्महत्या का मामला सामने आया है। इन घटनाओं ने छात्रों में आत्महत्या जैसे मसले पर चिंता की स्थिति को और बढ़ा दिया है। देखा जा रहा है 15 से 24 साल के नौजवान छात्रों में सुसाइड यानी आत्महत्या का चलन तेजी से बढ़ रहा है। आंकड़े बताते हैं कि सुसाइड दुनिया में मृत्यु का तीसरा बड़ा कारण है। ऐसे अनगिनत मामले रोजाना परिवार और समाज के लिए एक सवाल बन रहे हैं कि आखिर जीवन की कक्षा के बीच छात्र जिंदगी छोड़ मौत को क्यों चुन रहे हैं?

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में छात्रों की आत्महत्याएं चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई हैं। देश में आत्महत्या करने वाले कुल लोगों में छात्रों की संख्या 7.6 फीसदी है। 2022 के आंकड़ों पर आधारित इस ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में हर साल अनुमानित तौर पर करीब 13,000 छात्र आत्महत्या करते हैं। हालांकि 2023 और 2024 में आत्महत्या के आधिकारिक आंकड़े अभी जारी नहीं हुए हैं, लेकिन लगातार बढ़ते मामलों से स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है।



डॉ. मोनिका शर्मा

वरिष्ठ पत्रकार

छात्रों की आत्महत्याओं के पीछे मुख्य कारण तनाव बताया जा रहा है। शैक्षणिक और सामाजिक तनाव के साथ-साथ कॉलेजों या संस्थाओं से मदद न मिलना और जागरूकता का अभाव भी है। सुसाइड (आत्महत्या) का मतलब है जानबूझकर और स्वेच्छा से अपना जीवन समाप्त कर लेना। यह एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य मुद्दा है, जो अक्सर असहनीय दर्द, हताशा या मानसिक पीड़ा के कारण होता है। आत्महत्या एक रोकी जा सकने वाली घटना है और यह अक्सर मानसिक विकारों या अचानक आए तनावपूर्ण बदलावों का परिणाम होती है।

मनोरोग विशेषज्ञों का कहना है कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव है। यह तनाव जब असहनीय हो जाता है, तो कई छात्र आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। यह न केवल एक परिवार को बर्बाद करता है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। इसके कारणों में अत्यधिक शैक्षणिक दबाव के बीच बेहतर अंक लाने की दौड़ और प्रतियोगी परीक्षाओं का डर, पारिवारिक अपेक्षाएं, जिसमें माता-पिता द्वारा बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोपना, अकेलापन और अवसाद जिसमें घर से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले छात्रों में अकेलापन, भेदभाव और शोषण जिसमे यौन, शारीरिक या भावनात्मक शोषण, असफलता का डर, कॅरियर या परीक्षाओं में असफल होने का डर जैसे कारक शामिल हैं।

स्टूडेंट आत्महत्या एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो मुख्य रूप से अकादमिक दबाव, परीक्षा का डर, भविष्य की चिंता, अकेलापन और पारिवारिक अपेक्षाओं के कारण बढ़ रही है। इसे रोकने के लिए छात्रों को भावनात्मक समर्थन, परामर्श और तनावमुक्त माहौल प्रदान करना आवश्यक है, जिसमें माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका अहम है। बढ़ते मामलों की चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई, 2025 में छात्रों की आत्महत्याओं को रोकने के लिए ऐतिहासिक निर्देश जारी किए, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य नीति, अनिवार्य परामर्शदाता और हेल्पलाइन की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। कोर्ट ने इसे एक संरचनात्मक अस्वस्थता माना और परीक्षा-केंद्रित दबाव को कम करने, भेदभाव मुक्त माहौल सुनिश्चित करने तथा आत्महत्या की घटनाओं की अनिवार्य रिपोर्टिंग के आदेश दिए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### ऐसे बना बॉयकाट शब्द




आज 'बॉयकाट' शब्द विरोध, असहमति और सामाजिक बहिष्कार का पर्याय बन चुका है। इस शब्द की उत्पत्ति 19 वीं सदी के आयरलैंड से जुड़ी है। उस समय आयरलैंड ब्रिटिश शासन के अधीन था और वहां किसानों की हालत बेहद दयनीय थी। बड़े जमींदारों की जमीन पर खेती करने वाले किसानों से अत्यधिक किराया वसूला जाता था। ऐसे ही एक जमींदार की जमीन का प्रबंधन ब्रिटिश अधिकारी चार्ल्स बॉयकाट (Charles Boycott) के हाथ में था। वे कठोर और असंवेदनशील माने जाते थे। साल 1880 में जब किसानों ने फसल खराब होने के कारण किराया कम करने की मांग की, तो चार्ल्स बॉयकाट ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने कई किसानों को जमीन से बेदखल करने की कार्रवाई भी शुरू कर दी। इससे किसानों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया, लेकिन उन्होंने हिंसा का रास्ता नहीं चुना। इसके बजाय आयरिश राष्ट्रवादी संगठन लैंड लीग के नेतृत्व में एक नया, शांतिपूर्ण तरीका अपनाया गया- सामाजिक बहिष्कार। इस बहिष्कार के तहत कोई भी व्यक्ति चार्ल्स बॉयकाट से बात नहीं करता था। मजदूर उनके खेतों में काम करने से मना कर देते थे, दुकानदार उन्हें सामान नहीं बेचते थे, डाकिया तक उनकी चिट्ठियां नहीं पहुंचाता था। वे समाज में पूरी तरह अलग-थलग पड़ गए।

यह अहिंसक विरोध इतना प्रभावी सिद्ध हुआ कि अंततः उन्हें उस क्षेत्र को छोड़ना पड़ा। इस अनोखे विरोध की खबरें ब्रिटिश अखबारों में प्रमुखता से छपीं। पत्रकारों ने इस सामाजिक बहिष्कार को उसी व्यक्ति के नाम पर "Boycott" कहना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे यह शब्द अंग्रेजी भाषा में स्थापित हो गया और बाद में दुनिया की अनेक भाषाओं में फैल गया। आज 'बॉयकाट' का अर्थ किसी व्यक्ति, संस्था, देश या उत्पाद का संगठित और शांतिपूर्ण तरीके से बहिष्कार करना है। इस प्रकार 'बॉयकाट' केवल एक शब्द नहीं, बल्कि इतिहास की वह सीख है, जो बताती है कि संगठित सामाजिक चेतना बिना हिंसा के भी बड़े बदलाव ला सकती है।

## नोटिस बोर्ड

- 24 फरवरी को मुरादाबाद में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जहां साक्षात्कार के आधार पर युवाओं को नौकरी दी जाएगी। खास बात यह है कि इस मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय कंपनियां भाग ले रही हैं, जिससे युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार मिलने की संभावना बढ़ गई है। सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। मेला राजकीय पॉलिटेक्निक के मैदान में लगाया जाएगा, जो कांठ रोड पर विवेकानंद हॉस्पिटल के सामने स्थित है। इस मेले में लगभग 50 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।



- बरेली कॉलेज में प्रथम सेमेस्टर के वे विद्यार्थी, जिन्होंने वोकेशनल विषय के अंतर्गत रिसर्च सर्वे किया है, अपने असाइनमेंट 19 फरवरी को जमा कर सकते हैं। यह प्रक्रिया कॉलेज के नए परीक्षा भवन में दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक आयोजित की जाएगी। मीडिया सेल प्रभारी प्रो. ए.सी. त्रिपाठी ने बताया कि इसी दिन राजनीति विज्ञान विभाग के एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा भी आयोजित होगी। यह परीक्षा दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगी। संबंधित विद्यार्थियों को समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।



# बनना है इंजीनियर, जेईई मेन्स के बाद आगे का सफर

देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन्स छात्र-छात्राओं के लिए देश के शीर्ष तकनीकी कॉलेजों में प्रवेश दिलाने का रास्ता खोलती है। हर साल लाखों छात्र इसे क्वालिफाई करने की तैयारी करते हैं। जेईई मेन-2026 के सत्र-1 का रिजल्ट आने के बाद छात्र-छात्राओं के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि अब आगे क्या करना है? इसका जवाब यही है कि अगर आप अपने सत्र-1 के स्कोर से संतुष्ट नहीं हैं या इसे और सुधारना चाहते हैं, तो जल्दी से सत्र-2 के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी है। परीक्षा 1 अप्रैल से 10 अप्रैल के बीच आयोजित की जाएगी। दोनों सत्रों में से सर्वश्रेष्ठ स्कोर ही फाइनल रैंक के लिए मान्य होगा।



डॉ. क्षमा त्रिपाठी
प्रोफेसर डीजी पीजी कॉलेज

एक्सपर्ट की मानें, तो इस बार जेईई मेन का प्रश्नपत्र मीडियम स्तर का था। ऐसे में अनुमान है कि सामान्य वर्ग के लिए जेईई एडवांस्ड में बैठने की पात्रता कटऑफ लगभग 91 से 93 परसेंटाइल के बीच हो सकती है। हालांकि वास्तविक और अंतिम कटऑफ की घोषणा दूसरे सत्र का परिणाम जारी होने के बाद ही की जाएगी। अब यदि आपका स्कोर कट ऑफ ढाई लाख उम्मीदवारों के भीतर है, तो आईआईटी में प्रवेश के लिए पात्र हैं और आईआईटी में प्रवेश के लिए जेईई एडवांस्ड की तैयारी शुरू कर सकते हैं। इसके लिए पंजीकरण 23 अप्रैल से शुरू होगा और परीक्षा 17 मई को आयोजित की जाएगी।

### जेईई मेन के बाद काउंसिलिंग

जेईई मेन के स्कोर के आधार पर देश के अनेक प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश मिलता है। छात्र-छात्राएं इस परीक्षा के माध्यम से B.E./B.Tech और वास्तुकला (B.Arch) पाठ्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं। देश के सभी 31 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) जेईई मेन का स्कोर स्वीकार करते हैं। इसी तरह देश में स्थित 26 भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIITs) भी इस परीक्षा के आधार पर प्रवेश देते हैं। 28 केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थान (GFTIs) भी जेईई मेन के स्कोर को दाखिले के लिए पात्रता प्रदान करते हैं। इनके अलावा कई राज्यों के सरकारी कॉलेज जैसे बिहार का MIT, दिल्ली स्थित DTU, जामिया मिलिया इस्लामिया और धीरूभाई अंबानी संस्थान भी जेईई मेन स्कोर को मान्यता देते हैं। हाल ही में IIM लखनऊ जैसे कुछ प्रबंधन संस्थानों ने भी जेईई स्कोर के आधार पर नए AI और डेटा साइंस पाठ्यक्रमों में प्रवेश देना शुरू किया है।



### जेईई मेन बढ़िया विकल्प पर एकमात्र रास्ता नहीं

ऐसे छात्र जिनका जनवरी जेईई मेन में परसेंटाइल 99 से अधिक है, उनको जेईई एडवांस्ड की परीक्षा की तैयारी पूरे फोकस के साथ करनी चाहिए। क्योंकि इस परसेंटाइल पर उन्हें अच्छे एनआईटी में कोर ब्रांच मिलने का विकल्प लगभग सुरक्षित हो गया है, जबकि 99 से 98 परसेंटाइल स्कोर के बीच वाले उम्मीदवार जेईई मेन के अप्रैल सेशन में भाग ले सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी जिनका परसेंटाइल 98 से कम है, उन्हें भी अप्रैल माह में जेईई-मेन के साथ एडवांस्ड की तैयारी पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए, लेकिन वे छात्र जो जेईई मेन परीक्षा पास नहीं कर पाए हैं। उनके लिए ऐसा नहीं है कि इंजीनियरिंग में प्रवेश के रास्ते बंद हो गए हैं। आप अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने की तैयारी कर सकते हैं। इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के लिए जेईई मेन बढ़िया प्रवेश विकल्प है, लेकिन यह एकमात्र रास्ता नहीं है। कुछ विश्वविद्यालय और कॉलेज अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं, जबकि अन्य राज्य स्तरीय अंकों को स्वीकार करते हैं। आप इस ओर ध्यान दे सकते हैं।

### कितने परसेंटाइल पर कहां मिलेगा प्रवेश लेने का मौका

एनआईटी त्रिची, वारंगल, सूरतकल, इलाहाबाद, राउरकेला, कालीकट, जयपुर और कुरूक्षेत्र में 99 परसेंटाइल से ज्यादा होने पर मनचाही ब्रांच मिलने का पूरा मौका रहता है। इसके अलावा ट्रिपलआईटी इलाहाबाद में भी दाखिला मिल सकता है। 98 से अधिक परसेंटाइल पर भी शीर्ष के टॉप 15 एनआईटी में कोर ब्रांच के अलावा ट्रिपल आईटी जबलपुर, ग्वालियर, गुवाहाटी, कोटा में कोर ब्रांच मिल सकती है। 98 से 96 परसेंटाइल पर टॉप 20 एनआईटी में कोर के अलावा अन्य ब्रांच और नॉर्थ ईस्ट की एनआईटी के साथ पटना, रायपुर, अगरतला, श्रीनगर, सिल्चर, उत्तराखंड, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़, जेएनयू, हैदराबाद यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिल सकता है। नए ट्रिपलआईटी डोदरा, पुणे, सोनीपत, सूरत, नागपुर, भोपाल, त्रिची, रायचूर, कांचीपुरम, रांची, धारवाड़, अगरतला, कल्याणी में भी कोर ब्रांच मिलने की संभावना रहती है। 96 से 94 परसेंटाइल पर सभी 1 एनआईटी के अलावा जीएफटीआई में प्रवेश मिलने की संभावनाएं बनती हैं।



### क्या है जेईई मेन और एडवांस्ड

जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (JEE) में दो मुख्य परीक्षाएं होती हैं, जेईई मेन और एडवांस्ड। जेईई मेन परीक्षा का पहला चरण है, जिसका संचालन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा किया जाता है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा का दूसरा चरण है, जिसका संचालन संयुक्त प्रवेश बोर्ड (JAB) की ओर से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IIT) में से किसी एक द्वारा किया जाता है। जेईई एडवांस्ड में बैठने के लिए, छात्र को जेईई मेन उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जेईई मेन और एडवांस्ड दोनों ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाएं हैं। इन परीक्षाओं में अच्छा स्कोर करने से प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के द्वार खुलते हैं और उज्ज्वल करियर का मार्ग प्रशस्त होता है।

## कैंपस में पहला दिन – सीखने का उद्देश्य और सपनों को नई दिशा

कॉलेज का पहला दिन जीवन के उन यादगार क्षणों में से एक होता है, जो समय बीतने के साथ और भी मूल्यवान हो जाता है। मेरे जीवन में यह दिन तब आया, जब मैंने क्राइस्ट चर्च कॉलेज में बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में प्रवेश लिया। यह केवल एक नए संस्थान में दाखिला नहीं था, बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण पड़ाव था। उस सुबह मन में उत्साह और संकोच दोनों भाव मौजूद थे। नई पोशाक, हाथ में जरूरी कागजात और मन में भविष्य को लेकर कई सपने- सब कुछ नया-सा लग रहा था। जैसे ही कॉलेज परिसर में प्रवेश किया, वहां का ऐतिहासिक वातावरण, विशाल भवन और अनुशासित चहल-पहल ने गहरा प्रभाव डाला। चारों ओर अलग-अलग स्थानों से आए छात्र थे, जिनकी आंखों में भी मेरे ही जैसे सपने और उम्मीदें झलक रही थीं।



राहुल चंद्रा
पूर्व महामंत्री, इनकम टैक्स बार एसोसिएशन कानपुर

बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में प्रवेश लेने का निर्णय मेरे लिए विशेष महत्व रखता था। विज्ञान के प्रति रुचि और जीवन की जैविक प्रक्रियाओं को समझने की जिज्ञासा मुझे इस विषय तक ले आई थी। पहली कक्षा में बैठते समय मन में यह एहसास गहराता जा रहा था कि अब पढ़ाई का स्तर और दृष्टिकोण दोनों बदलने वाले हैं। जब शिक्षक कक्षा में आए, तो उनके अनुभवपूर्ण शब्दों और विषय के प्रति समर्पण ने हमें तुरंत प्रभावित किया।



उन्होंने स्पष्ट किया कि बायोलॉजी केवल पाठ्यपुस्तकों का विषय नहीं, बल्कि जीवन को समझने की कुंजी है। धीरे-धीरे सहपाठियों से परिचय हुआ। नाम पूछने से शुरू हुई बातचीत कब मित्रता में बदल गई, यह पता ही नहीं चला। प्रयोगशाला, विभागीय गलियारे और कैंटीन, हर जगह नई बातचीत, नई सीख और नए रिश्ते आकार लेने लगे। उस दिन यह अनुभव हुआ कि कॉलेज केवल शैक्षणिक ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त मंच है।

आज जब उस पहले दिन को याद करता हूं, तो क्राइस्ट चर्च कॉलेज में बीएससी बायोलॉजी स्ट्रीम में लिया गया प्रवेश गर्व और आत्मविश्वास से भर देता है। कॉलेज का पहला दिन वास्तव में जीवन की उस यात्रा की शुरुआत था, जिसने सोचने की दृष्टि, सीखने का उद्देश्य और भविष्य के सपनों को एक नई दिशा दी।

## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में नई दिल्ली में भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को वर्ष 2025 की बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमेन ऑफ द ईयर चुना गया। मंधाना ने भारत की 2025 महिला विश्व कप में ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही शतरंज की भारतीय स्टार दिव्या देशमुख को सिर्फ 20 साल की उम्र में ऐतिहासिक फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया।
- अफगानिस्तान टीम के क्रिकेटर राशिद खान ने T20 क्रिकेट में एक ऐसा मुकाम हासिल कर लिया है, जो आज तक दुनिया का कोई भी गेंदबाज नहीं कर पाया। हाल ही में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप मैच में उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया। UAE के खिलाफ खेलते हुए राशिद खान T-20 फॉर्मेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं।
- बीती 16 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें 1925 में संताली भाषा के लिए विकसित ओल चिकी लिपि के 100 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया गया। राष्ट्रपति ने संताली भाषा के संरक्षण और युवा पीढ़ी के बीच ओल चिकी लिपि के प्रसार के महत्व पर बल दिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने संताल समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को सम्मानित करते हुए एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया।
- हाल ही में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सर्वेश रंजन को चीफ जनरल मैनेजर (CGM) के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह नियुक्ति भास्कर राव कारे के सेवानिवृत्त (सुपरएनुएशन) होने के बाद की गई है।

## जॉब अलर्ट

### रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (RBI)




- पद का नाम- असिस्टेंट
- पदों की संख्या -650
- सैलरी- बेसिक पे 29,000/-, 29,000-78,640 (प्लस अलाउंस) के स्केल पर। ग्रॉस सैलरी लगभग 58,514/- (बिना HRA के)
- योग्यता- कम से कम 50% मार्क्स के साथ बैचलर डिग्री (SC/ST/PwBD के लिए पास क्लास)
- आयु- 20 से 28 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि-08 मार्च2026
- वेबसाइट- www.rbi.org.in

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI)

- पद का नाम -सर्किल बेस्ड ऑफिसर
- पदों की संख्या-2273 (2050 रेगुलर + 223 बैकलॉग)
- सैलरी- Rs. 48,480 - 85,920 प्रति महीना
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन
- आयु- 21 से 30 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि- 25 फरवरी 2026
- वेबसाइट-https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings

### यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन

- सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन (CSE) 2026
- पद- टाइप ग्रुप A और ग्रुप B सर्विसेज़, टोटल वैकेंसी काउंट लगभग 933 पोस्ट
- सर्विसेज IAS, IPS, IFS, IRS, इंडियन ऑडिट एंड अकाउंट्स, DANICS, DANIPS, और दूसरी सेंट्रल सर्विसेज
- योग्यता- ग्रेजुएट डिग्री (कोई भी डिसिप्लिन)
- आयु-21–32 साल
- आवेदन की अंतिम तिथि- 24 फरवरी 2026
- वेबसाइट- www.upsc.gov.in

## करियर की नई राह: डिजिटल मार्केटिंग या बीबीए



12 वीं बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त होते ही छात्रों के सामने करियर को लेकर सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है कि अब आगे क्या पढ़ें? आज के प्रतिस्पर्धी और तेजी से बदलते जॉब मार्केट में सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि स्किल और अवसर भी मायने रखते हैं। ऐसे समय में दो कोर्स सबसे ज्यादा चर्चा में हैं, डिजिटल मार्केटिंग और बीबीए (BBA)। दोनों के अपने फायदे, अवसर और करियर पाथ हैं, लेकिन कौन सा कोर्स आपके लिए बेहतर रहेगा, यह आपके लक्ष्य, रुचि और भविष्य की योजना पर निर्भर करता है। आइए आज आपको बताते हैं कि इन दोनों में कौन सा कोर्स आपके लिए बेहतर रहेगा।



ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ



### क्या है डिजिटल मार्केटिंग

डिजिटल मार्केटिंग का मतलब है इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए किसी प्रोडक्ट, सर्विस या ब्रांड का प्रचार करना। जब आप सोशल मीडिया पर किसी कंपनी का विज्ञापन देखते हैं, यूट्यूब पर वीडियो से पहले ऐड आता है या गूगल सर्च में कोई वेबसाइट सबसे ऊपर दिखाई देती है, यह सब डिजिटल मार्केटिंग का हिस्सा है। यह कोर्स स्किल-बेस्ड होता है और कम समय में पूरा किया जा सकता है।

### करियर के विकल्प

- डिजिटल मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
- सोशल मीडिया मैनेजर
- एसईओ एग्जीक्यूटिव
- कंटेंट राइटर
- गूगल एड्स एग्जीक्यूटिव
- फ्रीलांस डिजिटल मार्केटर
- ऑनलाइन ब्रांड मैनेजर
- इस फील्ड में फ्रीलांस और वर्क फ्रॉम होम के अवसर भी भरपूर हैं।

### क्या है बीबीए

Bachelor of Business Administration अर्थात बीबीए एक 3 साल का ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स है, जो बिजनेस और मैनेजमेंट की बुनियादी समझ देता है। इसमें मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्स, फाइनेंस, ऑपरेशंस और कॉर्पोरेट वर्क कल्चर के बारे में पढ़ाया जाता है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए बेहतर है, जो आगे चलकर कॉर्पोरेट सेक्टर में मैनेजर बनना चाहते हैं या MBA करने की योजना रखते हैं।

### BBA के बाद जॉब ऑप्शन

- सेल्स एग्जीक्यूटिव
- मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
- एचआर असिस्टेंट
- ऑफिस मैनेजर
- बिजनेस डेवेलपमेंट एग्जीक्यूटिव
- ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव

### सैलरी और जॉब की तुलना

डिजिटल मार्केटिंग में कोर्स छोटा होता है और नौकरी जल्दी मिलने की संभावना रहती है। शुरुआत में सैलरी सामान्य होती है, लेकिन अनुभव और स्किल बढ़ने के साथ आय तेजी से बढ़ती है। वहीं BBA में पढ़ाई लंबी है और जॉब थोड़ा समय लेकर मिलती है, लेकिन अगर इसके बाद MBA कर लिया जाए, तो सैलरी और पद दोनों ही काफी बेहतर हो सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका को 5000 टन बासमती चावल भेजने पर समझौता

**नई दिल्ली।** भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) ने एलान किया कि उसकी एक सदस्य कंपनी ने अमेरिका को 5,000 टन प्रीमियम भारतीय बासमती चावल निर्यात करने का एक व्यावसायिक समझौता किया है। संघ ने दावा किया कि यह निर्यात आदेश प्रामाणिक भारतीय बासमती चावल की बढ़ती वैश्विक मांग और भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में नई गति को दर्शाता है। संघ के अनुसार, यह समझौता भारतीय बासमती चावल की गुणवत्ता, सुगंध और प्रामाणिकता को दर्शाता है और वैश्विक खरीदारों के भारतीय निर्यातकों पर निरंतर विश्वास को प्रकट करता है।

### जम्मू-कश्मीर में करीब 35 प्रतिशत घटा केसर का उत्पादन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में केसर का उत्पादन वर्ष 2023-24 के 23.53 टन से घटकर वर्ष 2024-25 में 19.58 टन रह गया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक, हसनैन मसूदी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, उप मुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने कहा कि प्रदेश में केसर की खेती का रकबा 1,116.27 हेक्टेयर पर स्थिर रहा है, लेकिन उत्पादन और उत्पादकता में उतार-चढ़ाव आया है। आंकड़ों के मुताबिक, केसर का उत्पादन वर्ष 2020-21 में 17.33 टन का हुआ था, जो वर्ष 2021-22 में घटकर 14.87 टन और वर्ष 2022-23 में 14.94 टन रह गया, और फिर वर्ष 2023-24 में तेज़ी से बढ़कर 23.53 टन हो गया।

### मदर डेयरी को प्रमुख उत्पादों की बिक्री में 30% वृद्धि की उम्मीद

**मुंबई।** गर्मियां नजदीक आने और तापमान में लगातार बढ़ोतरी के बीच मदर डेयरी ने कहा कि उसे आइसक्रीम, दही और डेयरी बेवरेज जैसी मुख्य श्रेणियों में 30 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। मदर डेयरी के उप प्रबंध निदेशक, जयतीर्थ चारी ने बयान में कहा, 'जल्दी शुरुआत और तापमान में लगातार बढ़ोतरी के साथ, इस साल का गर्मी का मौसम पूरे उद्योग के लिए अच्छा लग रहा है। हमें आइसक्रीम, दही, डेयरी बेवरेज वगैरह में 30% से ज्यादा की बढ़ोतरी की उम्मीद है।

# एआई के आधारभूत ढांचे में निवेश बढ़ाए भारत

## एनवीडिया ने दिया निवेश को वैश्विक स्तर पर ले जाने का सुझाव, कहा- कर छूट घोषणा बड़ा अवसर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को एआई में मौजूदा 1.2 अरब डॉलर के निवेश को वैश्विक स्तर के अनुरूप बढ़ाने की जरूरत है। बजट में विदेशी कंपनियों को 20 वर्ष की कर-छूट की घोषणा से एआई के विस्तार के लिए आधारभूत ढांचा तैयार होगा। बुधवार को चिप विनिर्माता कंपनी एनवीडिया में उद्यम कारोबार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर त्रिवेदी ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि दुनिया की करीब 2,000 बड़ी कंपनियों में से लगभग 1,800 की भारत में बड़े वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हैं। इनमें इस समय 20 लाख से अधिक लोग काम कर रहे हैं और यह संख्या जल्द ही 30 लाख तक पहुंचने वाली है। उन्होंने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में कहा, इन सभी वैश्विक क्षमता केंद्रों को स्थानीय स्तर पर 'एआई कारखाना' चाहिए, जहां से वे अपने डेटा, कारोबारी प्रक्रियाएं और बौद्धिक संपदा से लेकर बुद्धिमत्ता पर काम कर सकें। इसलिए बजट की यह घोषणा भारत के लिए बहुत बड़ा अवसर है। जैसा हम कहते हैं, यह आधारभूत ढांचा है।

केंद्रीय बजट 2026-27 में यह घोषणा की गई है कि भारत में डेटा केंद्र सेवाएं लेने वाली किसी भी विदेशी कंपनी को 2047 तक 20 वर्ष की कर-छूट मिलेगी। इससे इस आशंका का समाधान होगा कि उनकी वैश्विक आय पर भारतीय कर लगेगा।



इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एक स्टॉल पर एआई टूल्स देखते लोग।

### एनपीसीआई की एनवीडिया के साथ साझेदारी

इस बीच, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम(एनपीसीआई) ने भारत के भुगतान तंत्र के लिए विशेष रूप से निर्मित अपने स्वायत्त एआई मॉडल की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एनवीडिया के साथ सहयोग की घोषणा की। उसने बयान में कहा कि यह पहल बड़े पैमाने पर वास्तविक समय भुगतान प्रणालियों की बढ़ती आवश्यकताओं का समर्थन करेगी जिसमें विश्वास, मजबूती, सुरक्षा और तंत्र को सक्षम बनाने पर जोर दिया गया है। एनपीसीआई के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी विशाल कनवती ने कहा, एनवीडिया के साथ इस सहयोग के माध्यम से एनपीसीआई का लक्ष्य भारत के भुगतान तंत्र के लिए विशेष रूप से तैयार की गई एआई क्षमताओं को आगे बढ़ाना है।

## इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026

### एआई में दक्ष प्रतिभाएं तैयार करने को ओपनएआई का आईआईटी दिल्ली, आईआईएम अहमदाबाद से करार

**नई दिल्ली।** ओपनएआई ने देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी की घोषणा की। इसका उद्देश्य प्रबंधन, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य और रचनात्मक शिक्षा के क्षेत्रों में एआई को शामिल कर प्रौद्योगिकी आधारित अर्थव्यवस्था के लिए एआई में कुशल प्रतिभा तैयार करना है। ओपनएआई ने कहा, पहले चरण में आईआईटी दिल्ली, आईआईएम अहमदाबाद, एम्स नई दिल्ली, मणिपाल अकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, यूपीईएस और पर्ल अकेडमी शामिल हैं। इस पहल के जरिए अगले एक वर्ष के दौरान एक लाख से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों को सहायता दी जाएगी।

### मेकमाईट्रिप-इक्सिगो ने भी की साझेदारी की घोषणा

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप और यात्रा मंच इक्सिगो ने अपने कारोबार में एआई को बढ़ावा देने के लिए ओपनएआई के साथ सहयोग करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य एआई आधारित यात्रा खोज को बेहतर तरीके से पहचानना तथा यात्रियों की इच्छा को समझकर उन्हें बुकिंग योग्य नतीजों में बदलना है। यह घोषणा ऐसे समय आई है, जब देश के यात्रा बुकिंग परिवेश में मंचों द्वारा जेनएआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और संवादात्मक उपकरणों, जैसे बातचीत आधारित सहायक के जरिये यूजर्स की मंशा समझकर उन्हें बुकिंग में तब्दील करने की कोशिश की जा रही है।

### माइक्रोसॉफ्ट 10 वर्ष में 50 अरब डॉलर निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने विकसित देशों के मुकाबले वैश्विक दक्षिण के देशों में एआई की पहुंच आधी होने का जिक्र करते हुए कहा कि वह दशक के अंत तक इस फासले को दूर करने के लिए 50 अरब डॉलर का निवेश करने की राह पर है। माइक्रोसॉफ्ट की वाइस चेयर एवं अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ और उपाध्यक्ष एवं एआई प्रभारी नताशा क्रैम्पटन ने इस निवेश योजना की घोषणा करते हुए कहा कि वैश्विक उत्तर (विकसित देश) और वैश्विक दक्षिण (विकासशील देश) के बीच एआई खाई पैदा होने से आर्थिक असमानताएं और गहरी हो सकती हैं।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 283 अंक चढ़ा

**मुंबई।** मजबूत वैश्विक रुझान के बीच बुधवार को बैंक, धातु एवं एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 283 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 94 अंक की मजबूती रही।



बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 83,734.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 83,770.05 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 25,819.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा स्टील, आईटीसी, एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से बढ़त रही। इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी इंडिया और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

# नए स्नातकों की भर्ती करना चाहते हैं 73% नियोक्ता

मुंबई, एजेंसी

- भर्ती का निर्णय डिग्री के बजाय इंटर्नशिप-अनुभव पर आधारित

देश में जनवरी-जून, 2026 के दौरान 73 प्रतिशत नियोक्ता नए स्नातकों की भर्ती करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि अब भर्ती का निर्णय केवल डिग्री के बजाय इंटर्नशिप एवं वास्तविक परियोजना अनुभव पर अधिक निर्भर होता जा रहा है।

कौशल विकास एवं उद्योग-उन्मुख शिक्षा में सक्रिय फर्म टीमलीज एडटेक की जनवरी-जून, 2026 छमाही के लिए जारी रिपोर्ट के मुताबिक, कॉलेज से पढ़कर निकले युवाओं की भर्ती का इरादा पिछले छह माह की तुलना में तीन प्रतिशत अंक बढ़ा है। 'करियर आउटलुक रिपोर्ट' नवंबर, 2025 से जनवरी, 2026 के बीच भारत के विभिन्न शहरों एवं उद्योगों के 1,051 नियोक्ताओं के सर्वेक्षण पर आधारित है। क्षेत्रवार मांग के मामले में खुदरा क्षेत्र 91 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद ई-कॉमर्स एवं प्रौद्योगिकी स्टार्टअप (90 प्रतिशत) तथा विनिर्माण (85 प्रतिशत) का स्थान है। खुदरा क्षेत्र में 'डार्क स्टोर असिस्टेंट' और 'इन्वेंट्री मैनेजमेंट असिस्टेंट' की मांग अधिक है।

ई-कॉमर्स एवं प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में 'डिजिटल सेल्स एसोसिएट' और 'जूनियर वेब डेवलपर' पदों पर भर्ती हो रही है जबकि विनिर्माण में 'इन्वेंट्री एंड लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर' और 'बैटरी असेंबली टेक्नीशियन' की मांग ज्यादा है। टीमलीज एडटेक के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शांतनु रूज ने कहा, नए स्नातकों की भर्ती करने का नियोक्ताओं का इरादा 73 प्रतिशत तक पहुंचना दर्शाता है कि नियोक्ताओं का युवा प्रतिभा पर भरोसा बढ़ रहा है। हालांकि, चयन प्रक्रिया अधिक व्यावहारिक कौशल आधारित हो गई है।

# गलगोटिया विश्वविद्यालय एआई समिट से बाहर

## चीनी रोबोट को अपना बताकर फजीहत कराने पर सरकार ने की कार्रवाई

- निजी विश्वविद्यालय को तुरंत एआई इम्पैक्ट समिट में स्टॉल खाली करने का आदेश

**नई दिल्ली।** निजी विश्वविद्यालय गलगोटिया को 'एआई इम्पैक्ट समिट' में अपना स्टॉल खाली करने के लिए कहा गया है। चीन में निर्मित एक रोबोटिक डॉग को खुद के नवाचार के तौर पर प्रदर्शित करने को लेकर हुए विवाद के बाद उसे प्रदर्शनी से हटने को कहा गया है।

सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने विवाद के बाद कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी प्रदर्शक ऐसी वस्तुओं का प्रदर्शित करे जो उसकी अपनी न हों। आयोजकों द्वारा गलगोटिया विश्वविद्यालय को अपना 'स्टॉल' खाली करने के लिए कहे जाने के बाद उन्होंने कहा, हम इस तरह की चीजों को प्रदर्शित करना जारी नहीं रखना चाहते। यह विवाद तब शुरू हुआ जब विश्वविद्यालय में संचार की प्रोफेसर नेहा सिंह ने मंगलवार को डीडी न्यूज को 'ओरियन' नामक एक 'रोबोटिक डॉग'को दिखाते हुए कहा था कि इसे गलगोटिया विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस द्वारा विकसित किया गया है।

वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद लोगों ने इस रोबोट के वास्तव में एक 'यूनिट्री गो2' होने की बात कही जिसे चीन की यूनिट्री रोबोटिक्स द्वारा निर्मित किया गया है। इसका इस्तेमाल आमतौर पर दुनिया भर में अनुसंधान एवं शिक्षा के लिए किया जाता है।विवाद अधिक बढ़ने पर विश्वविद्यालय को स्टॉल खाली करने के लिए कहा गया है। आलोचनाओं के बीच गलगोटिया और प्रो. नेहा सिंह दोनों ने बुधवार को कहा कि रोबोट, विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित नहीं है और संस्थान ने ऐसा दावा कभी नहीं किया है। हालांकि सूचना प्रौद्योगिकी सचिव कृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार यह बर्दाश्त नहीं करेगी कि किसी दूसरे के बनाए उत्पाद को अपना मौलिक उत्पाद बताकर प्रदर्शित करे।

गलगोटिया को 'एआई इम्पैक्ट समिट' में चीन में निर्मित एक रोबोटिक डॉग को खुद के नवाचार के तौर पर प्रदर्शित करने को लेकर हुए विवाद के बाद उसे प्रदर्शनी से हटने को कहा गया है। सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने विवाद के बाद कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी प्रदर्शक ऐसी वस्तुओं का प्रदर्शित करे जो उसकी अपनी न हों।

### स्टॉल खाली करने के आदेश की जानकारी नहीं : गलगोटिया




**नई दिल्ली।** प्रदर्शनी में गलगोटिया विश्वविद्यालय के स्टॉल पर बुधवार को कुछ भी प्रदर्शित नहीं किया गया। हालांकि, विश्वविद्यालय के छात्र स्टॉल पर नजर आए। गलगोटिया विश्वविद्यालय की प्रो. नेहा सिंह ने कहा, यह विवाद इसलिए खड़ा हुआ क्योंकि शायद बातों को स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं किया गया और इसके पीछे की मंशा को ठीक से समझा नहीं गया। सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदर्शनी क्षेत्र खाली करने के लिए कहे जाने के बारे में उन्होंने कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुझे बस इतना पता है कि आज हम सभी यहां मौजूद हैं।

## राष्ट्रीय

# लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप हैं भाई-भतीजावाद और खुदगर्जी

## हरियाणा सरकार की आवासीय समिति में फ्लैटों के आवंटन में धांधली पर सुप्रीम टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने भाई-भतीजावाद और खुदगर्जी को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप बताते हुए हरियाणा सरकार की एक आवासीय समिति की ओर से शासी निकाय के एक सदस्य और उनके अधीनस्थ को किए गए दो फ्लैटों का आवंटन रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें आवंटन प्रक्रिया में हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया गया था।

आदेश में कहा गया कि शासी निकाय के एक सदस्य और उसके अधीनस्थ को किए गए आवंटन मनमाने, पक्षपातपूर्ण थे और आवासीय समिति के खुद के पात्रता मानदंडों का उल्लंघन करते हैं। पीठ ने कहा, भाई-भतीजावाद और स्वार्थपरता लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रतिकूल हैं, विशेषकर तब जब यह ऐसे समाज के भीतर हो, जिसमें सरकारी सेवा के सदस्य शामिल हों और जो अपने सदस्यों को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराता हो। अदालत हुडा, शहरी संपदा और नगर एवं ग्रामीण योजना कर्मचारी कल्याण संगठन (एचईडब्ल्यूओ) के सदस्य दिनेश कुमार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उच्च श्रेणी के दो सुपर डीलक्स फ्लैट के आवंटन को चुनौती दी गई थी।



- शासी निकाय के सदस्य, उसके अधीनस्थ को फ्लैट आवंटन रद्द
- मामले में हस्तक्षेप न करने का हाईकोर्ट का आदेश भी खारिज

शीर्ष अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता ने विज्ञापन के तहत आवेदन किया था और वह सभी मानदंडों पर पात्र था, उसने प्रतिनियुक्ति अवधि और मूल वेतन दोनों आवश्यकताओं को पूरा किया था। पीठ ने कहा, उस शासी निकाय के सदस्य को कोई तरजीही आवंटन नहीं दिया जा सकता था, जो हुडा की सेवा में छह महीने की प्रतिनियुक्ति अवधि को भी पूरा नहीं कर रहा था।

### आदिवासी ईसाइयों के शव कब्र से निकालने पर रोक

- छत्तीसगढ़ का मामला, शवों को दफनाने से रोकने का भी आरोप

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार से उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें आरोप लगाया गया है कि वहां के गांवों में आदिवासी ईसाइयों के शवों को जबरन कब्र से निकाला गया और फिर दफनाया गया। अदालत ने आगे शव निकालने पर रोक भी लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें दावा किया गया था कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी ईसाइयों को उनके गांवों में स्थित कब्रिस्तानों में अपने मृत परिवार के सदस्यों को दफनाने से रोका जा रहा है। 'छत्तीसगढ़ एसोसिएशन फॉर जस्टिस एंड इक्वैलिटी' और अन्य द्वारा अधिवक्ता सत्य मित्रा के माध्यम से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस ने कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक की मां के शव को उनकी जानकारी के बिना कब्र से निकालकर कहीं और दफना दिया गया। एक अन्य याचिकाकर्ता के पति के शव को भी बहुसंख्यक समुदाय के ग्रामीणों द्वारा जबरन कब्र से निकाला गया और दूर किसी स्थान पर फिर से दफना दिया गया।

### नस्लीय हिंसा के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई से इन्कार, अटॉर्नी जनरल को विचार करने का निर्देश

- त्रिपुरा के एंजेल चकमा की हत्या के बाद दायर की गई थी याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्वोत्तर और अन्य क्षेत्रों के नागरिकों के खिलाफ भेदभाव और हिंसा रोकने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। हालांकि टिप्पणी की कि नस्ल, क्षेत्र, लिंग और जाति के आधार पर व्यक्तियों की पहचान करना प्रतिगामी मार्ग पर चलने के समान होगा। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा, अपराध, अपराध है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को याचिका पर विचार करने और उसे उचित प्राधिकारी को भेजने का निर्देश दिया। इससे पहले याचिकाकर्ता वकील अनूप प्रकाश अवस्थी ने कहा कि यह मुद्दा संसद में उठाया गया था, लेकिन सांसदों ने इस तरह के घृणा अपराधों से निपटने के लिए कोई एजेंसी बनाने से इन्कार कर दिया। त्रिपुरा के 24 वर्षीय एमबीए छात्र अंजेल चकमा की देहरादून के सेलाक्वी इलाके में निर्मम हत्या के बाद पिछले साल 28 दिसंबर को जनहित याचिका दायर की गई थी। वकील ने कहा कि चकमा को बचाने के लिए कोई आगे नहीं आया।

# दिव्यांगता पेंशन पर टैक्स सेना के मनोबल पर गहरी चोट : कांग्रेस

- केंद्र पर नेहरू का आदेश पलटकर सैनिकों के सम्मान और अधिकारों में कटौती का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर सैनिकों की दिव्यांगता पेंशन को आयकर के दायरे में लाने का आरोप लगाते हुए इस फैसले को सैन्य मनोबल पर चोट बताया। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू ने इसे आयकर मुक्त रखा था लेकिन मौजूदा सरकार ने यह फैसला पलट दिया।

कर्नल चौधरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारे जवान व्यक्तिगत चिंताओं को त्यागकर देश की रक्षा करते हैं, तब नागरिक चैन की नींद सो पाते हैं। केंद्र का नया फैसला उनके मनोबल को प्रभावित करेगा। कांग्रेस नेता ने कहा, नई नीति के अनुसार केवल उन्हीं सैनिकों की दिव्यांगता पेंशन टैक्स मुक्त रहेगी जो युद्ध या सेवा के दौरान चोटिल होकर सेवा से बाहर हो चुके हैं। जो सैनिक चोट लगने के बाद भी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उन्हें आयकर देना होगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि खुद को राष्ट्रवादी बताने वाली सरकार अब सैनिकों के सम्मान और उनके अधिकारों में कटौती कर रही है। कर्नल चौधरी ने बताया कि हाल ही में पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से मुलाकात कर अपनी चिंताओं से अवगत कराया था।

# गोगोई ने हिंदू धर्म पर हिमंत को आमने-सामने बहस की चुनौती दी

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने वाले लोग अपने राजनीतिक सफर में महत्वहीन हो गए। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा का भी यही हश्र होगा। बोरा के 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होने की संभावना है।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता ने गोगोई ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को हिंदू धर्म पर आमने-सामने बहस के लिए चुनौती दी, ताकि यह पता चल सके कि धर्म की मूलतत्त्व और सिद्धांतों को कौन बेहतर तरीके से जानता है। उन्होंने कहा, भाजपा में शामिल हुए लोग महत्वहीन हो गए। हम सर्वानंद सोनोवाल और कई अन्य लोगों का उदाहरण देख सकते हैं। अगप पार्टी (सोनोवाल की पूर्ववर्ती पार्टी) खत्म होने की कगार पर है। मुझे नहीं लगता कि मुझे भूपेन बोरा के भाजपा में शामिल होने के बारे में विशेष रूप से कुछ कहने की जरूरत है।

# राज्यपाल की नियुक्ति विधानसभा की सिफारिशों के आधार पर हो

चेन्नई, एजेंसी

- केंद्र-राज्य संबंधों पर गठित उच्चस्तरीय समिति ने की सिफारिश, कहा- 5 साल का हो कार्यकाल, इसका विस्तार न किया जाए

न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता वाली केंद्र-राज्य संबंधों पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने सिफारिश की है कि राज्यपालों की नियुक्ति राज्य विधानसभा की ओर से अनुमोदित नामों के आधार पर की जानी चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को विधानसभा में यह रिपोर्ट पेश की गई। समिति ने रिपोर्ट में राज्यपालों के लिए पांच साल का कार्यकाल तय करने का सुझाव दिया है और इसका विस्तार न करने की सिफारिश की है।

समिति ने कहा, केंद्र और राज्यों के बीच एक तटस्थ संवैधानिक कड़ी के रूप में परिकल्पित राज्यपाल का कार्यालय, अपने इच्छित उद्देश्य से लगातार भटकता जा रहा है। राज्यपाल की ओर से की गई मनमानी की हर घटना जैसे सरकार गठन या पतन में हेरफेर करना, विधानसभा को बुलाने से इन्कार करना, मंजूरी को रोकना या अनिश्चितकाल तक विलंबित करना, निर्वाचित सरकार की सार्वजनिक रूप से आलोचना करना या राजभवन को केंद्र में सत्तारूढ़ दल का पक्षपात करने वाला एक स्थान बनाना, इस संस्था में विश्वास को कमतर करती है। समिति ने कहा कि उसका दृढ़ मत है कि भारतीय संघवाद को अब 1991 के आर्थिक सुधारों के समान महत्वाकांक्षी संरचनात्मक पुनर्स्थापना की आवश्यकता है।

केंद्र-राज्य संबंधों पर मंथन करने के लिए 15 अप्रैल 2025 को न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। इसने समकालीन संघीय चुनौतियों की विस्तृत अध्ययन करने के बाद 16 फरवरी को मुख्यमंत्री को अपनी पहली रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति ने संवैधानिक ढांचे के भीतर संघीय संतुलन को बहाल करने और वास्तविक सहकारी संघवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से कई सिफारिशें की हैं जिनमें संविधान के अनुच्छेद 155 में संशोधन करने की सिफारिश भी शामिल है ताकि राष्ट्रपति को राज्य विधानसभा की कुल सदस्यता के बहुमत की ओर से अनुमोदित तीन नामों में से एक को राज्य के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने के लिए बाध्य किया जा सके।

# साजिश के तहत क्रैश कराया गया था अजित पवार का विमान

- राकांपा विधायक रोहित पवार ने साजिश के पीछे राजनीतिक मकसद होने का लगाया आरोप

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार ) के विधायक रोहित पवार ने गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार को ले जा रहे विमान को पायलट ने जानबूझकर क्रैश कराया था। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि तोड़फोड़ की कार्रवाई थी।

पवार ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कुछ जानकारियां साझा करते हुए कहा कि इससे उन्हें साजिश के पीछे का राजनीतिक संदर्भ पता चलता है। पवार ने विमान में ईंधन की अत्यधिक मात्रा को भी बड़ी साजिश का हिस्सा बताया। उन्होंने सवाल उठाया, मुंबई-बारामती की काफी छोटी यात्रा के लिए विमान में लगभग 3,500 लीटर ईंधन क्यों भरा गया था। इसके अलावा विमान के टॉयलेट के पास अतिरिक्त ईंधन रखा गया था। उन्होंने कहा, ये तथ्य एक बड़े धमाके और टक्कर के बाद आग लगने की साजिश का हिस्सा थे।

विधायक रोहित पवार ने पायलट सुमित कपूर और प्राइवेट एविएशन कंपनी वीआरएस पर गंभीर आरोप लगाए। दावा किया, मुंबई में उड़ान योजना के लिए जिम्मेदार गोपी नाम के एक मैनेजर ने शायद अजित पवार की फ्लाइट के इंतजाम में बदलाव किया होगा। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कंपनी लीपापोती के तहत ज़रूरी दस्तावेज जमा करने में देरी कर रही है और शायद हादसे से जुड़े सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर रही है।

### शायद किसी को रास नहीं आया दोनों गुटों का एकीकरण, किया जा रहा था विरोध

रोहित पवार ने साजिश के पीछे राजनीतिक मकसद का जिक्र करते हुए कहा कि राकांपा के दोनों गुटों को फिर मिलाने की कोशिशें हो रही थीं। एकजुट पार्टी राजग में शामिल होकर सत्ता में साझेदारी कर सकती थी, जिसका कुछ गुटों ने विरोध किया था। उन्होंने कहा कि अजित पवार की शायद राजग को छोड़कर जमीनी आंदोलनों में शामिल होने की योजना रही होगी जो राजनीतिक हितों के कारण कुछ लोगों के लिए नामंजूर हो सकता था। रोहित के अनुसार, इससे भी अजित पवार की मौत के पीछे की साजिश का संदर्भ मिल सकता है।

### जांच पूरी होने तक हटाए जाएं विमानन मंत्री

**मुंबई।** रोहित पवार ने दावा किया कि वीएसआर कंपनी को बचाया जा रहा है, साथ ही मांग की कि जांच पूरी होने तक नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू को पद से हटा दिया जाए। आरोप लगाया कि नायडू और उनकी तेलुगु देशम पार्टी वीएसआर कंपनी के मालिकों के करीबी हैं। महाराष्ट्र के कुछ पूर्व मंत्रियों और आंध्र प्रदेश के शीर्ष तेदेपा मंत्रियों ने वीएसआर के मालिक वीके सिंह के बेटे रोहित सिंह की शादी में शिरकत की थी। रोहित ने कहा कि अभी तक प्रारंभिक जांच रिपोर्ट भी नहीं आई है और यह मानने का कारण है कि वीएसआर को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**सुनेत्रा ने की है सीबीआई जांच की मांग :** रोहित पवार ने कहा कि उनकी चाची सुनेत्रा पवार और राकांपा नेतृत्व ने देवेंद्र फडणवीस से मिलकर मामले की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है। सुनेत्रा ने फडणवीस को पत्र सौंपा है, उसमें उनकी ओर से उठाए कई मुद्दों को भी शामिल किया गया है।

# एआई को विनियमित करना संयुक्त राष्ट्र का काम नहीं : संरा प्रमुख

● गुतारेस बोले-वार्षिक वैश्विक वार्ता की बनाई जा रही योजना

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम मेधा (एआई) को विनियमित करना संयुक्त राष्ट्र का काम नहीं है। गुतारेस ने बताया कि एआई पर एक वार्षिक वैश्विक वार्ता की योजना बनाई जा रही है जिसमें सभी देशों, सरकारों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज की भागीदारी होगी।

गुतारेस जल्द भारत पहुंचेंगे और वहां वह इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे, जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में आयोजित होने वाला कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पहला शिखर सम्मेलन है। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। भारत की यात्रा से पहले गुतारेस ने एआई पर वैश्विक सहयोग के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की और जोर दिया कि ये एआई शिखर सम्मेलन में प्रदर्शित उसकी रणनीति के पूरी तरह से अनुरूप हैं।


### वैश्विक समिति में भारत भी शामिल

गुतारेस ने वैश्विक एआई ढांचे में योगदान देने के लिए संयुक्त राष्ट्र में शुरू किए गए ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट के तहत तीन प्रमुख क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। कृत्रिम मेधा पर एक नए उच्च स्तरीय स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समिति का गठन होना है, जिसमें दुनिया भर के 40 विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसमें आईआईटी मद्रास में डेटा साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग के प्रमुख बालारमन रविंद्रन भी हैं, जिनकी सिफारिश गुतारेस ने की है।

## क्या एआई खा रहा रोजगार

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज केवल एक तकनीकी शब्द नहीं, बल्कि एक वैश्विक क्रांति बन चुका है जो हमारे काम करने के तरीकों को बुनियादी तौर पर बदल रहा है। यह एक ऐसा मोड़ है जहां डर और उम्मीद दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। जहां एक ओर एआई को 'नौकरी खाने वाली मशीन' के रूप में देखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इसे उत्पादकता का नया इंजन माना जा रहा है। ऐतिहासिक रूप से, हर नई तकनीक जैसे इंटरनेट या औद्योगिक क्रांति ने शुरुआती दौर में विस्थापन का डर पैदा किया था, लेकिन अंततः उन्होंने नए और बेहतर रोजगार के अवसर सृजित किए। वर्तमान में एआई के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। विभिन्न शोध संस्थाओं और बैंकों की रिपोर्ट्स एआई के प्रभाव को लेकर अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण संकेत दे रही हैं।

## आशंका और उम्मीदें




### क्या कह रहीं रिपोर्ट

● गोल्डमैन सैक्स : इनकी रिपोर्ट के अनुसार, एआई दुनिया भर में 30 करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों को प्रभावित कर सकता है। अमेरिका और यूरोप में करीब एक चौथाई काम पूरी तरह से एआई द्वारा किए जा सकते हैं।

● वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम : फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2030 तक लगभग 9 .2 करोड़ नौकरियां खत्म हो सकती हैं, लेकिन अच्छी खबर यह है कि इसी दौरान 17 करोड़ नई नौकरियां पैदा होने की भी उम्मीद है।

● गार्टनर : एक चौंकाने वाला तथ्य यह है कि 2026 के अंत तक, लगभग 20% बड़े संगठन मध्य-प्रबंधन के आधे से ज्यादा पदों को एआई के जरिए खत्म करने की योजना बना रहे हैं।

● अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष : उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में 60% नौकरियां एआई के खतरे के दायरे में हैं, जबकि विकासशील देशों में यह जोखिम कम (करीब 26%) है।

### कहां पर अधिक प्रभाव

● सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र : डेटा एंट्री, सॉफ्टवेयर टेस्टिंग, एचआर एडमिनिस्ट्रेशन और कस्टमर सर्विस जैसे क्षेत्रों में मांग कम हो रही है क्योंकि ये कार्य एआई टूल्स द्वारा आसानी से किए जा सकते हैं।

● नए अवसरों का उदय : एआई विशेषज्ञों, मशीन लर्निंग इंजीनियरों, डेटा एनालिस्ट, एआई एथिक्स अधिकारियों की मांग में भारी वृद्धि देखी जा रही है।

● भारत पर प्रभाव : नीति आयोग के अनुसार, भारत के आईटी क्षेत्र में लगभग 20 लाख नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं, लेकिन अगले पांच वर्षों में 40 लाख नई नौकरियों के सृजन की भी संभावना है।

नई दिल्ली एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में विशेषज्ञों ने कहा कि एआई नौकरियों को खत्म नहीं करेगा, बल्कि उन्हें अनबंडल करेगा।

### तो क्या करें

● री और अप-स्किलिंग : यह सबसे प्रभावी समाधान है। कर्मचारियों को एआई टूल्स का उपयोग करना सीखना होगा। रिपोर्ट कहती है कि एआई कौशल वाले पेशेवरों को औसत से 28% से 56% अधिक वेतन मिल रहा है।

● यूनिवर्सल बेसिक इनकम : विस्थापित श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए सरकारें यूबीआई जैसे पायलट प्रोजेक्ट शुरू कर सकती हैं।

● शिक्षा प्रणाली में सुधार : शिक्षा को रटने के बजाय समस्या समाधान और डिजिटल माइंडसेट पर केंद्रित करना होगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### खुद की गाड़ी में ही चलेंगे पीएम रहमान

**ढाका।** बांग्लादेश के नवनियुक्त प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने सादगी और जन-सुविधा की मिसाल पेश करते हुए सरकारी वाहन के बजाय अपने निजी वाहन का उपयोग करने का अनोखा फैसला लिया है। उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की मीडिया सेल के सदस्य अतीकुर रहमान रुमोन ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री अपनी निजी टोयोटा कार, निजी ड्राइवर और अपने खर्च पर खरीदे गए ईंधन का उपयोग करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के लिए आवंटित किसी भी सरकारी वाहन का उपयोग न करने का फैसला किया है।

### सलीम खान की तबीयत में सुधार

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज पटकथा लेखक एवं अभिनेता सलमान खान के पिता सलीम खान की तबीयत में सुधार हो रहा है। सलीम खान को तबीयत बिगड़ने पर मंगलवार को उनके पारिवारिक चिकित्सक डॉ. संदीप चोपड़ा उन्हें लीलावती अस्पताल लेकर पहुंचे थे। नब्बे वर्षीय सलीम खान को मंगलवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉ. जलील पारकर ने बताया कि खान को थोड़ा सा ब्रेन हेमरेज हुआ था। सर्जरी की जरूरत नहीं है। आज सुबह उनका एक प्रोजीसर न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे ने किया है।

### बुल्गारिया में 19 अप्रैल को मध्यावधि चुनाव

**सोफिया।** बुल्गारिया की राष्ट्रपति इलियाना इओतोवा ने बुधवार को घोषणा की कि देश में 19 अप्रैल को मध्यावधि संसदीय चुनाव आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनोनीत कार्यवाहक प्रधानमंत्री आंद्रेई गुरोव ने कार्यवाहक सरकार की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव दिया है, जिसके पर वह एक आधिकारिक आदेश जारी करेंगी। उन्होंने यह बयान तब दिया, जब टेलीविजन पर सीधे प्रसारित एक बैठक के दौरान गुरोव ने उन्हें कार्यवाहक सरकार की सूची सौंपी।

### वाहन दुर्घटनाग्रस्त शिक्षिका की मौत

**सवाना।** अमेरिका के जॉर्जिया में संघीय आव्रजन अधिकारियों द्वारा रोके जाने के बाद भागने की कोशिश कर रहे ग्वाटेमाला के चालक ने एक अन्य वाहन में टक्कर मार दी जिससे एक शिक्षिका की मौत हो गई। आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग (आईसीई) के अनुसार, हादसा सवाना के बाहरी इलाके में हुआ, आरोपी चालक ऑस्कर वास्केज लोपेज पर लापरवाही से गाड़ी चलाने और बिना वैध लाइसेंस के गाड़ी चलाने सहित कई आरोप हैं।

# दोनों पक्षों के बीच बनी आम सहमति अब तैयार होगा समझौते का मसौदा

## परमाणु मुद्दे पर अमेरिका से दूसरे दौर की वार्ता के बाद बोले ईरानी विदेशमंत्री अराघची

● अराघची बोले-ज्यादा सकारात्मक रही दूसरे दौर की बातचीत

काहिरा, एजेंसी

अमेरिका के साथ हुई दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा रचनात्मक थी। अराघची ने मंगलवार को सरकारी प्रसारक इरिब (इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टर) के साथ विशेष बातचीत में कहा कि दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे।

ओमान की मध्यस्थता में स्विट्ज़रलैंड की राजधानी जिनेवा में ओमानी दूतावास में हुई इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि एक बार मसौदा तैयार होने पर दोनों पक्ष तीसरे दौर की बातचीत के लिए तारीख निर्धारित करेंगे। अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच की खाई पाटने में समय लगेगा। अराघची ने बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र के एक निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बातचीत से एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी पक्षों के हितों की रक्षा करेगे।

बैठक की मध्यस्थता करने वाले ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हम्माद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक थी और दोनों पक्षों ने तकनीकी मुद्दों एवं सामान्य उद्देश्य पहचानने में अच्छी प्रगति की है। साथ ही अंतिम समझौते के मार्गदर्शक सिद्धांतों को शक्ल देने के लिए महत्वपूर्ण कोशिशें की गईं। इससे पहले जैसे ही वार्ताकार जिनेवा में मिले, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने होर्मुज की खाड़ी में स्मार्ट कंट्रोल ऑफ़ द स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज नाम का अभ्यास शुरू कर दिया था।



### राष्ट्रपति ट्रंप की कुछ बातों को मानना होगा

इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कुछ बातों को नहीं माना है, और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने कहा कि सब कुछ अभी भी टेबल पर है। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे। लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्होंने ईरान पर अधिकतम दबाव बनाया है और बार-बार चेतावनी दी है कि वह ईरान की परमाणु कार्रवाई रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ईरान ने भी इसके जवाब में कहा है कि वह किसी भी हमले का उसी तरह जवाब देगा।


### शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेंगे

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने कहा कि ईरान अपनी शांतिपूर्ण परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेगा, लेकिन यह साबित करने के लिए किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार है कि उसका कार्यक्रम हथियार बनाने के मकसद से नहीं है। उम्मीद जताई कि अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय उन अफवाहों को खारिज कर देगा जिनमें यह दावा किया जाता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने ट्रंप की सैन्य हमलों की हालिया धमकियों का जवाब देते हुए कहा कि पूर्व के अमेरिकी राष्ट्रपतियों की तरह ट्रंप भी ईरान के इस्लामिक गणराज्य को हराने में नाकाम रहेंगे।

## कनाडा ने घोषित की पहली रक्षा औद्योगिक नीति

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा कर दी है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना, उच्च वेतन वाली नौकरियों का सृजन करना और तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करना है।श्री कार्नी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था के कमजोर पड़ने और प्रौद्योगिकी के कारण संघर्षों के विस्तार ने कनाडा की रक्षा नीति में बदलाव को आवश्यक बना दिया है। उन्होंने कहा, कनाडा की नयी सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुनःसज्जा और पुनर्निवेश पर केंद्रित है। कनाडा इस वित्त वर्ष में नाटो के दो प्रतिशत रक्षा व्यय लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है और सीएएफ में शामिल होने के लिए आवेदनों में लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह घोषणा ऐसे समय में की गयी है, जब कनाडाई सरकार सीएएफ के आधुनिकीकरण, खरीद प्रक्रियाओं को सरल बनाने और घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दे रही है, ताकि सैनिकों को कनाडा और उसके सहयोगियों की रक्षा के लिए आवश्यक उपकरण समय पर उपलब्ध कराए जा सकें।

## विविध क्षेत्रों में संबंध और प्रगाढ़ करेंगे भारत-सर्बिया



नई दिल्ली में सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

● मोदी-वुचिच में रक्षा सहित कई मुद्दों पर सहयोग पर वार्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने आए सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर वुचिच ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ बनाने के उपायों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने विशेष रूप से रक्षा, विनिर्माण, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उर्वरक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाने के बारे में विस्तार से बात की।

मुलाकात के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के अवसर पर राष्ट्रपति अलेक्ज़ेंडर वुचिच से मुलाकात हुई। हमने रक्षा, विनिर्माण, डीपीआई, उर्वरक और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने पर चर्चा की। कई वर्षों से भारत-सर्बिया ने मिलकर कार्य किया है और मुझे विश्वास है कि भविष्य में हमारे संबंध और अधिक गति प्राप्त करेंगे।

### कई अन्य देशों के प्रमुख मोदी से मिले

**नई दिल्ली।** एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार करिस और क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज़ प्लेंकोविक ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढाने के बारे में बातचीत की। मोदी और करिस ने भविष्य की प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा प्रबंधन, कौशल विकास और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज़ प्लेंकोविक से सार्थक चर्चा हुई।

## अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले की जांच के तहत मलयालम अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये मूल्य की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। संघीय जांच एजेंसी ने अभिनेता और उनकी पत्नी से सेव बॉक्स नामक एक ऑनलाइन बोली ऐप्लीकेशन के जरिए ठगी के मामले में दिसंबर 2025 में पूछताछ की थी। बताया जा रहा है कि स्वाति रहीम नामक एक व्यक्ति ने यह कथित निवेश योजना चलाई। सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच त्रिशूर ईस्ट पुलिस द्वारा दर्ज चार प्राथमिकी से जुड़ी है। केरल में जयसूर्या को दी गई 39.01 लाख की अचल संपत्ति को जब्त करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मंगलवार को अंतरिम आदेश जारी किया गया।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में तीन चीता शावकों का जन्म

● अब भारत में कुल चीतों की संख्या बढ़कर 38 हुई

श्योपुर (मप्र), एजेंसी

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएमपी) में चीता 'गामिनी' ने तीन शावकों को जन्म दिया है, जिससे भारत में चीतों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। यादव ने इसे चीतों को भारत में फिर से बसाने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की शानदार सफलता करार देते हुए कहा कि यह देश के दृढ़ और ऐतिहासिक संरक्षण प्रयासों का शक्तिशाली प्रतीक है।

भारत में चीतों को पुनः बसाने के लिए 2022 में आरंभ महत्वाकांक्षी परियोजना के हिस्से के रूप में गामिनी को दक्षिण अफ्रीका से भारत स्थानांतरित किया गया था। चीते दशकों पहले भारत में विलुप्त हो गए थे। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कूनो तीन नए शावकों का स्वागत करता है। दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आगमन के 3 साल पूरे होने के अवसर पर कूनो में एक नया अध्याय। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जश्न का माहौल है क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी चीता और दूसरी बार मां बनने वाली गामिनी ने 3 शावकों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर यह नौवें शावक का जन्म है और इसके साथ ही भारत में जन्मे शावकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है।

## अमेरिका में 30 से अधिक वाहन भिड़े, चार की मौत

**पुएब्लो।** अमेरिका के कोलोराडो में धूल भरी आंधी के कारण मंगलवार को 30 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए जिससे चार लोगों की मौत हो गई। कोलोराडो स्टेट पेट्रोल' ने बताया कि यह हादसा तेज हवाओं के कारण धूल उड़ने से पूर्वाह्न करीब 10 बजे पुएब्लो के दक्षिण में इंटरस्टेट 25 पर हुआ। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों को बहुत कम या बिल्कुल भी दिखाई नहीं दे रहा था। पुलिस ने बताया कि चार लोगों की मौत हो गई है और 29 घायलों को अस्पताल ले जाया गया है लेकिन यह जानकारी नहीं है कि उनकी हालत कैसी है। दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। गश्ती दल ने बताया कि कम दृश्यता को दुर्घटना का एक कारण माना जा रहा है।

## तकाइची फिर से संभालेंगी जापानी प्रधानमंत्री का पद

● पिछले सप्ताह हुए चुनावों में भारी बहुमत से दर्ज की थी जीत

तोक्यो, एजेंसी

जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची के पिछले सप्ताह चुनाव में भारी बहुमत से जीत दर्ज करने के बाद बुधवार को देश की संसद उन्हें फिर से प्रधानमंत्री नियुक्त करेगी और वह अपने दूसरे कार्यकाल के लिए मंत्रिमंडल का गठन करेंगी। तकाइची जापान की सैन्य क्षमता और हथियारों की बिक्री को मजबूत करना चाहती हैं और आव्रजन नीतियों को सख्त करना चाहती हैं।

तकाइची ने घरेलू जीवन यापन की लागत को कम करने के लिए खाद्य उत्पादों पर दो साल के लिए बिक्री कर में कटौती का प्रस्ताव रखा है। विशेषज्ञों का मानना है कि उनकी उदार राजकोषीय नीति



से कीमतों को बढ़ोत्तरी हो सकती है और जापान के भारी राष्ट्रीय ऋण को कम करने की दिशा में प्रगति में देरी हो सकती है। तकाइची अगले महीने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ होने वाले एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन की तैयारी में जुटी हैं। ट्रंप अप्रैल में चीन का दौरा करेंगे।


## रूस ने कीव पर दागीं 29 मिसाइलें और 400 ड्रोन

**कीव।** स्विटजरलैंड की राजधानी जिनेवा में नये सिरे से शुरू हुई शांति वार्ता के पहले ही दिन रूस ने ताकत का प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन के 12 क्षेत्रों में 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे, जिससे कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा। यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया है, जिससे कूटनीतिक प्रयासों की नाजुक स्थिति उजागर होती है। बातचीत के पहले दिन के बाद, रूसी मीडिया ने मंगलवार को एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत तनावपूर्ण थी और छह घंटे तक चली। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि बातचीत व्यावहारिक मुद्दों पर केंद्रित रही।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, गुरुवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया 15 .58 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पूर्व भाद्रपद 20 .52 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** - आज इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। विवाह योग्य संतान का विवाह तय हो सकता है। आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं। परिवार में तालमेल शानदार रहने वाला है।

**वृष** - आज आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आप से अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। विदेश से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** - आज आध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे। दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नई परियोजनाओं को लेकर आप अत्यधिक सक्रिय रहने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता हो सकती है।

**कर्क** - आज भाग्य का साथ न मिलने से आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। यात्रा के दौरान बड़ी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। अकारण लोगों से विवाद होने की आशंका है। लेन-देन में त्रुटि होने के कारण आर्थिक नुकसान हो सकता है।

**सिंह** - आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत निर्मित कर सकते अपनी कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार कर लेंगे। हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है।

**कन्या** - आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमीजन के साथ पर्यटन की योजना बना सकते हैं। सुबह काम का तनाव रहेगा, लेकिन शाम तक आप काफी शांत मूड में आ जाएंगे। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**तुला** - आज दिन काफी अच्छा रहेगा। शेयर मार्केट से होने वाले नुकसान की भरपाई करने के लिए दिन अच्छा है। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। व्यापार को लेकर आपके मन में पूरे दिन आइडियाज आते रहेंगे।

**वृश्चिक** - आज नए ज्ञान को सीखने का प्रयास करेंगे, लेकिन धन की कमी के कारण आपके काम रुक सकते हैं। विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाहन में खराबी आ सकती है। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है।

**धनु** - आज नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अत्यंत शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए।

**मकर** - आज आप लोगों की सहायता करने के लिए उधार दे सकते हैं। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। किंतु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिए।

**कुंभ** - आज आपको नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। जीवनसाथी आपकी निष्ठा से बहुत प्रभावित होगी। किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने की संभावना है। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

**मीन** - आज व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। अनुशासनहीनता पूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिए। बढ़ते खर्चों को नियंत्रित करने के लिए आप काम करेंगे। कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। घर में उत्साह का वातावरण रहेगा।

## सुडोकू -66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 9 | | | 7 | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | 7 | | 4 | | 2 | | 6 | |
| | 9 | | | | 8 | | 4 | |
| | | 2 | 7 | | | 8 | | |
| | 8 | | 5 | | | | 3 | |
| | 1 | | | 3 | 5 | | 7 | |
| 7 | | | | | | 1 | | 5 |
| | | 6 | | | 4 | | | 3 |

### सुडोकू - 65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 |



जम्मू-कश्मीर में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन वहां एक उचित व्यवस्था की जरूरत है। जब मैंने प्रशासक का पद संभाला था, तब यह इतना आसान नहीं था। टीम को पटरी पर लाने के लिए जो भी जरूरी था, वह किया।

**-मिथुन मन्हास, बीसीसीआई अध्यक्ष**

## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| इटली-वेस्टइंडीज | पूर्वाह्न 11 बजे |
| श्रीलंका-जिम्बाब्वे | दोपहर 3 बजे |
| अफगानिस्तान | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### इटली पर बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा वेस्टइंडीज

**कोलकाता।** दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज की टीम गुरुवार को यहां इटली के खिलाफ टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अपने टीम संयोजन को और बेहतर बनाने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज ने एक दशक पहले इसी मैदान पर अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसने शुरू से लय पकड़ ली थी और वह इसे जारी रखने में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगा। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वेस्टइंडीज का प्रदर्शन भी बेहतर होता जा रहा है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज 23 फरवरी को मुंबई में जिम्बाब्वे और 26 फरवरी को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा।

### ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करना चाहेंगे श्रीलंका और जिम्बाब्वे

**कोलंबो।** पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीम गुरुवार को यहां जब टी20 विश्व कप के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल करना होगा। श्रीलंका ने स्थानीय परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए ओमान और आयरलैंड को हराया और फिर ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर खुद को खिताब के एक मजबूत दावेदार के रूप में पेश किया है। दूसरी ओर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया पर अपनी अप्रत्याशित जीत और खराब मौसम की बदौलत पहली बार सुपर आठ में जगह पक्की कर ली। आयरलैंड के खिलाफ उसका मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था जिससे उसे एक अंक मिला। इससे ऑस्ट्रेलिया की आगे बढ़ने की उम्मीद पर पानी फिर गया। दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका की टीम सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहेगी। वह अपनी जीत की लय को बनाए रखने और ग्रुप में शीर्ष पर रहने का लक्ष्य रखेगी।

### औपचारिक मुकाबले में कनाडा से भिड़ेगा अफगानिस्तान

**चेन्नई।** दर्शकों को अपने जज्बे और जोश भरे खेल से रोमांचित करने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो चुके अफगानिस्तान और कनाडा बृहस्पतिवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने अंतिम मुकाबले में आमने-सामने होंगे तो दोनों टीम जीत के साथ टूर्नामेंट का अंत कर एक मजबूत छाप छोड़ना चाहेंगी। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए यादगार ''डबल सुपर ओवर'' मुकाबले में अफगानिस्तान ने शानदार प्रदर्शन से प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। हालांकि उन्हें अंततः दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। कनाडा के किशोर बल्लेबाज युवराज सामरा ने चेन्नई में अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान आकर्षित किया और टी20 शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।

# शिवम की तूफानी पारी से भारत ने नीदरलैंड्स को 17 रनों से हराया

## टी-20 विश्व कप : फिर नहीं चला अभिषेक का बल्ला, शून्य पर आउट




अहमदाबाद, एजेंसी

शिवम दुबे के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां नीदरलैंड्स को 17 रनों से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम धीमी शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 193 रन बनाए। दुबे ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 31 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (21 गेंद में 30 रन, तीन छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंद में 76 रन की साझेदारी की जिससे भारत अंतिम पांच ओवर में 75 रन जोड़ने में सफल रहा।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (34) और तिलक वर्मा (31) ने भी उपयोगी पारियां खेली। नीदरलैंड की ओर से तेज गेंदबाज लोगान वान बीक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 56 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सूर्यकुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अभिषेक शर्मा का मौजूदा विश्व कप में खाता खुलने का इंतजार जारी रहा और वह लगातार तीसरे मैच में बिना रन बनाए पवेलियन लौट गए। वह आर्यन की सीधी गेंद को पूरी तरह से चूककर बोल्ड हुए। तिलक ने वान बीक पर छक्का मारा जबकि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे इशान किशन (18) ने भी इस तेज गेंदबाज पर चौका जड़ा।



विकेट का जश्न मनाते वरुण चक्रवर्ती, विकेटकीपर ईशान किशन और कप्तान सूर्यकुमार यादव।

### भारत

**193/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो दत्त | 00 |
| ईशान किशन बो दत्त | 18 |
| तिलक वर्मा का वान डेर मर्व बो वान बीक | 31 |
| सूर्यकुमार का स्थानापन्न बो क्लेन | 34 |
| शिवम का स्थानापन्न बो वान बीक | 66 |
| हार्दिक का वान डेर मर्व बो वान बीक | 30 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 06 |

गेंदबाजी : दत्त 4-0-19-2, वान बीक 4-0-56-3, एकरमैन 3-0-36-0, क्लेन 4-0-38-1, डि लीडे 4-0-28-0, वान डेर मर्व 1-0-15-0

इशान ने कोलिन एकरमैन का स्वागत छक्के के साथ किया जबकि अगले ओवर में दत्त पर भी चौका जड़ा लेकिन इस ऑफ स्पिनर की अगली गेंद उनकी जांघ और फिर कोहनी से टकराकर विकेटों में समा गई। भारत ने पावर प्ले में दो विकेट पर 50 रन बनाए। सूर्यकुमार 13 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब वान बीक की गेंद पर माइकल लेविट ने उनका कैच टपका दिया। वान बीक के इसी ओवर में हालांकि रोलोफ वान डेर मर्व ने लॉन्ग ऑफ पर शानदार कैच लपककर तिलक की पारी का अंत किया। सूर्यकुमार ने 12वें ओवर में बास डि लीडे पर छक्के के साथ बाउंड्री के सूखे को खत्म किया जबकि शिवम ने अगले ओवर में एकरमैन पर दो छक्के और एक चौके के साथ टीम के रनों का शतक पूरा किया।

सूर्यकुमार हालांकि तेज गेंदबाज काइल क्लेन के अगले ओवर में बाउंड्री पर कैच थमाकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 28 गेंद की अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का मारा। भारत ने 15 ओवर में चार विकेट पर 118 रन बनाए।

दुबे ने बाएं हाथ के स्पिनर वान डेर मर्व की फुलटॉस को दर्शकों के बीच पहुंचाया जबकि हार्दिक ने इस शॉट को दोहराया। दुबे ने 17वें ओवर में वान बीक पर दो छक्कों और एक चौके से 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। हार्दिक ने19वें ओवर में क्लेन पर दो छक्के मारे। दुबे ने भी वान बीक की पहली गेंद पर छक्का जड़ा।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी कोर्बिन बॉश। एजेंसी

# गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका विजयी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **यूएई को छह विकेट से हराया कोर्बिन बॉश ने किए तीन शिकार**

कोर्बिन बॉश की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप लीग मैच में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात को छह विकेट से हराकर सुपर आठ की तैयारी पुख्ता कर ली। पिछली उपविजेता दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को अहमदाबाद में मौजूदा चैम्पियन और मेजबान भारतीय टीम से खेलना है। वहीं यूएई की टीम ने इस हार के साथ टूर्नामेंट से विदा ली।

हल्की बूंदाबांदी और ठंडे मौसम के बीच भारतीय टीम का मैच नहीं होने के बावजूद अरुण जेटली स्टेडियम पर 12000 से अधिक दर्शक यह मैच देखने मौजूद थे। पहले गेंदबाजी करते हुए बॉश के तीन विकेट की मदद से यूएई को छह विकेट पर 122 रन पर रोकने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उसके लिये सबसे बड़ी राहत की बात 'जूनियर एबी डिविलियर्स' कहे जाने वाले डेवाल्ड ब्रेविस का फॉर्म में लौटना रहा जिन्होंने 36 रन बनाए।

यूएई ने गेंदबाजी की शुरुआत अच्छी की और पहले ओवर में ध्रुव पाराशर ने सिर्फ एक रन दिया। कप्तान एडेन माक्ररम ने हालांकि दूसरे ओवर में जुनैद सिद्दीकी को दो चौके जड़कर दबाव हटाया। तीसरे ओवर में उन्होंने हैदर अली शाह को नसीहत देते हुए तीन चौके और एक छक्का लगाया लेकिन आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए।

मार्करम ने 11 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 28 रन बनाए। नए बल्लेबाज रियान रिकेलटन ने छठे ओवर में मोहम्मद जवादुल्लाह को दो चौके लगाकर दक्षिण अफ्रीका का पचासा पूरा किया लेकिन इसी ओवर में क्विंटोन डिकॉक ने हैदर शाह को कैच थमा दिया। पावरप्ले के बाद स्कोर दो विकेट पर 56 रन था। इस साल एसए 20 में 370 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे ब्रेविस ने टूर्नामेंट में पहली बार खुलकर खेलते हुए पहले आठवें ओवर में जवादुल्लाह को मिडविकेट के ऊपर और फिर अगले ओवर में हैदर को लांग आन पर छक्का लगाया।

# अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

कैनबरा, एजेंसी

- **ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी-20 मुकाबला आज**
- **तेज गेंदबाजों ने बढ़ाया टीम का आत्मविश्वास**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां जब दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी तो वह पहले मैच में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पहले मैच में चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को झकझोर दिया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल पाई और केवल 133 रन पर आउट हो गई।

भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि बारिश के कारण खेलने का खास मौका नहीं मिला। भारत ने यह मैच डकवर्थ-लुईस प्रणाली के आधार पर जीता जिसमें केवल सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ही कुछ समय क्रीज पर बिता पाईं। लेकिन भारत की बल्लेबाजी मजबूत है और उसके खिलाड़ियों ने हाल में महिला प्रीमियर लीग में खेला था जिससे वह अच्छी तैयारी के साथ ऑस्ट्रेलिया आई है। भारत एक बार फिर शेफाली की तूफानी शुरुआत पर निर्भर रहेगा, जिन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा मंधाना की करिश्माई बल्लेबाजी तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। इस साल इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 विश्व कप को देखते हुए भारत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। तीन मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज जीतने से भारत को आत्मविश्वास मिलेगा। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा, जिन्होंने चार किफायती ओवर फेंके और दो विकेट लिए।

## ऑस्ट्रेलियाई टीम का अभियान बहुत खराब रहा: पोंटिंग

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने आईसीसी टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद कहा कि यह बहुत खराब अभियान रहा और मौजूदा टीम में वह चमक नहीं है जो वैश्विक टूर्नामेंट में पिछली टीमों में हुआ करती थी। आईसीसी रिव्यू में पोंटिंग ने कहा कि कागज पर यह टीम उन पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीम जैसी प्रभावशाली नहीं दिखती जिन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में दबदबा बनाया था।

पोंटिंग ने कहा जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई टीम को कागज पर देखते हैं, तो उसमें वह आभा नजर नहीं आती जो कई अन्य ऑस्ट्रेलियाई टीम में आईसीसी टूर्नामेंट और विश्व कप से पहले दिखाई देती थी। इन टूर्नामेंटों में आगे बढ़ने और जीतने के लिए आपके सर्वश्रेष्ठ और सबसे अनुभवी खिलाड़ियों को बड़े मौकों पर प्रदर्शन करना होता है। उन्होंने शीर्ष क्रम के निराशाजनक प्रदर्शन की ओर इशारा किया जिसमें कैमरन ग्रीन और टिम डेविड शामिल थे।

# पाकिस्तान ने पूरी की सुपर-8 की लाइनअप

कोलंबो, एजेंसी

- **फरहान के शतक के बाद स्पिनरों ने की मारक गेंदबाजी**

सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के पहले शतक के बाद स्पिनर शादाब खान (19 रन देकर तीन विकेट) और उस्मान तारिक (16 रन देकर चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ने बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के 'करो या मरो' के ग्रुप मैच में नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर आठ में प्रवेश किया।

फरहान की 11 चौके और चार छक्के जड़ित 58 गेंद की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फरहान को 50 से 100 रन तक पहुंचने में महज 20 गेंद लगी। वह विश्व कप में शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 2014 में मीरपुर में अहमद शहजाद ने बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था।

पाकिस्तान ने 'मिस्ट्री' स्पिनर तारिक और लेग स्पिनर शादाब के स्पिन जाल से दबदबा बनाते हुए नामीबिया की टीम को 17.3 ओवर में महज 97 रन पर समेट दिया। सलमान मिर्जा और मोहम्मद नवाज ने भी एक एक विकेट झटका। इस तरह नामीबिया का अभियान चारों मैच में हार के साथ समाप्त हुआ। इस जीत से पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप के अगले चरण के लिए अपना क्वालीफिकेशन भी सुनिश्चित किया जो 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सह मेजबानी में खेला जाएगा। यह टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी है।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते पाकिस्तानी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान। एजेंसी

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम साइम अयूब (14 रन) का विकेट गंवाकर पावरप्ले में महज 47 रन ही बना सकी। पर फरहान ने कप्तान सलमान आगा (38 रन) के साथ मिलकर 67 रन जोड़े जबकि शादाब खान (नाबाद 36 रन) के साथ 81 रन की भागीदारी निभाई। पाकिस्तान ने ख्वाजा नफे को मध्यक्रम में शामिल कर अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी जबकि खराब फॉर्म में चल रहे शाहीन शाह अफरीदी को बाहर किया।

पाकिस्तान ने शुरू में रक्षात्मक बल्लेबाजी की जो उनके स्कोर से जाहिर हो रहा है। लेकिन कप्तान सलमान ने नौवें ओवर की शुरुआत में विलेम माइबर्ग की गेंद पर छक्का लगाकर रन गति बढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद उन्होंने लांग-ऑन पर एक और छक्का लगाया। फिर अपने कप्तान से प्रेरित होकर फरहान ने लेग-स्पिनर माइबर्ग की गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर से एक बड़ा छक्का मारा और फिर उनकी गुगली को फिर उसी जगह भेजा। एक ओवर में तीन छक्कों से पाकिस्तान का रन रेट बढ़ गया।

## रणजी ट्रॉफी

67 साल में पहली बार हासिल की उपलिब्ध, हुबली में कर्नाटक के खिलाफ होगा खिताबी मुकाबला

# जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार फाइनल में

कल्याणी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

जम्मू कश्मीर ने सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। फाइनल 24 फरवरी से हुबली के केएससीए स्टेडियम में कर्नाटक के खिलाफ खेला जाएगा।

बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जम्मू कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए।

इससे पहले तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में नौ विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था। आकिब नबी के शानदार प्रदर्शन और आईपीएल स्टार अब्दुल समद की बेखौफ बल्लेबाजी ने यह सुनिश्चित किया कि जिस टीम को कभी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाली टीम के रूप में जाना जाता था वह अब खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है। समद ने 22 वर्षीय वंशज को विजयी रन बनाने का मौका दिया और इस युवा बल्लेबाज ने मुकेश कुमार की गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का मारकर जम्मू कश्मीर की टीम में जबरदस्त जश्न का माहौल बना दिया। जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था।



जम्मू और कश्मीर के वंशज शर्मा (दाएं) और अब्दुल समद। एजेंसी

### कर्नाटक के रविचंद्रन स्मरण ने दूसरी पारी में भी ठोका शतक, 802 रनों की विशाल बढ़त

**लखनऊ, अमृत विचार।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ मैच पर पूरी तरह शिकंजा कस लिया है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक कर्नाटक ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 299 रन बना लिए हैं। उसकी कुल बढ़त 802 रन तक पहुंच गई है। इससे पहले उत्तराखंड ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 149 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन पूरी टीम 88 .5 ओवर में 233 रन पर सिमट गई। लक्ष्य रायचंदानी 55 रन बनाकर विजय कुमार की गेंद पर बोल्ड हुए, जिसके बाद विकेटों का पतन शुरू हो गया। निचले क्रम में आदित्य रावत ने 38 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 45 रन बनाकर



संघर्ष जरूर दिखाया। कर्नाटक की ओर से विद्याधर पाटिल और विजय कुमार ने तीन-तीन विकेट लिए। उत्तराखंड को फॉलोआन न देते हुए कर्नाटक ने दूसरी पारी खेलने का फैसला किया। टीम को शुरुआती झटके लगे। मयंक अग्रवाल (21), श्रेयस गोपाल (0) और करुण नायर (8) सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद कृतिक कृष्णा (52) ने पारी को संभाला। पहली पारी के शतकवीर रविचंद्रन ने दूसरी पारी में 149 गेंदों पर 127 रनों की दमदार पारी खेली।

# विनीसियस जूनियर ने लगाए नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप

मैड्रिड, एजेंसी



- **चैंपियंस लीग में विजयी गोल करने के बाद बताई घटना**

ब्राजील के खिलाड़ी विनीसियस जूनियर ने चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के प्लेऑफ के मुकाबले में रियल मैड्रिड की तरफ से बेनफिका के खिलाफ विजयी गोल करने के बाद नस्लीय दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। खेल को तब रोक दिया गया जब विनीसियस ने दावा किया कि रियाल मैड्रिड की 1-0 से जीत के दौरान एक प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करके उनका अपमान किया।

रियल मैड्रिड के डिफेंडर ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड ने मैच के बाद कहा अपने करियर के दौरान उन्हें कई बार इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा है और उन्होंने इसे बखूबी संभाला है। लेकिन उनके प्रति इस तरह का व्यवहार जारी रहना और आज रात ऐसा होना फुटबॉल के लिए शर्मनाक है। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को मोनाको के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पीएसजी एक समय दो गोल से पीछे चल रहा था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी डेज़ायर डूए के शानदार प्रदर्शन से वह आखिर में 3-2 से जीत हासिल करने में सफल रहा। अन्य मैचों में गैलाटासराय ने युवेंटस को 5-2 से हराया जबकि बोरुसिया डॉर्टमुंड ने अटलांटा के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की विनीसियस ने स्टेडियम ऑफ लाइट में बेनफिका के खिलाफ प्लेऑफ के पहले चरण में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाने के बाद रेफरी फ्रांकोइस लेटेक्सियर को नस्लवादी टिप्पणी की जानकारी दी। उन्होंने अर्जेंटीना के खिलाड़ी जियानलुका प्रेस्टियानी की ओर इशारा किया। बेनफिका के कोच जोस मोरिन्हो ने हालांकि कहा कि उनके खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपों से इनकार किया है। मोरिन्हो ने कहा उन्होंने मुझे अलग-अलग बातें बताईं। लेकिन कुछ तो गड़बड़ है क्योंकि हर बार ऐसा होता है। जहां भी विनीसियस खेला, वहां हमेशा कुछ न कुछ हुआ।